3 राजधानी
बीटिंग दि रिट्रीट सेरेमनी में शामिल हुईं राज्यपाल

6 अभिमत
तकनीक से न्याय व्यवस्था में तेजी

10 विदेश
कर हेराफेरी विवाद में सुनक ने पार्टी अध्यक्ष को बर्खास्त किया

11 राष्ट्रीय
मिराज का पूरा फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर मिला

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 101
लखनऊ, सोमवार, 30 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीता
स्पोर्ट्स-12

# ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री की गोली मारकर हत्या

- एएसआई गिरफ्तार, गंभीर गंभीर हालत में एयरलिफ्ट कर भुवनेश्वर ले जाया गया था, लेकिन नहीं बची जान
- आरोपी पिछले सातआठ साल से है मानसिक रूप से बीमार
- प्रधानमंत्री और ओडिशा के मुख्यमंत्री ने निधन पर जताया शोक

**पायनियर समाचार सेवा।** भुवनेश्वर



नब किशोर दास (इनसेट) के परिजन को सांत्वना देते ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक

**ओडिशा** के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री नब किशोर दास की रविवार को गोली लगने से मौत हो गई। इससे पहले दिन में एक पुलिस अधिकारी ने झारसुगड़ा जिले में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री दास को कथित तौर पर गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

दास को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जबकि पुलिस अधिकारी को हिरासत में ले लिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी पुलिस अधिकारी पिछले सात-आठ सालों से मानसिक बीमारी से जूझ रहा है। मंत्री को एयर एम्बुलेंस द्वारा भुवनेश्वर ले जाया गया और वहां अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की एक टीम ने उनका ऑपरेशन किया। अस्पताल ने एक बयान में कहा, ऑपरेशन के बाद पता चला कि एक गोली उनके शरीर में घुसकर बाहर निकल गई थी, जिसके कारण उनका दिल और बायां फेफड़ा क्षतिग्रस्त हो गया तथा बड़ी मात्रा में अंदरुनी रक्तस्राव हुआ। बयान के अनुसार, जख्मों का उपचार किया गया और हृदय की गति में सुधार के लिए कदम उठाए गए।

गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में उनका उपचार किया गया। लेकिन, तमाम प्रयासों के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका और उन्होंने दम तोड़ दिया। रिपोर्ट के मुताबिक दास को बाएं तरफ सीने में गोली लगी, जबकि उनकी सुरक्षा में तैनात एक पुलिसकर्मी भी फायरिंग के दौरान जख्मी हो गया। ब्रजराजनगर के एसडीपीओ गुप्तेश्वर भोई ने पत्रकारों को बताया 'सहायक पुलिस उपनिरीक्षक (एएसआई) गोपाल दास ने मंत्री पर फायर कर दिया, जिसमें मत्री जख्मी हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया।' यह पता लगाने के लिए एएसआई ने किन वजहों से फायरिंग की, एक जांच शुरू की गई है। घटना से संबंधित एक वीडियो फुटेज में देखा जा सकता है कि दास के सीने से रक्तस्राव हो रहा है। कुछ लोग घायल मंत्री को उठाएं हुए है तथा ऐसा लग रहा है कि बेहोशी की हालत में हैं। उन्हें कार की अगली सीट पर बैठाया जाता है तथा उन्हें झारसागुजा जिला मुख्या लय अस्पताल ले जाया गया।

# विश्व को नई प्रेरणा दे रहा भारत का ध्येय वाक्य वसुधैव कुटुम्बकमः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि भारत का ध्येय वाक्य वसुधैव कुटुम्बकम दुनिया को नई प्रेरणा प्रदान कर रहा है। पांच कालिदास मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास पर मुख्यमंत्री ने जेन नेक्स्ट डेमोक्रेसी नेटवर्क प्रोग्राम में सम्मिलित होने वाले प्रतिभागियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा, दुनिया के यंग लीडर्स लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को दोहराते हुए मिलकर काम करेंगे तो ना केवल अपने देश, बल्कि दुनिया में मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर पाएंगे।

उन्होंने कहा कि भारत के प्राचीन ध्येय वाक्य वसुधैव कुटुम्बकम के साथ दुनिया के सभी देश मिलकर काम कर रहे हैं तो स्वाभाविक रूप से दुनिया के इन देशों ने लोकतंत्र को किसी न किसी रूप में अंगीकार किया है जो दुनिया को एक नई प्रेरणा प्रदान कर रहा है। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अर्जेंटीना, बोत्सवाना, कनाडा, हंगरी, इंडोनेशिया, जापान और लिथुआनिया से आए हुए युवा नेताओं का उत्तर प्रदेश सरकार और नागरिकों की ओर से अभिनंदन किया। संबोधन की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, हमारा देश वर्तमान में अपनी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और लोकतंत्र की जड़ें भारत के अंदर गहराई से जुड़ी हुई हैं। यह प्राचीन काल से ही लोकतंत्र की जननी है। उन्होंने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि लोकतंत्र की जननी के इस सबसे बड़े राज्य में आप सबका आगमन हुआ है। भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक व्यवस्था का प्रतिनिधित्व करने वाला यह राज्य कई मायनों में महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा, मुझे प्रसन्नता है कि जापान के यंग लीडर्स भी यहां आए हुए हैं। जापान की स्मृतियां भारत से जुड़ी हुई हैं, क्योंकि भगवान बुद्ध के ज्ञान प्राप्ति की भूमि हो या उनके सिद्धि प्राप्ति की भूमि हो, उनके महापरिनिर्वाण स्थली हो या उनकी पावन धरा के रूप में भारत और उसमें उत्तर प्रदेश की धरती महत्वपूर्ण भूमिका रखती है। इंडोनेशिया के साथ भारत और उत्तर प्रदेश के संबंधों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, इंडोनेशिया की रामलीला दुनिया में प्रसिद्ध है।

मैं प्रतिवर्ष इंडोनेशिया की रामलीला को यहां भगवान राम की जन्मभूमि में आमंत्रित करता हूं और मुझे खुशी होती है कि इंडोनेशिया से आई रामलीला पूरे उत्तर प्रदेश वासियों को मोह लेती है। मुख्यमंत्री ने कहा, आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में यह हम सबके लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि भारत प्राचीन काल से ही जिन मूल्यों, आदर्शों और सिद्धांतों के लिए जाना जाता है, वसुधैव कुटुम्बकम की उस भावना को ध्यान में रखते हुए आज जी-20 देशों की अध्यक्षता का अवसर भी भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्राप्त हुआ है। योगी ने कहा कि जी-20 सम्मेलन आने वाले समय में दुनिया में भारत के प्राचीन ध्एय वाक्य वसुधैव कुटुम्बकम के भाव को आगे बढ़ाने में मदगार साबित होगा मुझे विश्वास है कि दुनिया के सभी प्रतिष्ठित देशों के यंग लीडर्स लोकतंत्र की इस भावना को आगे बढ़ाने में सफल होंगे। बयान के अनुसार, जेन नेक्स्ट डेमोक्रेसी नेटवर्क नामक एक नई पहल के रूप में भारत 22 से 31 जनवरी, 2023 तक युवा नेताओं के 7वें बैच की मेजबानी कर रहा है।

इस कार्यक्रम की योजना भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर), भारत के विदेश मंत्रालय द्वारा बनाई गई है। इसके तहत वैश्विक मंचों के युवा उभरते नेता भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं, इसकी सांस्कृतिक विरासत, इसकी विकासात्मक पहलों और संघ और राज्य स्तर पर भारतीय लोकतांत्रिक परंपराओं का व्यापक अवलोकन करने के लिए भारत का दौरा करेंगे। कार्यक्रम को विभिन्न समूहों में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रत्एक समूह में प्रत्येक देश के दो से पांच प्रतिनिधियों के साथ लगभग सात से आठ देश शामिल हैं। आईसीसीआर ने अब तक 31 देशों के जेन-नेक्स्ट डेमोक्रेसी नेटवर्क प्रोग्राम प्रतिनिधियों के छह बैचों की मेजबानी की थी। ये यात्राएं बहुत सफल रहीं और समूहों ने संसद सहित कई जगहों पर बैठकें कीं।

# प्रधानमंत्री ने मंत्रियों से मध्यम वर्ग तक पहुंच बनाने को कहा

- केंद्रीय बजट से पहले प्रधानमंत्री ने कैबिनेट की बैठक की अध्यक्षता की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को केंद्रीय मंत्रियों से कहा कि वे उन योजनाओं के विवरण के साथ मध्यम वर्ग तक पहुंच बनाएं, जिनसे उन्हें लाभ हुआ है।

सूत्रों ने कहा कि संसद में एक फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करने से पहले यहां केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मोदी ने कहा कि जहां सरकारी योजनाओं से गरीबों और वंचितों को लाभ हुआ है, वहीं मध्यम वर्ग के लिए भी कई पहल शुरू की गई हैं जिन्होंने उनका जीवन सुगम बनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्री उन पहलों के विवरण के साथ मध्यम वर्ग तक पहुंच बनाएं, जिनसे उन्हें विभिन्न तरीकों से मदद मिली है। बैठक के दौरान दी गई प्रस्तुतियों की हार्ड कॉपी मंत्रियों को संदेश लोगों तक पहुंचाने के लिए दी गई। यह 2023 में हुई केंद्रीय मंत्रिपरिषद की पहली बैठक थी।

सूत्रों ने कहा कि ऐसे में जब भारत ने अपनी आजादी के 75 साल पूरे किए हैं, प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि जो चीजें और कानून ब्रिटिश राज की याद दिलाते हैं, उन्हें समाप्त कर दिया जाए। इस दौरान तीन प्रस्तुतियां दी गईं जिसमें मोदी सरकार द्वारा सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्रों सहित समग्र कार्यों को लेकर कैबिनेट सचिव राजीव गौबा द्वारा दी गई एक प्रस्तुति भी शामिल है। गौबा की विस्तृत प्रस्तुति में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र पर जोर दिया गया। कैबिनेट सचिव ने कहा कि भारत के दूर-दराज के इलाकों में कई आईआईटी, आईआईएम और आईआईएस खोले गए हैं।

उनकी प्रस्तुति के अनुसार, शिक्षा के सभी स्तरों – प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा में छात्रों के नामांकन और उनके पढ़ाई जारी रखने में वृद्धि हुई है। उन्होंने बैठक में बताया कि मानव और अन्य संसाधनों के मामले में सरकारी स्कूल के बुनियादी ढांचे में काफी बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि स्नातक और स्नातकोत्तर सीटों की संख्या बढ़ी है, जिससे छात्रों को लाभ हुआ है। उद्योग संवर्धन विभाग और आंतरिक व्यापार सचिव अनुराग जैन ने सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न परियोजनाओं की स्थिति पर एक प्रस्तुति दी। सूत्रों ने कहा कि उन्होंने पूरी की गई परियोजनाओं की संख्या और शेष की स्थिति का विवरण भी दिया।

# बजट सत्र में कई मुद्दों पर सरकार को घेरेगा विपक्ष

**भाषा।** नई दिल्ली

**संसद** के 31 जनवरी से शुरू हो रहे बजट सत्र में सरकार की नजर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और वित्त वर्ष 2023-24 के आम बजट आदि पर सुचारू रूप से चर्चा कराने पर रहेगी लेकिन महंगाई, रोजगार, चीन के साथ सीमा विवाद, अर्थव्यवस्था, सेंसरशिप सहित अन्य मुद्दों पर विपक्ष के हमलावर रुख को देखते हुए बजट सत्र के हंगामेदार होने की पूरी संभावना व्यक्त की जा रही है।

ऐसे में सरकार ने बजट सत्र से पहले विभिन्न विषयों पर आम राय बनाने के लिए 30 जनवरी को राजनीतिक दलों के सदन के नेताओं की सर्वदलीय बैठक बुलाई है। सूत्रों ने बताया, यह बैठक संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी द्वारा संसदीय ग्रंथालय भवन में 30 जनवरी को बुलाई गई है। कांग्रेस चीन के मुद्दे पर चर्चा चाहती है तो वहीं तृणमूल कांग्रेस, वामदलों, आरएसपी सहित कई विपक्षी दलों ने संसद सत्र के दौरान महंगाई, बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दों, केंद्र-राज्य संबंध आदि पर सरकार को घेरने का इरादा जताया है। तृणमूल कांग्रेस ने सत्र के दौरान केंद्र राज्य संबंध, बीबीसी के विवादास्पद वृतचित्र की पृष्ठभूमि में सेंसरशिप का मुद्दा उठाने पर जोर दिया है।

इस बारे में पूछे जाने पर संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने भाषा से कहा, बजट सत्र के पहले हिस्से में राष्ट्रपति का अभिभाषण और उनके अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। आम बजट पेश किया जाएगा। यह काफी महत्वपूर्ण सत्र है, हम सभी दलों का सहयोग चाहते हैं। विपक्ष द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दों के संबंध में उन्होंने कहा कि विपक्ष के मुद्दों पर कार्य मंत्रणा समिति में चर्चा होती है और नियमों के अनुसार उन्हें लिया जाता है। संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। इस दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी। 31 जनवरी को ही सरकार आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेगी।

# सपा ने शिवपाल यादव और स्वामी प्रसाद मौर्य को महासचिव बनाया

- पार्टी ने 62 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी का किया ऐलान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ





**समाजवादी** पार्टी ने रविवार को अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की है जिसमें अखिलेश यादव को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रोफेसर राम गोपाल यादव को प्रमुख महासचिव बनाने के साथ ही मोहम्मद आजम खान, शिवपाल सिंह यादव और स्वामी प्रसाद मौर्य को महासचिव बनाया गया है। स्वामी प्रसाद मौर्य को महासचिव बनाए जाने पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी समेत राजनीतिक दलों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सपा के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से पार्टी के 62 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सूची साझा की गई है। सूची के अनुसार, अखिलेश यादव को फिर से राष्ट्रीय अध्यक्ष, किरणमय नंदा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राम गोपाल यादव को राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव बनाया गया है। इसके अलावा मोहम्मद आजम खान, शिवपाल सिंह यादव, स्वामी प्रसाद मौर्य, रवि प्रकाश वर्मा, बलराम यादव सहित 14 राष्ट्रीय महासचिव होंगे। सुदीप रंजन सेन पार्टी के कोषाध्यक्ष होंगे, जबकि सदस्यों के अलावा 19 राष्ट्रीय सचिव होंगे। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद शिवपाल सिंह यादव ने पिछले साल के आखिरी महीने में मैनपुरी में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव के लिए जमकर चुनाव प्रचार किया और चुनाव में सपा की भारी जीत के बाद उन्होंने पार्टी का झंडा थाम लिया। उन्होंने 2018 में अपनी अलग प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) का गठन किया और 2019 का लोकसभा चुनाव लड़े। हालांकि 2022 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव से नजदीकी होने के बाद शिवपाल ने सपा के ही निशान पर विधानसभा चुनाव लड़ा, लेकिन जसवंत नगर से विधायक बनने के बाद फिर से अखिलेश यादव से उनकी दूरी हो गई थी। मुलायम सिंह के छोटे भाई शिवपाल सिंह यादव और अखिलेश यादव के बीच की दूरी मैनपुरी उपचुनाव में चौथी बार खत्म हुई और तबसे चाचा-भतीजा के रिश्ते मजबूत हुए हैं। सपा की कार्यकारिणी में रामचरित मानस पर विवादित बयान देने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य को भी राष्ट्रीय महासचिव के रूप में महत्व मिला है।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,330 | |
| निफ्टी | 17,604 | |
| सोना | 56,842 | /10g |
| चांदी | 68,874 | /kg |

## क्विक न्यूज

### श्रीनगर के लाल चौक पर तिरंगा फहरा राहुल ने किया यात्रा का समापन

**नई दिल्ली/श्रीनगर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक पर तिरंगा फहरा कर 3,500 किमी चलने वाले भारत जोड़ो यात्रा का समापन किया। लाल चौक पर संक्षिप्त समारोह में भाग लेने के बाद राहुल ने अपनी टाइम लाइन पर ट्विट किया 'लाल चौक पर तिरंगा फहराकर भारत से किया गया वादा पूरा किया। नफरत हारेगी और प्यार हमेशा जीतेगा। भारत में उम्मीदों के एक नए सूरज का उदय होगा।' करीब 75 साल पहले उनके परनाना जवाहर लाल नेहरू ने पहली बार लाल चौक पर तिरंगा फहराया था। पहले योजना थी कि राहुल श्रीनगर स्थित कांग्रेस कार्यालय पर तिरंगा फहराएंगे।

# भारत ने न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराया

- 99 रन का लक्ष्य चार विकेट खोकर पाया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**स्पिनरों** की फिरकी के जादू से भारत ने रविवार को इकाना स्टेडियम में कम स्कोर वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। न्यूजीलैंड के 100 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने सूर्यकुमार यादव (31 गेंद में नाबाद 26, एक चौका) की मैच की सर्वश्रेष्ठ पारी और कप्तान हार्दिक पंड्या (20 गेंद में नाबाद 15, एक चौका) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 31 रन की अटूट साझेदारी से 19.5 ओवर में चार विकेट पर 101 रन बनाकर जीत दर्ज की।

सूर्यकुमार मैच में 20 रन के आंकड़े को छूने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे। गेंदबाजों के दबदबे


भारत के कप्तान हार्दिक पंड्या से मिलते मुख्यमंत्री योगी आदित्नाथ

का अंदाजा इस बात से लगता है कि भारतीय सरजमीं पर पहली बार किसी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान कोई छक्का नहीं लगा। पूरे मैच में सिर्फ 14 चौके लगे जिसमें से आठ भारतीय बल्लेबाजों ने जबकि छह न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने लगाए। मैच में स्पिनरों ने 30 ओवर डाले जो इस प्रारूप में नया विश्व रिकॉर्ड है। भारतीय स्पिनरों युजवेंद्र चहल (चार रन पर एक विकेट), दीपक हुड्डा (17 रन पर एक विकेट), वाशिंगटन सुंदर (17 रन पर एक विकेट) और कुलदीप यादव (17 रन पर एक विकेट) ने मिलकर 13 ओवर में 55 रन पर चार विकेट चटकाए जिससे न्यूजीलैंड की टीम आठ विकेट पर 99 रन ही बना सकी जो इस प्रारूप में टीम इंडिया के खिलाफ उसका सबसे कम स्कोर है। अर्शदीप सिंह (सात रन पर दो विकेट) ने भी दो विकेट चटकाए। (संबंधित समाचार पेज 12)

# बेटियों ने विश्वकप जीतकर रचा इतिहास

- फाइनल में भारत ने इंग्लैंड को हराया

**भाषा।** पोटचेफ्सट्रूम

**तेज** गेंदबाज टिटास साधु के साथ स्पिनर अर्चना देवी और पार्श्वी चोपड़ा की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारतीय महिला टीम ने पहले आईसीसी अंडर-19 टी20 विश्व कप के फाइनल में रविवार को यहां इंग्लैंड को 36 गेंद बाकी रहते सात विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया।

इस जीत के साथ ही महिला टीम ने किसी भी स्तर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के वैश्विक खिताब के सूखे को खत्म किया। सीनियर टीम सभी प्रारूपों में तीन मौकों पर विश्व कप के फाइनल में पहुंची है लेकिन हर बार खिताब से दूर रह गई थी। भारत ने इंग्लैंड की पारी को 17.1 ओवर में महज 68 रन पर समेटने के बाद 14 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल

अंडर-19 महिला क्रिकेट



कर शनिवार को अपना 19वां जन्मदिन मनाने वाली कप्तान शेफाली वर्मा को शानदार तोहफा दिया।

भारत के लिए सौम्या तिवारी और जी तृषा ने 24-24 रन की पारी खेली दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 46 रन की साझेदारी कर टीम की जीत सुनिश्चित की। टिटास भारत की सफल गेंदबाज रही। उन्होंने चार ओवर में छह रन देकर दो विकेट चटकाए। अर्चना देवी (तीन ओवर में 17 रन) और पार्श्वी चोपड़ा (चार ओवर में 13 रन) ने भी दो-दो विकेट लिए। मन्नत कश्यप (13 रन पर एक विकेट), कप्तान शेफाली वर्मा (16 रन पर एक विकेट) और सोनम यादव (तीन रन पर एक विकेट) भी विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों में शामिल रहे। लक्ष्य का पीछा करते हुए शेफाली ने पहली ही गेंद पर हैना बेकर के खिलाफ चौका लगाने के बाद दूसरे ओवर में सोफिया स्मेल के खिलाफ छक्का जड़ा। वह हालांकि एक बार फिर बड़ी पारी खेलने में नाकाम रही और तीसरे ओवर की पहली गेंद पर बेकर का शिकार बना गई। उन्होने 11 गेंद में 15 रन बनाए। अगले ओवर में ग्रेस स्क्रिवेंस ने शानदार लय में चल रही सलामी बल्लेबाज श्वेता सहरावत (पांच रन) को बेकर के हाथों कैच कराया। दोनों सलामी बल्लेबाजों का विकेट गंवाने के बाद सौम्या तिवारी और जी तृषा ने संभल कर बल्लेबाजी की और बीच-बीच में चौके लगाए। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने हालांकि उन्हें तेजी से रन बनाने का मौका नहीं दिया। 10 ओवर के बाद भारत का स्कोर दो विकेट पर 48 रन था। अब तक संभल कर खेल रही तृषा ने 12वें ओवर में एली एंडरसन के खिलाफ दो चौके जड़ दबाव को खत्म कर दिया। उन्होंने 13वें ओवर में स्टोनहाउज के खिलाफ चौका लगाया लेकिन जब टीम को जीत के लिए सिर्फ तीन रन चाहिए थे तब वह बोल्ड हो गई।

# गांवों में स्टेडियम व ओपेन जिम बनाकर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन दे रही सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को निखारनेए दक्षएऔर सक्षम बनाने के लिए ग्रामीण अंचल में खेलकूद का आधारभूत ढ़ाचा मजबूत करने के लिए मनरेगा योजनान्तर्गत ग्रामीण अंचल में खेल मैदान बनाये जा रहे हैं। गांवों में स्टेडियम व ओपेन जिम बनाकर खेल प्रतिभाओं को सरकार प्रोत्साहन दे रही है।युवा पीढ़ी गांवो के खेल मैदानों से निखर और संवर कर अपने गांव घर का नाम रोशन करेंगी और गांवों की खेल प्रतिभाएंए दुनिया में भारत का परचम लहरायेगीं।

मनरेगा योजनान्तर्गत स्टेडियमएओपेन जिम, खेल मैदान और पार्क गांवों में बनाये जा रहे हैं और इनका उपयोग भी किया जा रहा है। ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि खेलों के महत्व व महत्ता के दृष्टिगत मनरेगा के तहत लक्ष्य से कहीं अधिक पार्कों व स्टेडियम का निर्माण कराया गया है और उम्मीद है कि वित्तीय वर्ष के अन्त तक लक्ष्य से दो गुना खेल मैदानों का निर्माण हो जायेगा। वर्तमान वर्ष 202223 के श्रम बजट में 5516 खेल मैदान बनाने का लक्ष्य से कहीं अधिक 8226 खेल मैदान का कार्य पूर्ण कर लिया गया है । विभिन्न विभागों के साथ अभिसरण के अंतर्गत मनरेगा खेल मैदानों को मनरेगा पार्क के रूप में भी विकसित किया जा रहा है, जिसमे बुजुर्गों के लिए घूमनेध्टहलने के साथ साथ बच्चों के मनोरंजन हेतु झूलों का एवं किशोरों हेतु ओपेन जिम का निर्माण भी कराया जा रहा है वर्ष 2018 से अब तक प्रदेश में 21168 खेल मैदान का निर्माण मनरेगा योजना अंतर्गत कराया गया है।

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने सपा प्रमुख पर कसा तंज

## ● अखिलेश यादव ने स्वामी प्रसाद मौर्य को राष्ट्रीय महासचिव बनाकर अपना मंतव्य साफ कर दिया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**श्रीरामचरितमानस** की एक चौपाई को लेकर टिप्पणी करने वाले पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मर्यि को सपा में राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मार्य ने अखिलेश यादव पर तंज कसा है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए रविवार को ट्वीट किया, मानसिक रूप से विक्षिप्त हो चुकी है समाजवादी पार्टी ने अपना हिंदू विरोधी चरित्र उजागर कर दिया है। श्रीरामचरितमानस को अपमानित करने वाले को सपा बहादुर अखिलेश यादव ने राष्ट्रीय महासचिव बनाकर खुद सपा के ताबूत में आखिरी कील ठोक दी है।

विनाशक काले विपरीत बुद्धि। भाजपा के प्रदेश सह संपर्क प्रमुख नवीन श्रीवास्तव ने रविवार को अपने ट्वीट में कहा, कोई कुछ भी कहे । उल्लेखनीय है कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने पिछले रविवार को एक बयान में श्रीरामचरितमानस की एक चौपाई का जिक्र करते हुए इसे महिलाओं तथा पिछड़ों के प्रति अपमानजनक करार दिया था और इस पर पाबंदी लगाने की मांग की थी। उनके इस बयान पर खासा विवाद उत्पन्न हो गया था। संत समाज और हिन्दूवादी संगठनों ने इसका कड़ा विरोध किया था। इस मामले में मौर्य के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज हुआ है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने डंके की चोट पर स्वामी प्रसाद मौर्य को श्रीरामचरितमानस के अपमान का ईनाम राष्ट्रीय महासचिव बनाकर, अपना मंतव्य साफ कर दिया है।

कांग्रेस नेता ललन कुमार ने कहा, अखिलेश यादव ने मौर्य को राष्ट्रीय महासचिव का पद दिया है। अब यह दिख रहा है कि मौर्य ने किसके निर्देश पर रामचरितमानस के खिलाफ दुर्भाग्यपूर्ण बयान दिया था।

## सपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में बसपा छोड़कर आए नेताओं को भी मिली अहम भूमिका

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से पार्टी के 62 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सूची साझा की है। सपा की इस राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जहां शिवपाल को राष्ट्रीय महासचिव बना कर किनारे कर दिया गया वहीं रामचरितमानस पर टिप्पणी करने वाले पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मार्य का सपा ने और अधिक कद बढ़ाते हुए पार्टी में राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया। इतना ही नही 2022 के चुनाव से पहले बहुजन समाज पार्टी छोड़कर सपा में शामिल होने वाले पूर्व मंत्री लालजी वर्मा और राम अचल राजभर को भी राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। पार्ञी ने अखिलेश यादव को राष्ट्रीय अध्यक्ष, किरणमय नंदा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राम गोपाल यादव को राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव एवं बनाया गया है। इसके अलावा मोहम्मद आजम खान, शिवपाल सिंह यादव और स्वामी प्रसाद मौर्य सहित 14 राष्ट्रीय महासचिव बनाए गए। इसके अलावा विशंभर प्रसाद निषाद, अवधेश प्रसाद, इंद्रजीत सरोज, रामजीलाल सुमन, जो एंटोनी, हरेंद्र मलिक और नीरज चौधरी को भी राष्ट्रीय महासचिव का दायित्व सौंपा गया है। डॉक्टर मधु गुप्ता, कमाल अख्तर, दयाराम पाल, राजेंद्र चौधरी, राजीव राय, राम बख्श वर्मा, अभिषेक मिश्रा, जावेद आब्दी, रमेश प्रजापति, पीएन चौहान, आकिल मुर्तजा, अखिलेश कटियार, रामआसरे विश्वकर्मा, तारकेश्वर मिश्रा, हाजी इरफान अंसारी, रामराज पाल, त्रिभुवन दत्त, राममूर्ति वर्मा और वीरपाल यादव को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। विशेष रूप से जया बच्चन, राम गोविंद चौधरी, अबू आसिम आजमी और लीलावती कुशवाहा जैसे नेताओं को भी कार्यकारिणी में जगह दी गई। इस 62 सदर्स्ईय कार्यकारिणी में अल्ताफ अंसारी, किसान सिंह सैंथवार, व्यास जी गौड़ और मौलाना इकबाल कादरी को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है।

# आज विधान परिषद के पांच निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य निर्वाचन अधिकारी रत्नेश सिंह ने बताया कि विधान परिषद के 3 खण्ड स्नातक यथा गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड स्नातक, कानपुर खण्ड स्नातक एवं बरेली- मुरादाबाद खण्ड स्नातक तथा 2 खण्ड शिक्षक यथा. इलाहाबाद-झांसी खण्ड शिक्षक एवं कानुपर खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन 2023 के लिए सोमवार 30 जनवरी को मतदान होगा। उन्होने बताया कि निर्वाचन गोरखपुर . फैजाबाद खण्ड स्नातक से निर्वाचित सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह, कानपुर खण्ड स्नातक से निर्वाचित सदस्य अरूण पाठक, बरेली-मुरादाबाद खण्ड स्नातक से निर्वाचित सदस्य डॉ. जय पाल सिंह व्यस्त तथा इलाहाबाद . झांसी खण्ड शिक्षक से निर्वाचित सदस्य श्री सुरेश कुमार त्रिपाठी एवं कानपुर खण्ड शिक्षक से निर्वाचित सदस्य राजबहादुर सिंह चन्देल का कार्यकाल 12 फरवरी 2023 को समाप्त होने के कारण हो रहा है । सिंह ने बताया कि मतदान प्रात: 8 बजे से शुरू होकर सायं 4 बजे तक चलेगा उक्त निर्वाचन हेतु प्रदेश के 39 जिलों प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, जालौन, झांसी, ललितपुर कानपुर नगर कानपुर देहात उन्नाव, बरेली, पीलीभीत, शाहजहाँपुर, बदाॅयू, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर, सम्भल, बहराइच, श्रावस्ती, गोण्डा, बलरामपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, सन्त कबीर नगर, गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया, कुशीनगर, आजमगढ़, मऊ, सुल्तानपुर, अयोध्या, अमेठी तथा अम्बेडकरनगर में मतदान होगा। सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मण्डलायुक्त, बरेली, झांसी, गोरखपुर एवं कानपुर उक्त निर्वाचन हेतु रिटर्निंग ऑफिसर तथा उक्त मण्डल के अपर आयुक्त, प्रशासन के अतिरिक्त 39 जनपदों के जिलाधिकारीए सहायक रिटर्निंग आफिसर अधिसूचित हैं। 03 खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 6ण्32 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगेए जिनमें 3ण्93 लाख पुरूष एवं 2.39 लाख महिला मतदाता है। 03 खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 826 मतदेय स्थल बनाये गये है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 02 खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों कुल 53.92 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगेए जिनमें 35.05 हजार पुरूष एवं 18.87 हजार महिला मतदाता है। 02 खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 238 मतदेय स्थल बनाये गये है। 03 खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 44 प्रत्याशी तथा 02 खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 19 प्रत्याशी अर्थात् 05 निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 63 प्रत्याशी मैदान में हैं। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग द्वारा प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में एक.एक प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं। उक्त के अतिरिक्त 594 सेक्टर मजिस्ट्रेटए 234 जोनल मजिस्ट्रेट भी तैनात किये गये हैं। सभी मतदेय स्थलों पर शत प्रतिशत माइक्रो ऑब्जर्वर एवं वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गयी है। उन्होने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए 458 भारी वाहनए 1321 हल्के वाहन तथा 4,941 मतदान कार्मिक लगाये गये हैं उक्त निर्वाचन में मतदाताओं द्वारा अपने मत का प्रयोग पीठासीन अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराये गये बैगनी रंग के पेन से किया जायेगा। उक्त निर्वाचन मतपत्रों के आधार पर होता है एवं मतदाताओं द्वारा अभ्यर्थी के नाम के सामने अधिमान का क्रम अंकों में अंकित किया जाता है । मतदान पार्टियां 39 जनपदों से 29 जनवरीए 2023 को अपने.अपने मतदेय स्थलों के लिए रवाना होंगी।

श्री सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में मतदाता पहचान पत्र के अतिरिक्त 10 अन्य पहचान पत्र ;यथा . आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्डय भारतीय पासपोर्ट, राज्यध्केन्द्र सरकारए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय या अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये सेवा पहचान पत्रय सांसदों, विधायको,् पार्षदों को जारी किये गए सरकारी पहचान.पत्रय शैक्षिक संस्थाओए जिनमें सम्बन्धित शिक्षक, तक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नियोजित होए द्वारा जारी सेवा पहचान.पत्रय विश्वविद्यालय द्वारा जारी डिग्री, डिप्लोमा का मूल प्रमाण.पत्रय सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता सम्बन्धी मूल प्रमाण.पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी काड,ए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालयए भारत सरकार मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की पहचान किये जाने हेतु मान्य होंगे। उक्त निर्वाचन को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध किये गये हैं। निर्वाचन की मतगणना 02 फरवरी 2023 को प्रात: 8 बजे से प्रारम्भ होगी। मतगणना बरेलीए झांसीए गोरखपुर एवं कानपुर में होगी।



सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर जेन नेक्स्ट डेमोक्रेसी नेटवर्क प्रोग्राम के तहत 7 देशों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

# परिवहन निगम की बसों की रात्रि सेवाएं व ऑनलाइन टिकटों की बुकिंग पुनः बहाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**परिवहन** मंत्री दयाशंकर सिंह ने परिवहन निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौसम की स्थिति को देखते हुए ऑनलाइन टिकटों की बुकिंग एवं रात्रि सेवाओ की व्यवस्था पुन: बहाल किया जाए। उन्होंने कहा कि अब मौसम में सुधार रह रहा है । यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन बुकिंग जरूरी है।

ज्ञातव्य हो कि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ;यूपीएसआरटीसीद्ध ने कोहरे के कारण 15 दिसम्बर 2022 से रोडवेज बसों के लिए रात्रिकालीन सेवाओं की ऑनलाइन बुकिंग निलंबित कर दी थी। मौसम की स्थिति में अब सुधार को देखते हुए यूपीएसआरटीसी के प्रबंध निदेशक श्री संजय कुमार ने परिवहन मंत्री से रात्रि सेवा की बसों का संचालन एवं टिकटो की ऑनलाइन बुकिंग शुरू करने के लिए मार्गदर्शन लेते हुएएउनके निर्देशों के अनुपालन में रात्रि सेवा जिन्हें पहले कोहरे की स्थिति के कारण रोक दिया गया थाृ जिसे अब बहाल कर दिया है एवं उन सभी रात्रिकालीन सेवाओं के लिए ऑनलाइन बुकिंग अब प्रारम्भ कर दी गई है। श्री सिंह ने बताया कि कोहरे के कारण हो रही दुघर्टनाओ के दृष्टिगत रात मे बसो का संचालन नियंत्रित कर दिया गया था।

उन्होंने बताया कि जान माल की क्षति को बचाया जा सकेए इसलिए रात्रिकालीन सेवाओं को 1 माह के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया गया थाएपरंतु अब मौसम ठीक हो जाने के कारण इसकी आवश्यकता नही है।

# प्रादेशिक फल, शाकभाजी व पुष्प प्रदर्शनी 17 फरवरी से

**लखनऊ।** निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण डा. आरके तोमर ने बताया कि गत वर्षों की भाँति प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी 2023 का आयोजन 17, 18 व 19 फरवरी 2023 को राजभवन प्रांगणए लखनऊ में किया जायेगा।

प्रदर्शनी में प्रदेश में स्थित व्यक्तिगत बंगलों के उद्यान, गृहवाटिकाओं, कार्यालयों, शिक्षा संस्थाओं तथा पब्लिक पार्क आदि के उद्यान एवं प्राचीनध्ऐतिहासिक स्थल के उद्यानों के विभिन्न वर्गों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता की प्रविष्टियों का ऑनलाइनध्आफ लाइन पंजीकरण 16 जनवरी 2023 से किया जा रहा है। पंजीकरण की अन्तिम तिथि 02 फरवरी 2023 निर्धारित है। उन्होने बताया कि इच्छुक उद्यान तथा गृहवाटिका प्रेमियों से अपेक्षा की गयी है कि प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रविष्टियों के लिए अधिकाधिक संख्या में 02 फरवरी 2023 को सायं पांच बजे तक कार्यालय अधीक्षकए राजकीय उद्यानए आलमबागए लखनऊ में पंजीकरण आनलाइन, आफलाइन पर कराया जा सकता है। पंजीकृत उद्यानों तथा गृहवाटिकाओं के विभिन्न वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता की जजिंग 04 व 05 फरवरीए 2023 को निर्णायक टोलियों द्वारा की जायेगी।

# भाजपा को धन्यवाद दें राहुल गांधी : बृजेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कश्मीर में राहुल गांधी द्वारा लाल चौक पर तिरंगा फहराने के मामले में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा है कि आज कांग्रेस को भी भाजपा पर गर्व हो रहा होगा। अपने शासनकाल के दौरान राहुल गांधी को लाल चौक पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का कभी भी सौभाग्य प्राप्त नहीं हुआ।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में रविवार को जम्मू.कश्मीर में कानून का राज है। धारा 370 हटाने के निर्णय से जम्मू-कश्मीर के लोगों को मौलिक अधिकार प्राप्त हुए हैं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने शासनकाल के दौरान राहुल गांधी को कभी भी लाल चौक पर तिरंगा फहराने का मौका नहीं मिला। उन्हें भाजपा सरकार को धन्यवाद कहना चाहिए। दस वर्ष तक यूपी में कांग्रेस का शासन रहाए तो विकास का पहिया थमा रहा। भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों से आज आमजन को लाभ मिल रहा है।

# मुगल गार्डन का नाम बदलने से क्या ज्वलंत समस्याएं दूर होंगी : मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राष्ट्रपति** भवन के प्रसिद्ध मुगल गार्डन का नाम बदलकर अमृत उद्यान किए जाने के एक दिन बाद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को सवाल उठाया कि नाम बदलने से क्या देश के करोड़ों लोगों की दिन-प्रतिदिन की ज्वलंत समस्याएं दूर हो जाएंगी।

बसपा प्रमुख ने रविवार सुबह ट्वीट किया, कुछ मुट्ठी भर लोगों को छोड़कर देश की समस्त जनता जबरदस्त महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी जैसी समस्याओं से त्रस्त है, जिनके निदान पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय धर्मांतरण, नामांतरण, बायकाट और नफरती भाषणों के जरिए लोगों का ध्यान बांटने का प्रयास घोर अनुचित व अत्यंत दु:खद है। उन्होंने आगे लिखा, ताज़ा घटनाक्रम में राष्ट्रपति भवन के मशहूर मुगल गार्डन का नाम बदलने से क्या देश और यहां के करोड़ों लोगों की दिन-प्रतिदिन की ज्वलंत समस्याएं दूर हो जाएंगी। वरना फिर आम जनता इसे भी सरकार द्वारा अपनी कमियों और विफलताओं पर पर्दा डालने का प्रयास ही मानेगी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति भवन का प्रसिद्ध मुगल गार्डन अब अमृत उद्यान के नाम से जाना जाएगा। यह उद्यान साल में एक बार जनता के लिए खुलता है। लोग इस साल 31 जनवरी से इस उद्यान की यात्रा का लुत्फ उठा सकेंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को राष्ट्रपति भवन उद्यान उत्सव 2023 का उद्घाटन करेंगी।

राष्ट्रपति की उप प्रेस सचिव नविका गुप्ता ने एक बयान में कहा, आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन उद्यान को अमृत उद्यान के रूप में समान नाम देकर प्रसन्न हैं।

# बेटियों की सुरक्षा व संरक्षा के लिए आरोहिणी इनीशिएटिव प्रशिक्षण एक फरवरी से

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार राज्य के सभी 746 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में बेटियों की सुरक्षा और संरक्षा के लिए आरोहिणी इनीशिएटिव प्रशिक्षण की शुरुआत करने जा रही है जिसके तहत वंचित वर्ग की बेटियों में उनके जीवन में होने वाली घटनाओं की समझ पैदा करने के साथ ही अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने के लिए सक्षम बनाने का प्रयास किया जाएगा। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

बयान के अनुसार, बेटियों को सक्षम बनाने के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की पूर्णकालिक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो न सिर्फ बेटियों को शिक्षित करेंगी बल्कि उनके लिए मददगार भी होंगी। शिक्षकों का प्रशिक्षण एक फरवरी से लखनऊ में शुरू होगा।

बयान में महानिदेशक (स्कूल शिक्षा) विजय किरण आनंद ने बताया, आरोहिणी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जेंडर सेंसटाइजेशन (लैंगिक संवेदनशीलता पैदा करना) है जो कि तीन चरणों में होगा। इसके तहत पहले शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए एक फरवरी से हर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की दो शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके बाद ए शिक्षक विद्यालय की छात्राओं को शिक्षित करेंगी। शिक्षकों के साथ-साथ ए संस्था भी बेटियों को डिबेट एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से प्रोत्साहित करेगी। तीसरा, समुदाय के स्तर पर काम होगा। इसमें लोगों में लैंगिक संवेदनशीलता बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

## ● आरोहिणी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जेंडर सेंसटाइजेशनः विजय किरण आनंद

बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत पूरे प्रदेश में 746 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हैं, जिनमें से 56 को 12वीं कक्षा तक उच्चीकृत किया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी इस पूरे कार्यक्रम की समय-समय पर समीक्षा करेंगे।

स्टडी हॉल एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से इस कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहीं प्रियंका ने बताया, आरोहिणी जेंडर (लिंग) आधारित कार्यक्रम है। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में वंचित वर्ग की बेटियां पढ़ने आती हैं, जिनके परिवारों में लैंगिक भेद-भाव काफी ज्यादा होता है। इस कार्यक्रम के तहत हमारा उद्देश्य है कि हम बच्चियों को उनके जीवन के विषय में समझा पाएं और उन्हें उनकी लड़ाई के लिए खुद ही सशक्त बना सकें। एक फरवरी से शुरू हो रहे कार्यक्रम में चयनित शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

समग्र शिक्षा अभियान और एनजीओ के बीच जो एमओयू हुआ है उसके अनुसार, संस्था द्वारा समस्त 746 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों से दो पूर्णकालिक शिक्षकों (1492 शिक्षकों को वरीयता के आधार पर) को राज्य स्तरीय बालिका सुरक्षा एवं संरक्षण तथा सामुदायिक जागरूकता के मुद्दे पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

# नकलविहीन बोर्ड परीक्षाएं सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने राज्य में नकलविहीन बोर्ड परीक्षाएं सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देशों की एक सूची जारी की है, जिसमें कक्ष निरीक्षकों के मोबाइल, कैलकुलेटर या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का इस्तेमाल करने पर रोक शामिल है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा कि परीक्षा केंद्रों पर 50 फीसदी बाहरी कक्ष निरीक्षक तैनात किए जाएंगे और जिस विषय की परीक्षा होगी, उससे जुड़े शिक्षकों की ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी।

बयान के मुताबिक, बोर्ड परीक्षा के दौरान पुरुष कक्ष निरीक्षक किसी छात्रा की तलाशी नहीं ले सकेंगे। इसमें कहा गया है कि जिन केंद्रों पर लड़कियां परीक्षा देंगी, वहां महिला कक्ष निरीक्षकों की तैनाती की जाएगी।

## ● 40 से अधिक परीक्षार्थियो वाले परीक्षा कक्ष में तीन निरीक्षक तैनात किए जाएंगे

बयान के अनुसार, निहित स्वार्थ के लिए किसी भी शिक्षक या शिक्षिका को उसके अनुरोध पर किसी विशेष परीक्षा केंद्र पर तैनात नहीं किया जाएगा। इसमें कहा गया है कि परीक्षा केंद्रों पर कक्ष निरीक्षकों के मोबाइल, कैलकुलेटर या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का इस्तेमाल करने पर पाबंदी होगी।

बयान के मुताबिक, सभी दिशा-निर्देश नकलविहीन बोर्ड परीक्षाएं सुनिश्चित कराने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश के मद्देनजर तैयार किए गए हैं।

इसमें माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ला के हवाले से कहा गया है कि प्रत्एक परीक्षा कक्ष में दो निरीक्षक होंगे, जबकि 40 से अधिक परीक्षार्थियों वाले परीक्षा कक्ष में तीन निरीक्षक तैनात किए जाएंगे।

बयान के अनुसार, कक्ष निरीक्षकों को प्रश्नपत्रों की गोपनीयता और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखना होगा। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी परीक्षार्थी किसी भी नकल सामग्री, मोबाइल फोन, कैलकुलेटर या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लेकर परीक्षा कक्ष में प्रवेश न कर पाए।

बयान के मुताबिक, दिशा-निर्देशों में यह भी कहा गया है कि कक्ष निरीक्षक परीक्षा शुरू होने से पहले परीक्षा कक्ष का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करेंगे कि वहां परीक्षार्थियों को लाभ पहुंचाने वाली कोई पाठ्य सामग्री, पोस्टर, चार्ट या लिखित निर्देश मौजूद न हों।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मेरे नौसेना निवृति वेतन कार्यालय में मेरी पत्नी का नाम त्रुटिवश शशिबाला कुशवाहा (Sashibala Kushwaha) दर्ज है। जबकि मेरे समस्त अभिलेखों में मेरी पत्नी का नाम शशि बाला कुशवाहा (Shashi Bala Kushwaha) है। जो कि सही है। श्रीकान्त कुशवाहा, ग्राम व पोस्ट-करहिया, जिला- हमीरपुर, उत्तर प्रदेश

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

## गणतंत्र दिवस समापन समारोह पर आयोजित घुड़दौड़ व विंटेज कार रैली









# बीटिंग दि रिट्रीट सेरेमनी में शामिल हुईं राज्यपाल, सौंपा ध्वज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राज्यपाल आनंदीबेन** पटेल रविवार को पुलिस लाइन, लखनऊ में आयोजित गणतंत्र दिवस परिसमाप्ति समारोह (बीटिंग दि रिट्रीट) में शामिल हुईं। परिसमाप्ति समारोह के बाद राष्ट्रीय ध्वज को उतारकर राज्यपाल को सौपा गया, जिसे राज्यपाल ने पुलिस कमिश्नर एसबी शिरोडकर को सौंपा। राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस परेड में विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभाग करने वालों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विभागीय झाँकियों में प्रथम स्थान लखनऊ विकास प्राधिकरण, द्वितीय स्थान राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन उत्तर प्रदेश तथा तृतीय स्थान कृषि निदेशालय उत्तर प्रदेश को दिया गया। जबकि जनपद के विभिन्न विद्यालयों द्वारा प्रदर्शित झाकिंयों में प्रथम स्थान सिटी मान्टेसरी स्कूल, द्वितीय स्थान उप्र संस्कृत संस्थानम् तथा तृतीय स्थान लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एण्ड कालेजेज को दिया गया। समारोह में पीएसी एवं मिलिट्री के बैण्ड, पाइप्स एवं ड्रम्स बैण्ड द्वारा तेज चाल, धीमी चाल तथा देशभक्ति गीतों के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक डा देवेन्द्र सिंह चौहान, लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीगण के अलावा परेड में भाग लेने वाले स्कूलों के बच्चे एवं अन्य प्रतिभागी भी उपस्थित थे।



# जी 20 इन्वेस्टर्स समिट-2023 के स्वागत में शहर को तैयार करने में जुटा एलडीए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**रूस, अमेरिका, चीन** सहित विश्व के 50 अमीर देशों के स्वागत के लिए शहर को तैयार करने में एलडीए प्रशासन जुटा हुआ है। नये निर्माण कार्य, सड़क, रैलिंग और रंग बिरंगे पुष्पों के पौधे से खुशनुमा माहौल बनाया जा रहा है। एलडीए, पुराने शहर के लेकर विकसित क्षेत्रों में भी फुटपाथों, सड़क की नालियों और उनकी सफाई आदि में अपने सैकड़ों कर्मियों और दर्जनों अधिकारियों को तैनात कर रखा है। हेरिटेज जोन में दीवारों पर कलात्मक पेंटिंग करने के लिए कहा गया है, जिसमें विशेषज्ञ चित्रकारों और मूर्तिकारों को लगाया गया है। लक्ष्मण नगरी को बेहतर और सुव्यवस्थित करने के लिए ग्लोब पार्क जैसी कई पाकों का सौंदर्यीकरण तेजी से किया जा रहा है। यही नहीं जी 20 में आने वाले मेहमानों के स्वागत के लिए मेजबानों द्वारा शहीद पथ के दोनों और रंग बिरंगे पुष्पों की पूरी नयी प्रजाति लगायी जा रही है। साथ जी20, इंवेस्टर्स समिट के दौरान शहरी की सूरत बिगाड़ने वाले होर्डिंग, कूड़े के ढेर से निजात पाने के लिए एलडीए उपाध्यक्ष के निर्देश पर नोटिसें आदि जारी करके लोगों को जागरूकता के साथ दंडित भी किया जाएगा।

### घूमते ग्लोब के बगल में लगेगा जी-20 का 25 फुट लंबा लोगो



हजरतगंज स्थित जी.20 पार्क ;पुराना ग्लोब पार्क में लगा विशालकाय ग्लोब एक बार फिर गति पकड़ेगा। एलडीए द्वारा वर्षों से बंद पड़े इस ग्लोब की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। मशीन ठीक होते ही यह ग्लोब अपनी धुरी पर घूमने लगेगा और 24 घंटे के अंतराल में एक चक्कर पूरा करेगा। इतना ही नहीं प्राधिकरण द्वारा ग्लोब के बगल में जी.20 का थ्रीडी लोगो भी लगाया जा रहा हैए जोकि शहरवासियों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनेगा। इसके अतिरिक्त पार्क में लगे सभी पाइप पोल को हटाकर इनके स्थान पर आकर्षक डेकोरेटिव पोल लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पार्क में फूलदार पौधे लगाए जा रहे हैं, साथ ही बाउंड्री की मरम्मत व रेलिंग की पुताई आदि का कार्य प्रगति पर है।

### जीपीओ पार्क में फाउंटेन-झूलों का भी हो रहा काम



जीपीओ पार्क में फाउंटेन की बॉडी के अनुरक्षण का कार्य प्रगति पर है, जिसमें पाइप लाइन का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। वहीं, परिवर्तन चौक के पास स्थित सुभाष पार्क में पाथ.वे व रोटरी की मरम्मत व सजावट का कार्य भी पूरा होने की कगार पर है। बेगम हजरत महल पार्क में भी सौंदर्यीकरण के कार्य कराये जा रहे हैं, जिसके अंतर्गत मल्टी.प्ले झूलों आदि को भी ठीक करवा दिया गया है।

### चिकनकारी, कथक मुद्राओं की गवाही देंगी हेरिटेज जोन की दीवारें

लखनऊ की सुप्रसिद्ध चिकनकारी व कथक मुद्राओं की गवाही अब हेरिटेज जोन की दीवारें देंगी। एलडीए उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने निर्देश पर इस रूट पर कलात्मक वॉल पेन्टिंग के जितने भी कार्य होने हैं, उनका बैकग्राउंड कलर हेरिटेज थीम में ही रखा जाएगा। शहर की सुप्रसिद्ध, चिकनकारी, कथक मुद्राओं व एतिहासिक इमारतों की तस्वीर को दीवारों पर उकेरा जाएगा। वॉल पेन्टिंग के ये सभी कार्य जीआईसी, मेडिकल कॉलेज व छत्ते वाले पुल की दीवारों पर किया जाएगा। यही नहीं बुद्धा पार्क में झाड़ियों की सफाई कराकर रेलिंग पर वॉल म्यूरल के माध्यम से जी.20 का लोगो बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त शहीद स्मारक के सामने बाउंड्रीवॉल पर कारगिल वॉल म्यूरल बनाया जाएगा। बोटिंग के लिए जाने वाले मार्ग पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने के साथ ट्रायलेट को ठीक कराया जाएगा। साथ ही ग्लोब पार्क में जी.20 पार्क का साइनेज बोर्ड लगाया जाएगा। वहीं, परिवर्तन चैक पर फोकस लाइटें लगाने का कार्य भी जल्द पूर्ण करा लिया जाएगा। विभिन्न पार्कों में महापुरूषों के सम्बंध में लगे सूचना पटों की लिखावट को भी दुरूस्त कराया जाएगा, ताकि वहां आने वाले पर्यटक समस्त जानकारी आसानी से पढ़ सकें।

### व्यावसायिक गतिविधियों पर कार्रवाई के निर्देश

आगामी जी.20 सम्मेलन के तहत होने वाले कार्यों शहीद पथ, कानपुर रोड व एयरपोर्ट कनेक्टिंग रोड समेत सम्बंधित स्थलों पर पुष्पों के पौधे लगाए जाएगे। इन स्थलों की साफ सफाई, अवैध अतिक्रमण, कब्जों को हटाने और हॉर्टीकल्चर वर्क को किया जाएगा। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीन दिन के अंदर सफाई व्यवस्था दुरूस्त कराने के लिए कहा गया है। गेट नंबर.2 के पास अवैध रूप से लगी चाय की दुकान को हटाने के निर्देश दिये। पिकअप भवन रोड एवं फ्लाईओवर पर गंदगी व वाहनों की रगड़ से रेलिंग पर पड़े निशानों की सफाई कराने के निर्देश दिये। शहीद पथ पर निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि हरित पट्टी को सुव्यवस्थित करके तारों के स्थान पर रेलिंग लगायी जाए। शहीद पथ की सर्विस लेन पर क्षतिग्रस्त सड़कों को तुरंत चिन्हित करके ठीक कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही शहीद पथ की दीवारों पर जगह.जगह निजी लोगों एवं संस्थानों द्वारा करायी गयी वॉल पेन्टिंग को हटाकर नयी पेन्टिंग करायी जाएगी। शहीद पथ के किनारे जगह.जगह उगी झाड़ियों को तय समय में हटाने के लिए कहा गया है। इसमें यह विशेष ध्यान रखा जाए कि हॉर्टीकल्चर वेस्ट को जलाया न जाए, बल्कि कूड़े को एक स्थान पर एकत्रित करके निस्तारित किया जाए।

### गिट्टी, मौरंग को हटाने कार्रवाई के निर्देश

गोमती नगर विस्तार में निरीक्षण के दौरान कुछ जगहों पर अवैध निर्माण पाये गये, जिस पर उपाध्यक्ष ने नाराजगी जताते हुए तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसी तरह सुल्तानपुर रोड पर प्राधिकरण की अर्जित भूमि पर अवैध रूप से बनी बाउंड्रीवॉल एवं निर्माणों के खिलाफ कार्यवाही करने के आदेश दिये गये। उन्होंने कहा कि सर्विस लेन पर अवैध रूप से लगी पटरी दुकानों, ठेलों व गुमटी आदि को विशेष अभियान चलाकर हटाया जाए। इसके अलावा शहीद पथ से रायबरेली रोड व सर्विस लेन से एल्डिको को जाने वाले मार्ग की तरफ कई अवैध दुकानें, अतिक्रमण पाये गये, साथ ही खाली पड़े आवासीय भूखण्डों पर गिट्टी, मौरंग व सरिया आदि की दुकानें पायी गयीं। उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को नियमानुसार नोटिस जारी करके कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

### शहीद पथ की सर्विस लेन से हटाये गये अवैध अतिक्रमण

एलडीए ने गोमती नगर विस्तार में अभियान चलाकर शहीद पथ की सर्विस लेन से अवैध अतिक्रमण हटवाये गये। दुकानें, गुमटी, ठेले व झुग्गी-झोपड़ी समेत तीन दर्जन से अधिक अस्थायी अतिक्रमणों को ध्वस्त करके सड़क खाली करायी गयी। जोनल अधिकारी अरूण कुमार सिंह ने बताया कि उपाध्यक्ष द्वारा आगामी जी.20 सम्मेलन के शहीद पथ का निरीक्षण किया गया था, जिसमें उनके द्वारा अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिये गये थे। इस आदेश पर गोमती नगर विस्तार के सेक्टर.5 एवं 6 में अभियान चलाकर शहीद पथ की सर्विस लेन पर सड़क किनारे किये गये अतिक्रमणों को हटवाया गया। इसमें सहायक अभियंता अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता इम्तियाज अहमद, सुभाष शर्मा और सुरेन्द्र द्विवेदी द्वारा प्राधिकरण पुलिस बल, गोमती नगर विस्तार थाने की पुलिस व पीएसी बल के सहयोग से तीन दर्जन से अधिक अवैध अतिक्रमणों को हटाया गया।

### कोर कमेटी देगी दो दिनों में देगी रिपोर्ट

एलडीए के उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने आगामी जी.20 सम्मेलन के लिए शहर में कराये जाने वाले सौंदर्यीकरण के कार्यों की थीम व डिजाइन निर्धारित करने के लिए कोर कमेटी के साथ शहीद पथ व अंसल एपीआई सुशांत गोल्फ सिटी के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस मौके पर कोर कमेटी की अध्यक्ष एकेटीयू के फैकेल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग डिपार्टमेंट की डीन डॉ वंदना सहगल, एमिटी विश्विद्यालय के प्रोफेसर जगबीर सिंह, आर्किटेक्ट आशीष मित्तल व रजनीश अग्रवाल समेत अन्य सदस्य व अधिकारी उपस्थित रहे। कोर कमेटी द्वारा विभिन्न प्रस्तावों पर मंथन करके दो दिनों में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

### उपाध्यक्ष ने वॉर रूम का किया निरीक्षण

उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने जी-20 सम्मेलन के लिए कराये जाने वाले विभिन्न कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए प्राधिकरण भवन में बने वॉर रूम का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि सभी विभागों से समन्वय स्थापित करके प्रतिदिनि प्रगति रिपोर्ट ली जाए।

### पूरे मार्ग पर डिवाइडर की नये सिरे से पेन्टिंग

शहीद पथ से सेंट्रम होटल को जाने वाले मार्ग का निरीक्षण करते हुए सभी चौराहों को व्यवस्थित कराते हुए लाइटों को ठीक कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पूरे मार्ग पर डिवाइडर की नये सिरे से पेन्टिंग करायी जाए और आकर्षक फूलदार गमले लगाये जाए। साथ ही जहां.जहां भी सड़क क्षतिग्रस्त है, उसे जल्द से जल्द ठीक करा लें। उन्होंने सड़क किनारे स्थित हरित पट्टी की रेलिंग को पेंट कराकर हॉर्टीकल्चर वर्क को व्यवस्थित करने के भी निर्देश दिये। उपाध्यक्ष ने निर्देश दिये कि क्षेत्र की सभी निर्माणाधीन बिल्डिंगों को ग्रीन नेट से ढकते हुए साफ सफाई करायी जाए, इसमें यह विशेष ध्यान रखा जाए कि किसी भी प्रकार की निर्माण सामाग्री अथवा स्कैब आदि सड़क पर दिखायी न दे। उपाध्यक्ष ने कहा कि पानी की टंकी व निर्मित बिल्डिंगों पर फ्लैक्सए बैनर व पेन्टिंग के माध्यम से जी.20 सम्मेलन की ब्राण्डिंग करायी जाए।

### समता मूलक, 1090 चौराहे की होगी मरम्मत

1090 चौराहे के पास स्थित गोमती पार्क के निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि जहां.जहां पत्थर टूटे हैं, वहां पर सिलिकॉन से पत्थरों को सही किया जाए। साथ ही पौधों व घास को सूखने से बचाने के लिए बोरिंग कराकर पानी देने का कार्य नियमित रूप से किया जाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने बिजली के खम्भों की पेन्टिंग कराने व खराब लाइटों को बदलवाने के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने समतामूलक चौक के बगल में स्थित पार्क व आशा ज्योति लेन का निरीक्षण किया, जिसमें उन्होंने प्रवेश गेट की मरम्मत, पेड़ों की छंटायी व फाउंटेन को सही कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आशा ज्योति लेन पर बनी दुकानों से पानी की निकासी की व्यवस्था की जाए, साथ ही टाइल्स की मरम्मत कराकर शौचालय के पास साइनेज बोर्ड लगाये जाएं। प्रतीक स्थल के बिजली के तारों को व्यवस्थित किया जाए। साथ ही पत्थरों में आयीं दरारों को ठीक कराकर जरूरत अनुसार पेन्टिंग का कार्य कराया जाए।



उन्होंने कहा कि प्रतीक स्थल पर तैनात सुरक्षा वाहिनी के कर्मचारियों व आम जनता के लिए वहां एक उपयुक्त स्थान निर्धारित करके शौचालय का निर्माण कराया जाए।

# शिक्षा को रोजगार, संस्कार व तकनीकी से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है: शिक्षा मंत्री

## रज्जू भइया एक असाधारण मेधावी व्यक्तित्व के धनी थे: योगेन्द्र उपाध्याय



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उच्च शिक्षा,** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकीए इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के चतुर्थ सरसंघ संचालक प्रोफेसर राजेन्द्र सिंह रज्जू भइया एक असाधारण मेधावी व्यक्तित्व के धनी थे। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि रज्जु भइया के आदर्श युवा पीढ़ी को प्रखर बनाते है। कुछ लोग इतिहास पढ़ते है और कुछ लोग उस इतिहास में बताई गई बातों पर चलते है लेकिन कुछ लोगों के व्यक्तित्व ही इतिहास बन जाता है। ऐसे लोगो मे रज्जु भइया थेए जिनका व्यक्तित्व ही इतिहास बन गया है। उन्होंने कहा कि आदर्श की बात हर कोई कर सकता है लेकिन आदर्श पर चलना और लोगो को भी प्रेरित करने का कार्य रज्जु भइया के द्वारा किया गया। रज्जु भइया के जीवन चरित्र से सीख करके जीवन कौशल की उपादेयता जान सकते हैं। रज्जु भइया आदर्श के प्रतिबिम्ब थे। उन्होंने पद और प्रतिष्ठा से ऊपर राष्ट्र को प्राथिमिकता दी थी। उन्होंने कहा कि रज्जु भइया ने कहा था कि शिक्षा संस्कार विहीन नही होनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा को रोजगारए संस्कार और तकनीकी से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

मंत्री जी आज यहॉ लखनऊ विश्वविद्यालय स्थित चाणक्य सभागार में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के चतुर्थ सरसंघ संचालक प्रोफेसर राजेन्द्र सिंह रज्जू भइया की जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित स्मृति व्याख्यान माला 2023 रू वर्तमान परिप्रेक्ष्य में ष्जीवन कौशल की उपादेयताष् कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि यह विचार व्यक्त किये। उन्होने कहा कि प्रोफेसर राजेन्द्र सिंह ;रज्जू भइयाद्ध अपने छात्र जीवन में शिक्षा के प्रति सदैव गभीर रहे। जिसका परिणाम ही है कि वह इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एमएससी एवं पीएचडी की पढ़ाई सफ्लतापूर्वक की। यही नही रज्जू भैया इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रोफेसर तथा भौतिक विभाग के प्रमुख के रूप में सफ्लतम सेवा दी। वह परमाणु भौतिकी के विशेषज्ञ भी थेए सरल और स्पष्ट अवधारणाओं का उपयोग करते हुए इस विषय के एक लोकप्रिय शिक्षक थे।

चतुर्थ सरसंघ संचालक प्रोफेसर राजेन्द्र सिंह ;रज्जू भइयाद्ध की महत्वपूर्ण मान्यताओं के विषय में जानकारी देते हुए उच्च शिक्षा मंत्री श्री उपाध्याय ने बताया कि उनकी सोच थी कि सभी लोग अच्छे हैं। प्रत्येक व्यक्ति को उसकी अच्छाई पर विश्वास करके व्यवहार करना चाहिए। क्रोध ईर्ष्या आदि उसके पिछले अनुभवों की उपज हैए जो उसके व्यवहार को प्रभावित करते है। मुख्य रूप से हर व्यक्ति अच्छा और विश्वसनीय है।

इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के चतुर्थ सरसंघ संचालक प्रोफेसर राजेन्द्र सिंह ;रज्जू भइयाद्ध के कृतिव्व एवं व्यक्तिव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रज्जू भैया एक सच्चे राष्ट्र भक्त थे। उनका संपूर्ण जीवन देश की समर्पित रहा। वह तन.मन.धन सर्वस्व न्योछावर कर राष्ट्र की सेवा की। मंत्री जी ने कहा कि हमे उनके कृतिव्व एवं व्यक्तिव का अनुसरण कर मानसिक दबाव में आने के बजाय अपनी प्रतिभा को पहचान कर आगे बढ़ना चाहिए। यही समय की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि रज्जू भैया जैसे राष्ट्रवादी संत तपस्वी व महान विचारक जो स्वदेशी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की अवधारणा में दृढ़विश्वास रखते थेए उन्होने वर्ष 1995 में कहा था कि गॉव को भूखमुक्त रोगमुक्त और शिक्षाप्रद बनाने में सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। आज उनके ग्रामीण के कार्यक्रमों का लोगों द्वारा ग्रामीणांचलों में अनुकरण किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पूर्व कैबिनेट मंत्री डा. नरेन्द्र सिंह गौरए विशेष वक्ता वीरेश्वर द्विवेदी तथा कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रो. अलोक राय कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा की गयी।

### एलयू में खुलेगा रूरल साइंस रिसर्च सेंटर

**लखनऊ।** राजेन्द्र सिंह (रज्जू भईया) स्मृति संस्थान द्वारा उनकी जन्म शताब्दी के अवसर रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के चाणक्य सभागार में स्मृति व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद के वीरेश्वर द्विवेदी ने रज्जू भईया के संस्मरण सुनाते हुए बताया कैसे रज्जू भईया मितव्ययता के साथ सादा जीवन व्यतीत करते थे और सदा देश के लिए सोचते हुए परहित सरिस धर्म नहिं भाई की भावना को के अनुरूप व्यवहार को अपनाया था। पूर्व मंत्री डॉ नरेंद्र सिंह गौर का कहना था परिवार से सम्पन्न होने के बावजूद उन्होंने अपने लिए कोई संपत्ति नहीं बनाई और अपना मकान इत्यादि भी समाज के कार्य के लिए दान कर दी। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने रज्जू भईया को याद करते हुए जीवन कौशल की महत्ता और आवश्यकता पर प्रकाश डाला तथा इसको व्यापक बनाए जाने पर जोर दिया। जीवन कौशल की उपादेयता पर बल देते हुए मंत्री ने कहा कि युवाओं को मानसिक दबाव के तहत कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए, उन्हें अपनी योग्यता को पहचानना चाहिए। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि रज्जू भईया का जीवन स्वयं जीवन कौशल का उदाहरण था। उनके बताए मार्ग को यदि जीवन में उतार लिया जाए तो फिर जीवन कौशल को अलग से सीखने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। रज्जू भैया का जीवन दर्शन पढ़ने से एवं उस पर चिंतन मनन करने से जीवन कौशल परिष्कृत होगा एवं व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होगा। रज्जू भईया को श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने रज्जू भईया के नाम से लखनऊ विश्वविद्यालय में रुरल साइंस रिसर्च सेंटर भौतिक शास्त्र विभाग में खोले जाने की घोषणा की है। मुंबई से आये डा रतन शारदा की किताब दी लाइफ एण्ड टाइम्स ऑफ रज्जू भईया का विमोचन किया गया। रतन शारदा ने बताया की रज्जू भैया कहते थे कि काम के समय यदि विदेशी परिधान हो तो भी काम से कम उत्सव में सबको भारतीय गणवेश में रहना चाहिए।

# हाईकोर्ट ने पीजीआई से किया जवाब-तलब

विधि संवाददाता। लखनऊ

**पीजीआई** में कई वेंटिलेटरों के बेकार पड़े होने के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने पीजीआई से जवाब तलब किया है। पीठ ने इसके साथ ही प्रदेश में भी वेंटिलेटरों की स्थिति पर राज्य सरकार से स्टेटस रिपोर्ट तलब की है। मामले की अगली सुनवाई 20 फरवरी को होगी।

जस्टिस रमेश सिन्हा एवम् जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने यह आदेश वी द पीपुल संस्था की ओर से दाखिल एक विचाराधीन जनहित याचिका पर दिया है। पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान 19 जनवरीए 2023 की एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया कि पीजीआई में एक कमरे में तमाम वेंटिलेटर पड़े.पड़े कबाड़ हो रहे हैं व उनका कोई इस्तेमाल नहीं हो रहा है।

# जिला स्तरीय युवा संसद उत्सव 2023 की विजेता रही बीबीएयू की सदफखान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**बाबासाहेब** भीमराव अम्बेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय की एनएसएस की छात्रा सदफ खान ने जिला स्तरीय युवा उत्सव 2023 में विवि को गौरवान्वित किया है। लोक प्रशासन विभाग की सदफ लखनऊ के नेहरू युवा केंद्र में आयोजित जिला स्तरीय युवा संसद उत्सव 2023 में अव्वल रही। सदफअब राज्य स्तर युवा संसद उत्सव में लखनऊ का प्रतिनिधित्व करेंगी। सदफकी सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि ऐसे विद्यार्थी विश्वविद्यालय के साथ ही अपने परिवार का नाम भी रोशन करते हैं। छात्रा सदफने अपनी जीत का श्रेय अपने शिक्षकों एवं परिवार को देते हुए कहा कि राज्य स्तर पर युवा संसद उत्सव में भाग लेना उनके लिए गर्व की बात है। मेरा पूरा प्रयास रहेगा कि मैं राज्य स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन कर विवि और अपने शहर का नाम रोशन कर सकूं। एनएसएस समन्वयक डॉ पवन कुमार चौरसिया ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में विवि का प्रतिभाग करना एवं हमारे विद्यार्थियों द्वारा जीत हासिल करना यह दर्शाता है कि विवि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सफल रहा है।

# एनसीसी कैडेट्स को किया आईडीए राउंड के बारे में जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**फाइलेरिया** से बचाव के लिए 10 फरवरी से 10 दिन तक सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम (आईडीए)चलाया जाएगा। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल के सहयोग से रविवार को सदर में 67 बटालियन के नेशनल कैडेट कोर के कैडेट्स को आईडीए कार्यक्रम के बारे में संवेदीकृत किया गया।



इस मौके पर जिला मलेरिया अधिकारी डा रितु श्रीवास्तव ने कहा कि फाइलेरिया मच्छर से होने वाली बीमारी है । यदि एक बार यह बीमारी हो गई तो पूर्णतया ठीक नहीं होती है और समुचित देखभाल के अभाव में व्यक्ति को आजीवन विकलांग बना देती है। फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन ही इस बीमारी का उपचार है । इसलिए आप सभी लोग दवा का सेवन जरूर करें और अपने परिवार के सदस्यो, दोस्तों और आस-पड़ोस के लोगों को भी फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन करने के लिए प्रेरित करें। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि आईडीए कार्यक्रम के तहत तीन दवायेँ आइवरमेक्टिन, डाईइथाइल कार्बामजीन और एल्बेंडाजोल खिलाई जायेंगी। पहली बार इस अभियान में एक से दो साल के बच्चों को पेट से कीड़े निकालने की दवा एल्बेंडाजोल की आधी गोली खिलायी जायेगी। जिला मलेरिया अधिकारी ने कहा कि दवा के सेवन के बाद शरीर में कोई प्रतिकूल प्रभाव होने पर रैपिड रिस्पॉन्स टीम या निकटतम स्वास्थ्य कर्मी से संपर्क करें या स्वास्थ्य केंद्र जाएं। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने 10 फरवरी से शुरू होने वाले आईडीए राउंड के तहत फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन करने की शपथ ली।

### फांसी से लटकते मिले दो शव, मचा हड़कंप

**मोहनलालगंज।** सिसेण्डी इलाके में रविवार को दो लोगों की खुदकुशी से मातम पसर गया। दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस मौत की वजह का पता लगाने के लिए जांच में जुटी हुई है। मोहनलालगंज के धनुवासांड़ निवासी बुजुर्ग रामनारायण ने घर में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक के भतीजे रुपान्शू निर्मल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसी तरह सिसेण्डी निवासी बाबूलाल का शव बन्द घर में नारियल की रस्सी के सहारे झंगले से लटकता हुआ बरामद किया गया। बड़े भाई पप्पू की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे ने बताया दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। मौत की वजह स्पष्ट नही हो सकी है। दोनों मामलों की छानबीन की जा रही है।

### चार सौ पेटी अंग्रेजी शराब बरामद, चालक गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ क्राइम ब्रांच के सहयोग से बीकेटी पुलिस ने हरियाणा से बिहार ले जाई जा रही अंग्रेजी शराब से लदी ट्रक को कब्जे में लेकर चार सौ पेटी शराब बरामद की है वहीं एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से मोबाइल फोन व नकदी बरामद की गयी है। जानकारी के अनुसार लखनऊ क्राइम ब्रांच के प्रभारी सतीश साहू व इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा दारोगा मारुफ अहमद हेड कांस्टेबल अतुल पांडेय कांस्टेबल हबीब खान आपस में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विचार विमर्श कर रहे थे तभी क्राइम ब्रांच की सर्विलांस सेल को सूचना मिली कि अंग्रेजी शराब से लदा ट्रक बीकेटी होते हुए लखनऊ की तरफ आ रहा है। पुलिस टीम ने सूचना मिलते ही बीकेटी इंस्पेक्टर बृजेश कुमार तिवारी को जानकारी देते हुए मौके पर पहुंच गये। काफी देर तक मौके पर मौजूद रहने के बाद एक ट्रक निकला जिसे पुलिस ने रोकने का प्रयास किया लेकिन वह तेज रफ्तार भागने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर भाग रहे ट्रक को चालक समेत दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसमें से विभिन्न कम्पनियों की अंग्रेजी शराब की लगभग चार सौ पेटियां बरामद हुई। चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी तो उसने अपना नाम मैनपुरी निवासी राजेश राठौर बताया। पूछताछ में उसने बताया कि यह शराब हम हरियाणा से लेकर आ रहे थे और बिहार लेकर जाना था। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लखनऊ।** राजधानी के ठाकुरगंज इलाके में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मृतक के पास से कोई सुसाइडनोट नहीं मिला है जिससे मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार हैदरगंज सिल्वर सिटी थाना ठाकुरगंज निवासी अफसाना ने ठाकुरगंज पुलिस को सूचना देकर बताया कि रात में उसका भाई अनस सिद्दीकी 22 ने कमरे में लगे पंखे से रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर बताया कि मृतक अविवाहित था और वह नौकरी की तलाश में दस पन्द्रह दिनों से आकर रुका था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### विमान के पक्षी से टकराने से कोलकाता की उड़ान रद्द

**लखनऊ।** लखनऊके चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे पर रविवार को एक पक्षी के टकरा जाने के बाद कोलकाता जाने वाले एयर एशिया के यात्री विमान की उड़ान को रद्द कर दिया गया। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। विमानतल के प्रवक्ता रूपेश कुमार ने रविवार को बताया, आज सुबह करीब 11 बजे रनवे पर एक पक्षी के टकराने के बाद एयर एशिया विमान के पायलट ने उड़ान को रद्द कर दिया। विमान के उड़ान भरने से पहले यह हुआ। विमान को रनवे पर ही रोक दिया गया और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। कुमार ने कहा कि इस विमान मे लगभग 180 यात्री सवार थे जिनके लिए एयरलाइंस द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

### क्रिएटिव लर्निंग अकादमी के बच्चों ने प्रदर्शनी में दिखाई अपनी प्रतिभा



**लखनऊ।** क्रिएटिव लर्निंग अकादमी के तेलीबाग परिसर में रविवार को श्ड्रीमलैंडश् थीम पर फेस्ट व टेलेंट शो का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में नन्हे मुन्नों ने अपने टीचर्स की मदद से अपनी कल्पनाओं को उतारा। प्रदर्शनी का शुभारंभ अकादमी की संस्थापक कांति सिंह ने सहयोगियों के साथ मिलकर किया। क्रांति सिंह ने बताया कि इस प्रदर्शनी में बच्चो के टैलेंट को निखारने और उन्हे मंच पर अपना टैलेंट देखने का मौका मिला। साथ ही फेट में विभिन्न तरीके की झांकियां के माध्यम से वाइल्ड लाइफ पर बहुत सुंदर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में आये अभिभावक भी अपने बच्चों के इस टेलंट को देख फूले नहीं समाये। इस मौके अकादमी की प्रिंसिपल विनीता गार्गीए नेहा सिंहए डॉ विभा सिंहए डॉ उषा सचान समेत बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

# तीन शातिर चोर गिरफ्तार नकदी समेत माल बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गाजीपुर** पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है जो नशे के लिए मार्केट व घरों में चोरी की घटनाएं कारित करते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल रवाना कर दिया है।

जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर गाजीपुर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात उनकी टीम गस्त पर थी तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि भूतनाथ मार्केट में दो शातिर चोरी की घटना कारित करने के लिए मौजूद हैं। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भरोसा किया और ततकाल मौके पर पहुंचकर दोनों शातिरों को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में शातिरों ने अपना नाम इंदिरानगर गाजीपुर निवासी आशीष कश्यप व उपरोक्त निवासी वीरेन्द्र यादव बताया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों पर चार अपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं दूसरी ओर चिनहट पुलिस ने बंद मकानों मे चोरी करने वाले गिरोह के एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से नकदी व मोबाइल फोन बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर चिनहट आलोक राव ने बताया कि पुलिस आयुक्त के आदेश पर अपराध एंव अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम गस्त पर थी तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक शातिर चोर किसी वारदात को अंजाम देने के फिराक में है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भरोसा किया और चौकी इंचार्ज मल्हौर यशवंत सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर शातिर को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम जनपद बहराइच निवासी अरविन्द चौहान बताया। पुलिस का कहना है कि शातिर बंद मकानों में चोरी की घटना को कारित करता था। पकड़े गये अभियुक्त पर करीब चार मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने उसके कब्जे से छ हजार की नकदी बरामद की है।

# क्विज प्रतियोगिता में डॉ. गुरुदर्शन व डॉ. अंजलि रहीं विजेता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**किंग** जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के एनेस्थीसिया क्रिटिकल केयर विभाग के द्वारा चौथी राष्ट्रीय स्तर की पोस्ट ग्रेजुएट क्विज का आयोजन रविवार को किया गया। एनेस्थीसिया विभाग के एडिशनल प्रोफेसर एवं क्विज के संयोजक डॉ तन्मय तिवारी के मुताबिक वार्षिक आयोजन में इस बार संपूर्ण भारत से 75 प्रतिभागियों बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस क्विज में इस वर्ष 7 से ज़्यादा प्रदेश से आये हुए छात्रों जैसे एम्स नई दिल्ली, पीजीआई चंडीगढ़, एम्स जोधपुर, एम्स ऋषिकेश, एम्स भोपाल, एसजीपीजीआई, डॅ राम मनोहर लोहिया संस्थान, एलएलआरएम मेरठ, मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज इलाहाबाद आदि चिकित्सा संस्थान से एनेस्थीसिया परास्नातक प्रतिभागियों ने भाग लिया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अटल बिहारी मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रथम वाइस चांसलर प्रोफेसर ए के सिंह ने विभिन्न कॉलेज से आये हुए प्रतिभागियों को प्रतियोगिता मे अपना सर्वोत्तम योगदान देने के लिए प्रेरित किया । प्रोफेसर ए के सिंह ने बदलते समय के साथ पी जी पाठ्यक्रम में होते बदलाव को बताते हुए कहा की आजकल क्विज के माध्यम से जूनियर डॉक्टर कम समय में नयी तकनीक और चिकित्सा क्षेत्र में आ रही क्रांतिकारी बढ़त को अपना सकते है। प्रदेश के सबसे बड़े चिकित्सा संस्थान के सबसे बड़े विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर जी पी सिंह ने एनेस्थीसिया विभाग द्वारा रेसिडेंट डॉक्टरों की पढ़ाई मे नये माध्यम से दी जा रही ट्रेनिंग को समय की ज़रूरत बताया। क्विज प्रतियोगिता में एम्स नई दिल्ली के डॉ गुरुदर्शन और विवेकानंद पॉलिक्लीनिक लखनऊ की डॉ अंजलि विजेता रहे। द्वितीय स्थान पर डॉ सुमन्थ पीजीआई चंडीगढ़ और डॉ प्रतिभा एसजीपीजीआई एवं तृतीय स्थान डॉ बिनायक एम्स भोपाल और डॉ सूर्यवंशी एम्स नई दिल्ली ने प्राप्त किया। इस वार्षिक कार्यक्रम में डॉ एस एस नाथ,डॉ चेतना, डॉ प्रेम, डॉ अभ्युदय, डॉ करण ने क्विज मास्टर की भूमिका को पूर्ण किया। डॉ मोनिका कोहली, डॉ दिनेश कौशल, डॉ विनीता सिंह, डॉ परवेज़, डॉ विपिन, डॉ अपर्णा शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## युवती को तंग कर रहे शोहदे पर एक और मुकदमा

**मोहनलालगंज।** इंस्टाग्राम पर युवती की फर्जी आईडी बनाकर शोहदे ने खुद के साथ युवती की कम्बाइण्ड फोटो बनाकर वायरल कर दी। मोबाइल पर टेक्स्ट मैसेज के जरिए आरोपी युवती से बात कराने के लिए लगातार ब्लैकमेल कर रहा है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। मोहनलालगंज के एक गांव में शोहदा युवती को काफी दिनों से परेशान कर रहा है।एफआईआर दर्ज कराने के बाद भी शोहदे की हरकतें जारी हैं। इंस्टाग्राम पर युवती की फर्जी आईडी बनाकर शोहदे ने युवती के साथ खुद की फोटो बनाकर वायरल कर दी। मनबढ़ शोहदे ने युवती के परिवार को भी फोटो भेजकर मोबाइल पर मैसेज के जरिए युवती से बात कराने के लिए ब्लैकमेल कर रहा है। विरोध जताने पर परिजनों को फोन कर अंजाम भुगतने की धमकी दे रहा है। शोहदे की हरकतों से तंग आ चुकी युवती के पिता ने मोहनलालगंज पुलिस से शिकायत की है। इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे ने बताया आरोपी शोहदे के विरुद्ध युवती को परेशान करने का एक मुकदमा पीजीआई में दर्ज है।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मेले में 5418 लोगों को मिला स्वास्थ्य परामर्श

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जनपद** के सभी नगरीय व ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य मेले में ओपीडी की सेवाओं के साथ ही फाइलेरिया, दिमागी बुखार, टीबी, मलेरिया, डेंगू एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और रेफर की सुविधाएँ प्रदान की गयीं। मेले के दौरान 5418 लोगों ने चिकित्सकीय लाभ लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनोज अग्रवाल ने बताया कि यदि लोगों को बुखार आए तो स्वयं कोई इलाज न करें। पास के स्वास्थ्य केंद्र पर जांच और इलाज कराएं। स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच और इलाज निःशुल्क उपलब्ध है। सभी को कोविड का टीका लगवाने, कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के साथ मास्क लगाएं, 2 गज की शारीरिक दूरी का पालन करें और बार-बार अपने हाथ साबुन और



पानी से धोते रहें। आरोग्य मेले में गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन सेवाएं, पूर्ण टीकाकरण, बच्चों में डायरिया व निमोनिया के रोकथाम, बचाव और उपचार की जानकारी और सुविधाएँ दी जा रही हैं। कुपोषित बच्चों की पहचान और उनके उपचार के लिए समुचित कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान की जानकारी देने के साथ ही आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जा रहा है। आरोग्य मेले के नोडल अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि जनपद के स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित इस आरोग्य मेले का कुल 5418 लोगों ने लाभ उठाया, जिनमें 2632 पुरुष, 2038 महिलायें और 748 बच्चे शामिल हैं। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के 22 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। इसके साथ ही 37 लोगों ने कोविड एंटीजन टेस्ट कराया, सभी निगेटिव आए।

# शिया कालेज को ए डबल प्लस न मिलना कल्बे जव्वाद की साजिश : यासूब अब्बास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**शिया पीजी** कालेज को नैक द्वारा ए प्लस प्लस की जगह ए ग्रेड मिलना मौलाना कल्बे जव्वाद की साजिशों का परिणाम हैं। शिया कालेज के खिलाफ मौलाना कल्बे जव्वाद द्वारा किये गये इस कृत्य को शिया कौम हमेशा याद रखेगी। यह बात रविवार को शिया पीजी कालेज में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान आल इण्डिया शिया पसर्नल ला बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी, मौलाना यासूब अब्बास ने कही। उन्होंने कहा कि मौलाना कल्बे जवाद सिर्फ शिया कौम की हमदर्दी का ढोंग तो करते हैं लेकिन कभी हमदर्दी नही करते सिर्फ अपना हर जगह उल्लू सीधा करते हैं। कालेज के प्रबन्धक अब्बास मुर्तजा शम्सी ने कहा कि नैक द्वारा ए ग्रेड मिलना उसके वास्तविक विकास का सही प्रतिबिम्ब नही है। शिया पीजी कालेज निःसंदेह नैक पीयर टीम विजिट के समय ए डबल प्लस श्रेणी की सुविधाएं रखता था और उसको नैक द्वारा ए डबल प्लस ग्रेड ही हासिल होता, लेकिन मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी ने शैक्षिक संस्थान को निशाना बनाते हुए राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् बैंग्लौर के निदेशक एससी शर्मा को 16 अक्टूबर 2022 को झूठा, बेबुनियाद, तथ्यहीन पत्र भेजकर कालेज को नैक मूल्यांकन प्रदान न किया जाने की प्रार्थना की। उनके पत्र के कारण ही नैक पियर टीम दबाव में रही और इसका खामियाजा कालेज को उठाना पड़ा। प्रबन्धक ने कहा कि मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी शिया कालेज की तरक्की को रोकने के लिए झूठे, फर्जी, तथ्यहीन, बेबुनियाद पत्र लखनऊ विश्विद्यालय, उत्तर प्रदेश सरकार और विभिन्न संस्थाओं को भेजा करते हैं। पत्रकार वार्ता में शिया महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो एस शबीहे रजा बाकरी, आईक्सूएसी के कोआर्डिनेटर डा एमएम अबु तैय्यब, वित्त अधिकारी डा एमएम एजाज अब्बास, एससीडीआरसी के निदेशक डा प्रदीप शर्मा मौजूद रहे।

### फार्मेसिस्ट फेडरेशन की सेवानिवृत्त विंग के अध्यक्ष बने जय सिंह सचान



**लखनऊ।** फार्मेसिस्ट फेडरेशन की सेवानिवृत्त विंग के संयोजक जय सिंह सचान की अध्यक्षता में रविवार को कुर्मी क्षत्रिय भवन फरीदी नगर में सेवानिवृत्त प्रभारी अधिकारी फार्मेसी, चीफ फार्मेसिस्ट एवं फार्मेसिस्ट साथियों की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में विंग के पदाधिकारियों का निर्वाचन हुआ। जिसमें जय सिंह सचान अध्यक्ष और आर आर चौधरी महामंत्री चुने गए। बैठक में उत्तर प्रदेश के सभी विधाओं के सेवानिवृत्त साथियों को एक साथ लाने पर विचार विमर्श किया गया तथा तय किया गया कि सेवानिवृत्त साथियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए फार्मासिस्ट फेडरेशन की रिटायर्ड विंग मजबूती के साथ काम करेगी। साथ ही सभी को एक दूसरे से मिलने जुलने, भाईचारा को मजबूत रखनेए हर सुख दुख में भागीदारी करने के लिए समय.समय पर बैठके आयोजित करेंगे। बैठक में सर्वसम्मति से प्रांतीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अमरपाल यादव संरक्षक, जय सिंह सचान को अध्यक्ष, आर आर चौधरी को महामंत्री, एन डी एम त्रिपाठी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मोहम्मद अब्बास, राकेश उमराव, एन एस रौतेला, वी के सिंह को उपाध्यक्ष, हरद्वारी लाल राज को संगठन मंत्री एवं रणधीर सचान को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में फार्मेसिस्ट फेडरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष सुनील यादव ने सभी को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि सभी वरिष्ठ सेवानिवृत्त साथियों का आशीर्वाद, संरक्षण एवं सहयोग से फार्मेसिस्टों को नई दिशा मिलेगी।

# स्नातक चुनावः पोलिंग पार्टियां हुईं रवाना

**संवाददाता।** अमेठी

- 30 जनवरी को 13 मतदान केंद्रों पर प्रातः 8:00 से 4:00 बजे तक होगा मतदान



**गोरखपुर-फैजाबाद** खंड स्नातक निर्वाचन-2023 को सकुशल संपन्न कराने के लिए आज कलेक्ट्रेट परिसर से जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार मिश्र की उपस्थिति में पोलिंग पार्टियां रवाना की गई। बताते चलें कि 30 जनवरी को जनपद के 13 मतदान केंद्रों पर प्रात: 8रू00 बजे से सांय 4रू00 बजे तक मतदान होना है जिसको सकुशल संपन्न कराने के लिए आज कलेक्ट्रेट से सुरक्षाकर्मियों सहित पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि गोरखपुर फैजाबाद खंड स्नातक निर्वाचन में जनपद के कुल 6544 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे जिसमें 4219 पुरुष एवं 2325 महिला मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मतदान को लेकर समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैंए सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। मतदान को सकुशल संपन्न कराने के लिए जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को लगातार अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि मतदान समाप्ति के पश्चात सभी पीठासीन अधिकारी अपनी-अपनी मतपेटिका लेकर कलेक्ट्रेट में उपस्थित होंगे जिसके पश्चात सभी मतपेटिकाओं को कड़ी सुरक्षा के बीच गोरखपुर में बने स्ट्रांग रूम में भेजा जाएगा। पोलिंग पार्टी रवानगी के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# एक सप्ताह पूर्व छेड़छाड़ करने वाले शोहदे को आखिरकार पुलिस ने भेज दिया जेल

**संवाददाता।** नसीराबाद, रायबरेली

**नसीराबाद** थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते सप्ताह बरात देखने जा रही एक 16 वर्षीय बालिका के साथ पडोसी गांव के शोहदों द्वारा किए गये छेड़छाड़ के आरोपी को नसीराबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।गौर तलब हो कि बीते सप्ताह नसीराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में एक 16 वर्षीय नाबालिक बालिका पड़ोस के गांव बरात देखने जा रही थी।जहां रास्ते मे पड़ोसी गांव के डब्लू पुत्र लाल बाबू अपने दो साथियों के साथ मोटर साइकिल से वहां पहुंचे। और बालिका को अकेला देख उसे पकड कर जबरदस्ती करने लगा। जब बालिका ने अपने साथ हो रही छेड़छाड़ का विरोध कर उसने शोर मचाया तो आरोपियो ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुआ फरार हो गये। तब नाबालिक बालिका अपने घर पहुंची और पड़ोसी युवको की करतूत परिजनो को बताई। बाद मे पीड़िता अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर युवको के खिलाफ थाने में तहरीर दे दी थी। वहीं पुलिस ने पीडिता की तहरीर पर आरोपी डब्लू पुत्र लाल बाबू व दो अज्ञात के खिलाफ धारा 354ए व 506 तथा 7ध्8 पास्को एक्ट के तहत दर्ज किया था। वहीं रविवार को नसीराबाद पुलिस ने एक आरोपी डब्लू पुत्र लाल बाबू निवासी पूरे भैरों का पुरवा मजरे छतोह थाना नसीराबादए रायबरेली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक राकेश चंद्र आनंद ने बताया कि छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में उसे जेल भेजा गया है।

## क्विक न्यूज

### वाराणसी में खर्च प्रबंधन के लिए विशेष पहल

**वाराणसी।** विकास की बाधाओं को दूर करने और पूरे वाराणसी में एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए टाइड ने टाइड ऐप के लॉन्च की घोषणा की। इस क्षेत्र में उनतालिश हजार से अधिक एमएसएमई को समय और पैसा बचाने और उनकी विविध जरूरतों को पूरा करने में मदद करना है पचहत्तर जिलों मेंए वाराणसी समग्र एमएसएमई आधार के प्रतिशत हिस्से में सातवें स्थान पर है। काले धन और वित्तीय धोखाधड़ी जैसी अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए, टाइड छोटे व्यवसायों को केवल अपने ग्राहक को जानने (केवाईसी) प्रक्रिया के आधार पर जोड़ेगा। यह पारंपरिक बैंकिंग प्रथाओं के बराबर है।

### रोजगार के अतिरिक्त अवसरों का सृजन की पहल

**वाराणसी।** एक सकारात्मक वातावरण प्रदान करने की अपनी पहल को और मजबूत करते हुए हम राज्य में एयर कार्गो का इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं और हम एमेज़ॉन एयर के लॉन्च का उद्देश देश के लिए एक कार्गो हब बनने में मदद मिलेगी तथा राज्य में रोजगार के अतिरिक्त अवसरों का सृजन हो सकेगा। इस कदम से एक मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास हो सकेगा, जो देश की आर्थिक वृद्धि के लिए जरूरी है। अपने परिवहन नेटवर्क का विस्तार करने और ग्राहकों को ज्यादा तेज डिलीवरी प्रदान करने के लिए एमेज़ॉन एयर का लॉन्च करने की घोषणा की है।

### विद्युत विभाग की मार्निग रेड से बकायेदारों व चोरों में हड़कंप

**लालगंज, रायबरेली।** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बिजली विभाग ने मॉर्निंग रेड अभियान चलाया है। जिसके तहत एसडीओं सूर्य प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम सुबह-सुबह लोगो के घरो में पहुंचकर चेकिंग कर रही है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए एसडीओं ने बताया कि अवर अभियंता मुलायम सिंह व शिवम् गुप्ता के साथ कस्बे समेंत आसपास के गांवो में सुबह चेंकिग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में साकेत नगर निवासी हेमलता, कविता, श्रीराम, नरेश निवासी पूरे गुर्दी को विद्युत चोरी करते पकडा गया है। सभी के खिलाफविद्युत चोरी की धारा 135 के तहत मामला दर्ज कराया गया है। इस दौरान बकायेदारो से छह लाख तीस हजार की वसूली भी की गई है। विद्युत विभाग के इस अभियान से बकायेदारो व विद्युत चोरी करने वालो में हडकम्प मचा हुआ है।

### न्यायाधीश संजय किशन कौल सहित और खुली जेल का दौरा करेंगे

**वाराणसी।** भारत के सर्वोच्च न्यायालय के दूसरे वरिष्ठतम न्यायाधीश, जस्टिस संजय किशन कौल सहित सर्वोच्च न्यायालय के तीन शीर्ष न्यायाधीश सांगानेर की खुली जेल का दौरा करेंगे। यह इस तरह का पहला उच्च-स्तरीय दौरा होगा। वो यहां जाकर किफायती और मानवीय जेल मॉडल के कामकाज का मूल्यांकन करेंगे, जहां कैदियों में सुधार लाया जाता है और वो अपने परिवार के सदस्यों के साथ रहकर वहां अपना जीवन यापन करते हैं।

### आपसी विवाद में मारपीट, केस दर्ज

**ऊंचाहार।** मामूली विवाद को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर महिला का चिकित्सीय परीक्षण कराया है। कदलाबाद मजरे इटौरा बुजुर्ग निवासी रेशमा का कहना है कि वह रविवार की सुबह घर पर काम काज कर रही थी। तभी मामूली बात को लेकर उसकी देवरानी संजू से कहासुनी होने लगी। जिसके बाद देवरानी संजूए मामी रीता देवी उनका बेटा आदर्श तथा बेटी शालू एकराय होकर डंडों से उसे मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि रेशमा की तरीर पर संजू, रीता देवी, आदर्श व शालू पर मारपीट का केस दर्ज कर चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है।

### नाली निर्माण को लेकर महिलाओं ने दिया धरना

**सकलडीहा/चंदौली।** बलारपुर के दलित बस्ती में वर्षो से नाला का निर्माण नही हुआ है। रविवार को महिलाओं ने नाला निर्माण को लेकर धरना दिया। मौके पर पहुंचे प्रधान मनोज यादव और जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रमेश राम के आश्वासन पर महिलाओं ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। महिलाओं ने आरोप लगाया कि वर्षो पूर्व गांव में बनी मुख्यनाला पटा पड़ा हुआ है। इसके निर्माण नही होने से घरों के सामने गंदा नाला का पानी बहता है। इससे काफी परेशानी होती है। उपर से बगैर नाला निर्माण कराये जिला पंचायत द्वारा इंटर लॉकिग कार्य शुरू कर दिया गया। जिसे लेकर महिलायें धरना पर बैठ गये। काफी देर बाद सूचना पर पहुंचे प्रधान मनोज यादव और जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रमेश राम ने नाला निर्माण का आश्वासन देकर महिलाओं का धरना समाप्त कराया। इस मौके पर धरना देने वाले में विजया देवी, गुड्डी, शिला देवी, निर्मला देवी, संगीता, शुक्ला देवी, सोनवर्षा, कमला, माया, बचानी देवी आदि मौजूद रहे।

### दुष्कर्म के प्रयास व पाक्सो के आरोपित को भेजा जेल

**तिलोई,अमेठी।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।और पीड़ित बालिका को चिकित्सीय परीक्षण के लिए चिकित्सालय भेजा गया है। थाना क्षेत्र के ऊसरहा गांव निवासिनी पीड़िता ने थाने पर शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि शुभम शुक्ला निवासी उसरहा शुक्रवार की रात उसके घर में घुसे और बदनीयती से अश्लील हरकतें करते हुए पीड़िता के साथ छेड़छाड़ कर दुराचार का प्रयास करने लगे। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी शुभम शुक्ल भाग निकले। थानाध्यक्ष अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।और पीड़ित बालिका को चिकित्सीय परीक्षण के लिए सामुदायिक चिकित्सालय सिंहपुर भेजा गया है।

### ट्रस्ट के तत्वावधान में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**पड़ाव/चन्दौली।** वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता चौरहट पड़ाव चंदौली में अंतर विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन संस्था संस्थापक डॉ. एम रहमान ए सेक्रेटरी इमदाद खान के नेतृत्व में किया गया। क्षेत्रीय विद्यालय अध्यापक अध्यापिकाए, प्रबंधक अभिभावक एवं खेल प्रतिस्पर्धा में प्रतिभाग कर रहे छात्र खिलाड़ी एवं सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे। खेल कूद का कुशल संचालन सामाजिक पंकज भाई मिश्रा की तिरछी नजर संचालन के साथ-साथ सभी आगंतुक मेहमानों की तरफदारी और संचालित खेल के प्रत्येक बिंदुओं परए इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन का नया आयाम दिखाई दिया है। इससे युवाओं में प्रोत्साहन के साथ-साथ खेल प्रतिस्पर्धा के प्रति झुकाव बढ़ेगा जिससे क्षेत्र के साथ-साथ राष्ट्र के निर्माण एवं विकास में सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर गजनफर खान, जफर खान, नसीम अहमद, एहतेशाम खान, नदीम सिद्दीकी, सद्दाम शाहबाज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# व्यवसायी ने जरूरतमंदों को किया साड़ियों और प्रसाद का वितरण



**संवाददाता।** मुसाफिरखाना,अमेठी

**रविवार** को स्थानीय कस्बे में प्रख्यात रहे सीताराम खत्री की पत्नी बिब्बो देवी की प्रथम पुण्य तिथि पर कार्यक्रम आयोजित कर जरूरतमंदों को साड़ियों व प्रसाद का वितरण किया गया। प्रथम पुण्य तिथि पर आयोजित की कार्यक्रम की शुरुवात से पहले आयोजक रविकांत खत्री ने अपनी माताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।क्षेत्र से आए जरूरतमंदों व असहाय महिलाओं को साड़ियों का वितरण करते हुए कहा कि उन्हें गरीबों मजलूमों की सहायता करने की प्रेरणा अपनी माता से जीवन पर्यंत मिली है।वे अपने माता पिता के बताए रास्ते पर चलकर आजीवन जरूरतमंदों की सेवा व सहायता करते रहेंगे।

# पुस्तकालय के लिए मिली जमीन, हर्ष

**संवाददाता।** रायबरेली




**राना** बेनी माधव बख्श सिंह स्मारक समिति रायबरेली के सतत प्रयासों के सुखद परिणाम प्राप्त हुए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संपन्न कैबिनेट बैठक में राना बेनी माधव बख्श सिंह की स्मृति में सभागार पुस्तकालय के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराए जाने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया गया है। समिति के अध्यक्ष इंद्रेश विक्रम सिंह ने राज्य सरकार के इस फैसले पर हर्ष व्यक्त किया है। प्रेस वार्ता में समिति के संरक्षक पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद रायबरेली के ग्राम अहमदपुर नजूल व तहसील सदर की 1.217 हे. अविवादित भूमि अवध केसरी राना बेनी माधवबख्श सिंह की स्मृति में सभागारए पुस्तकालय आदि के निर्माण हेतु भूमि संस्कृति विभाग को नि:शुल्क हस्तांतरित की जाएगी। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि अवध केसरी राना बेनी माधवबख्श सिंह की स्मृति में रायबरेली में सभागार, पुस्तकालय, प्रशासनिक ब्लॉक, कैफेटेरिया, पार्किंग, लैण्डस्केपिंग आदि सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कैबिनेट के फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। पूर्व विधायक गजाधर सिंह ने कहा कि समिति के प्रयासों से जिले को आधुनिक तकनीक युक्त एक सभागार प्राप्त हो रहा है जो सभी नवीन सुविधाओं से युक्त होगा। रविंद्र सिंह ने कहा कि यह समिति मैं सामाजिक सेवा के साथ ही जनपद को विकास के पथ पर भी आगे बढ़ाने का प्रयास किया है यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा। विजय रस्तोगी ने कहा कि समिति ने अमर सेनानी राना बेनी माधव बक्स सिंह के दिखाए रास्ते पर चलते हुए जनपद को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री जी को बहुत.बहुत धन्यवाद बिना माननीय मुख्यमंत्री के सहयोग के यह सपना साकार नहीं हो सकता था। इस दौरान हरिहर सिंह, राकेश भदौरिया, शशांक राठौर, व्यापारी नेता मुकेश रस्तोगी, ओपी यादव एडवोकेट, आरबी सिंह, संतोष सिंह जिला पंचायत सदस्य, राकेश सिंह राणा जिला पंचायत सदस्य, एसपी सिंह सभासद, सुयश मिश्रा, शशिकांत शर्मा, शिव सिंह, डॉ. धनन्जय सिंह, डॉ. मनीष सिंह, हरीश, आनन्द मिश्रा, राजन मिश्रा समेत समिति के अन्य सभी सदस्यों ने इस सफलता पर माननीय मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद दिया है।

# प्रतिस्पर्धा के दौर में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर कार्य करें: विजय यादव

**संवाददाता।** रायबरेली



**वर्तमान** समय प्रतिस्पर्धा का है इस प्रतिस्पर्धा के दौर में बच्चों को समय समय पर मनोवैज्ञानिक तौर मजबूत बनाने के लिए सेमिनार का आयोजन किया जाना चाहिए।ग्रमीण अंचल में इस विद्यालय द्वारा जो प्रयास किया जा रहा है सराहनीय कार्य है।

उक्त विचार व्यक्त करते हुए विशिष्ट अतिथि समाजसेवी विजय यादव ने कहा कि बच्चों पर नंबर लाने की बजाय सर्वांगीण विकास पर भी कार्य करे। श्री राम चरन स्मृति शिव ज्ञान विद्यालय रूपा मऊ रायबरेली में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि पूर्व बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप चौधरी ने विद्यालय में एक शिक्षक कक्ष का लोकार्पण किया गया। विशिष्ट अतिथि डॉ जे एम द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा ही समाज में व्यापत बुराइयों को मिटा सकती है। बच्चों द्वारा रगारंग कार्यक्रम प्रस्तुति की जिसमे अनोखी के नृत्य ने तो मन मोह लिया तो वही नशा मुक्ति पर नाट्यकार्यक्रम प्रस्तुत किये गए तो देशभक्ति गीत व नाट्य प्रस्तुतियों ने लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय संस्थापक शिवबहादुर ज्ञानवती प्रबन्धक संत बैरागीदास मो आरिफ़ एडवोकेट बद्री यादव अध्यक्ष राम कुमार यादव एवं कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों में मोहिनी साक्षी प्राची रिषा विकास रितिक मीनाक्षी आयुसी अनिक रिया मंजरी लक्ष्मी शालू प्रिंशेज सोनम अनोखी पूजा निखिल आर्यन ऋत्वा नितिन समेत सैकड़ों की संख्या में विशिष्ट जन एवं अभिभावकों की उपस्थिति रही।

# मनोज ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

- प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 97वां एपिसोड था

**संवाददाता।** मीरजापुर



**निवर्तमान** मनोज जायसवाल ने रविवार की सुबह गणेशगंज स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर भाजपा के तमामं कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 97वाँ एपिसोड देखा।

रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' के 97वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री मोदी पद्म पुरस्कार प्राप्त प्रतिभाओ, आदिवासी समाज के प्रतिभाशाली लोगों, पारंपरिक वाद्य यंत्रों, मोटा अनाज (मिलेट) की खासियत और इसके लिए काम करने वाली प्रतिभाओं और भविष्य की संभावनों पर विस्तार से जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने बताया कि मोटा अनाज सेहत के लिए किस तरह सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने न्यू इंडिया के तहत देश में हो रहे विकास कार्यों को भी शेयर किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और हम भारतीयों को इस बात का गर्व भी है कि हमारा देश लोकतंत्र की जननी भी है। लोकतंत्र हमारी रगों में हैं, हमारी संस्कृति में है। सदियों से यह हमारे कामकाज का भी एक अभिन्न हिस्सा रहा है। स्वभाव से हम एक लोकतांत्रिक समाज हैं। इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष ने कहा की प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात सुनने से भाजपा कार्यकर्ताओ को एक ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है।आज प्रधानमंत्री मोदी ने कई मुद्दे पर विस्तार पर चर्चा की है।

देश में हो रहे विकास कार्यों और 74वे गणतंत्र की प्रधानमंत्री ने अपनी बाते कही है। इस मौके पर अशोक सोनीए अश्चनी गुप्ता, सुनील सोनी, शिव गुप्ता, राकेश, राकेश सोनी, सतीश जायसवाल, अब्दुल जब्बार, राहुल यादव, द्वारिका साहू, दिलीप जायसवाल, चन्नी सोनी आदि लोग उपस्थित रहे।

# फाइलेरिया अभियान जिले में 27 फरवरी तक चलेगा

- मरीज को मृत समान बना देती है फाइलेरिया
- पैरों और हाथों में सूजन, हाथी पांव और हाइड्रोसिल 'अंडकोषों की सूजन' होते हैं फाइलेरिया के लक्षण
- बुखार, बदन में खुजली और पुरुषों के जननांग और उसके आसपास दर्द व सूजन भी लक्षण

**संवाददाता।** ज्ञानपुर, मीरजापुर

**फाइलेरिया** अभियान जिले में 10 फरवरी से 27 फरवरी तक चलेगा। यह जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर संन्तोष कुमार चक ने दी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि फाइलेरिया अभियान जिले में 27 फरवरी तक चलाया जायेगा। इसके लिए विभाग की ओर से अभियान को सफल बनाने के लिए 1457 टीमों को लगाई गई हैं। एक टीम में दो व्यक्ति तैनात हैं। टीम के सहयोग के लिए 282 सुपरवाइजरों को भी इस अभियान में लगाया गया है। जो जिले में डोर.टू.डोर जानकर जागरूक करने का काम करेगे।

उल्लेखनीय है कि फाइलेरिया दुनिया की दूसरे नंबर की ऐसी बीमारी है जो बड़े पैमाने पर लोगों को विकलांग बना रही है। यह जान तो नहीं लेती हैए लेकिन जिंदा आदमी को मृत के समान बना देती है। इस बीमारी को हाथी पांव के नाम से भी जाना जाता है। रोग के शुरू होने पर फाइलेरिया की पहचान आसान नहीं है एवं इस बीमारी के लक्षण बीमारी के कीटाणुओं के शरीर में प्रवेश के कई वर्षों बाद दिखाई देते हैं जो हाथी पांवए हाइड्रोसील का यूरिया आदि के रूप में प्रकट होते हैं स हाथी पांव का कोई इलाज नहीं है स लिंफेटिक फाइलेरियासिस को ही आम बोलचाल की भाषा में फाइलेरिया कहा जाता है।

जिला मलेरिया अधिकारी राम आसरे पाल के मुताबिक फाइलेरिया क्यूलेक्स फैंटीगंस मादा मच्छर के जरिए फैलती है। जब यह मच्छर किसी फाइलेरिया से ग्रस्त व्यक्ति को काटता है तो वह संक्रमित हो जाता है। फिर जब यह मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तो वह भी फाइलेरिया ग्रस्त हो जाता है। अधिकतर मामलों में यह संक्रमण 5 से 10 वर्ष तक पता ही नहीं चल पाता है। खास बात यह कि संक्रमण पता चलने के बाद इस बीमारी का कोई कारगर इलाज नहीं है। सहायक मलेरिया अधिकारी आलोक ने बताया कि अगर कोई व्यक्ति पांच साल तक वर्ष में एक बार फाइलेरिया की दवा खा लेता है तो इस बीमारी के बढ़ने या होने से रोका जा सकता है। इसी क्रम में 10 फरवरी से 27 फरवरी तक विशेष अभियान शुरू किया गया है। इसमें स्वास्थ्य कर्मी की ओर से घर.घर जाकर लोगों को दवा खिलाने का प्रावधान है। अभियान शुरू होने पहले ही एनसीसी कोच के मनोज अवस्थी व पीसीआई के जिला समन्वयक विवेक सिंह जिले के स्कूलों में जाकर एनसीसी के छात्रों में फाइलेरिया अभियान को लेकर जागरूकता फैलाया जाना शुरू कर दिया गया है।

### फाइलेरिया से बचाव

1. फाइलेरिया चूंकि मच्छर के काटने से फैलता है, इसलिए बेहतर है कि मच्छरों से बचाव किया जाए। इसके लिए घर के आसण्पास व अंदर साफ-सफाई रखें।
2. पानी जमा न होने दें और समय-समय पर कीटनाशक का छिड़काव करें। फुल आस्तीन के कपड़े पहनकर रहें।
3. सोते वक्त हाथों और पैरों पर व अन्य खुले भागों पर सरसों या नीम का तेल लगा लें।
4. हाथ या पैर में कही चोट लगी हो या घाव हो तो फिर उसे साफ रखें। साबुन से धोएं और फिर पानी सुखाकर दवाई लगा लें।

### लक्षण

**फाइलेरिया** के लक्षण 5.10 वर्ष तक स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देते हैं। लेकिन बुखारए बदन में खुजली और पुरुषों के जननांग और उसके आसण्पास दर्द व सूजन की समस्या दिखाई देती है। इसके अलावा पैरों और हाथों में सूजनए हाथी पांव और हाइड्रोसिलए अंडकोषों की सूजनद्ध भी फइलेरिया के लक्षण हैं। चूंकि इस बीमारी में हाथ और पैर हाथी के पांव जितने सूज जाते हैं इसलिए इस बीमारी को हाथीपांव कहा जाता है। वैसे तो फाइलेरिया का संक्रमण बचपन में ही आ जाता है लेकिन कई सालों तक इसके लक्षण नजर नहीं आते। फाइलेरिया न सिर्फव्यक्ति को विकलांग बना देती है बल्कि इससे मरीज की मानसिक स्थिति पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है।

# मठ प्रबंधन ने समारोह में बांटे कंबल

**संवाददाता।** चहनियां/चन्दौली



**अघोराचार्य** बाबा सिद्धार्थ राम गौतम के निर्देश पर कीनाराम अघोरपीठ मठ रामशाला रामगढ़ के सौजन्य से रविवार को मठ प्रांगण में मठ प्रबंधक मेजर अशोक सिंह के नेतृत्व में कम्बल वितरण समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्यातिथि जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज चन्दौली की प्रधानाचार्य श्रीमती रीता रानी व मोहरगंज चौकी इंचार्ज सुनील सिंह के द्वारा 151 जरूरतमंद लोगो को कंबल वितरित किया गया।

कम्बल वितरण समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनञ्जय सिंह ने कहा कि अघोराचार्य बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी के आदेशानुसार मठ के द्वारा अनवरत कई वर्षों से जरूरतमंद लोगों की नि:स्वार्थ भाव से सेवा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बीच बीच मे मठ द्वारा चिकित्सकीय शिविर का भी आयोजन किया जाता है। मुख्य अतिथि गीता रानी ने कहा कि गरीबो की सेवा से बढ़कर कोई पुनीत कार्य नही है। मठ प्रबंधन द्वारा यह कार्य बाबा सिद्धार्थ गौतम राम का आशीर्वाद है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मठ प्रबंधक मेजर अशोक सिंह, प्रभुनारायण सिंह 'लल्ल' धनंजय सिंह, रमेश सिंह, दुर्गेश पाण्डेय, आभा यादव, अजीत यादव, पंकज पांडेय, कुलदीप बर्मा, शिवाजी सिंह, संतोष पटेल, दीपक कुमार, दिलीप यादव, पीयूष कुमार, अशोक कुशवाहा, मुकेश साहनी, अमित पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन सूर्यनाथ सिंह ने किया।

# सिंधु जल समझौता

## पाकिस्तान की जिद

**नई दिल्ली** ने इस्लामाबाद को सिंधु जल समझौते पर जिद पकड़ने के कारण चेतावनी देने का फैसला किया है। सिंधु जल समझौते-आईडब्लूटी में संशोधन के लिए भारत ने उचित ही पाकिस्तान को नोटिस दी है। यह समझौता दोनों देशों के बीच नौ साल लंबी वार्ता के पश्चात 1960 में हुआ था। आमतौर से इसे दुनिया का एक सर्वाधिक सफल जल-साझा समझौता माना जाता है और विश्व बैंक भी इसमें हस्ताक्षरकर्ता है। सिंधु जल समझौते-आईडब्लूटी के क्रियान्वयन पर इस्लामाबाद की 'कट्टरता' के कारण यह नोटिस देना जरूरी हो गया था। पिछले पांच साल से भारत भारत के किशनगंगा व राटले पनबिजली परियोजनाओं के बारे में चर्चा कर इनका समाधान करना चाहता है, पर पाकिस्तान अपनी जिद पर अड़ा है और मुद्दे के समाधान से इनकार कर रहा है। मीडिया में आई खबरों के अनुसार, भारत ने हमेशा आईडब्लूटी को पूरी तरह क्रियान्वित करने का दृष्टिकोण सामने रखा है, पर पाकिस्तान इसमें बाधायें डाल रहा है। 2015 में उसने एक तटस्थ विशेषज्ञ द्वारा दो पनबिजली परियोजनाओं पर तकनीकी आपत्तियों की जांच का सुझाव दिया था। लेकिन एक साल बाद वह एकपक्षीय रूप से पीछे हट गया और उसने मध्यस्थ अदालत द्वारा निर्णय का प्रस्ताव किया। भारत ने एकसाथ चलने वाली दो प्रक्रियाओं का विरोध किया और विश्व बैंक ने 2016 में उसकी आपत्ति को स्वीकार किया। यह इस तथ्य के बावजूद है कि स्वयं आईडब्लूटी में ऐसे मुद्दों के समाधान की व्यवस्था है। संधि के अनुसार तीन 'पूर्वी नदियों'-व्यास, रावी व सतलज के पानी का नियंत्रण भारत के पास है और तीन 'पश्चिमी नदियों'-सिंधु, चिनाब व झेलम का नियंत्रण पाकिस्तान के पास है। इससे भारत को पूरी सिंधु व्यवस्था के कुल जल के लगभग 20 प्रतिशत पर अधिकार मिलता है, जबकि बाकी पाकिस्तान के पास है। आईडब्लूटी के अनुसार पश्चिमी नदियों के पानी पर भी भारत का अधिकार सीमित सिंचाई तथा बिजली पैदा करने, नौवहन, 'फ्लोटिंग आफ प्रापर्टी', मत्स्य पालन, आदि का असीमित अधिकार है।



समस्या का मुख्य कारण भारत के प्रति पाकिस्तान की असीम घृणा है। वह अभी 1971 का भारत-पाक युद्ध तथा अपने देश का विखंडन भूला नहीं है और इस कारण भारत को कोई रियायत देने के पक्ष में नहीं है। हालांकि, विश्व व्यापार संगठन के अनुसार सभी सदस्य देशों को 'मोस्ट फेवर्ड नेशन'-एमएफएन का दर्जा देना जरूरी है और भारत ने पाकिस्तान को एमएफएन दर्जा दिया भी था, पर पाकिस्तान ने पिछले दो दशकों से ऐसा करने से इनकार किया। इसके बाद भारत ने भी उससे यह दर्जा वापस ले लिया। इसका कारण यह है कि 'मोस्ट फेवर्ड नेशन' या उर्दू में 'सबसे पसंदीदा मुल्क' ऐसी बात है जिसकी अनुमति पाकिस्तान का 'डीप स्टेट' और चरमपंथी हो चुका समाज कभी नहीं देगा। आज जब पाकिस्तानी रुपया तेजी से गिर रहा है, विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से समाप्त हो रहा है तथा अर्थव्यवस्था ढह रही है, तब भी उसके जनरल व जिहाद की बात करने वाले राजनेता व सार्वजनिक व्यक्ति भारत के साथ संबंध सुधारने के इच्छुक नहीं हैं। भारत के साथ व्यापार से निश्चित रूप से पाकिस्तान को सहायता मिलेगी, पर इस्लामाबाद व रावलपिंडी में बैठे सत्ता के नशे में चूर लोग नई दिल्ली के साथ संबंध सामान्य नहीं करना चाहते हैं। वे आतंकी समूहों का समर्थन कर वित्तीय कार्रवाई कार्यबल-एफएटीएफ का गुस्सा मोल लेने को तैयार हैं, पर भारत के साथ संबंध बेहतर बनाने की ओर नहीं बढ़ सकते हैं, हालांकि ऐसा करना उनके अपने ही हित में है। इसलिए भारत द्वारा सिंधु जल समझौते-आईडब्लूटी के मामले में पाकिस्तान को कोई रियायत न देने के निर्णय में कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है।

# तकनीक से न्याय व्यवस्था में तेजी

भारतीय अदालतों में कृत्रिम बुद्धि-एआई के प्रयोग से न्याय जल्दी मिलने तथा लंबित मामलों की समस्या से निपटने में सहायता मिलेगी।



**प्रशांत तिवारी**
(लेखक, लोक नीति विशेषज्ञ हैं)



सरकार तथा न्यायपालिका के बीच वर्तमान समय में जारी टकराव का आम नागरिकों पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। इसके कारण न्याय मिलने में विलंब हो सकता है क्योंकि राजनीतिक दृष्टिकोण तथा सरकार के हस्तक्षेप के कारण न्यायपालिका पर बोझ बढ़ सकता है। इसके परिणामस्वरूप नागरिकों के मामलों की सुनवाई व उनके समाधान में ज्यादा समय लग सकता है। इससे नागरिकों में निराशा की भावना पैदा हो सकती है तथा न्याय व्यवस्था पर उनका विश्वास कमजोर हो सकता है। इसके अतिरिक्त सरकार और न्यापालिका का ध्यान अपने सत्ता संघर्ष पर ज्यादा केन्द्रित हो सकता है जिससे नागरिकों की आवश्यकताओं व सरोकारों की अनदेखी संभव है। इससे कानून व्यवस्था में विश्वास और घटेगा तथा नागरिकों की न्याय तक पहुंच व अपने अधिकारों की सुरक्षा कठिन हो सकती है। भारतीय न्याय व्यवस्था पर पहले से ही बड़ी संख्या में लंबित मामलों का बोझ है और इससे न्याय मिलने में विलंब होता है। यह प्रमुख चिन्ता का विषय है क्योंकि इससे 'कानून का शासन' कमजोर होता है जिसके परिणामस्वरूप न्यायपालिका तथा समग्र रूप से विधि व्यवस्था में विश्वास कमजोर हो सकता है।

भारतीय अदालतों में लंबित मामलों का एक प्रमुख कारण जजों की कमी है। राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के अनुसार, भारतीय अदालतों में लगभग 40 मिलियन लंबित मामले हैं, जबकि जजों की निर्धारित संख्या केवल लगभग 20,000 है। इसके कारण हर जज के पास बड़ी संख्या में मामले पहुंचते हैं जिससे मुकदमों के निपटने में समय लगता है। जजों की नियुक्ति की प्रक्रिया नौकरशाही व राजनीतिक दृष्टिकोण से अक्सर धीमी हो जाती है जिससे जजों की कमी और बढ़ जाती है। लंबित मामलों का एक और कारण अदालतों की कार्यप्रणाली है जो पूरी क्षमता का प्रयोग नहीं करती है।

भारतीय अदालती व्यवस्था अपनी धीमी गति के कारण कुख्यात है जिससे मामले निपटने में सालों लग जाते हैं। इसके अनेक कारण हैं जिनमें तकनीक की कमी, उपयुक्त ढांचागत संरचना एवं संसाधनों का अभाव तथा अदालती स्टाफ के प्रशिक्षण की कमी भी शामिल है। इसके अतिरिक्त कानूनी प्रक्रिया अक्सर विलंबों एवं स्थगनों का शिकार होती है जिससे मुकदमों के निस्तारण में अतिरिक्त समय लगता है। लंबित मुकदमों का हाशियाकृत व कमजोर तबकों को न्याय तक पहुंचने पर प्रभाव पड़ता है। उदाहरण के लिए, मुकदमों के निस्तारण में बहुत अधिक समय लगने से अपराध पीड़ितों व खासकर महिलाओं व बच्चों को न्याय नहीं मिल पाता है। अधिक विलंब के कारण आरोपी को जमानत पर रिहा किया जा सकता है, जिससे वह पहले से ही अपराध से प्रभावित लोगों का पुन: उत्पीड़न कर सकता है। लंबित मामलों का काफी आर्थिक प्रभाव भी पड़ता है क्योंकि मुकदमों के विस्तारण में विलंब उत्पादकता व आर्थिक वृद्धि में कमी का कारण बन सकता है।

मुकदमों के निस्तारण में विलंब से विधि व्यवस्था के प्रति विश्वास कमजोर होता है जिससे निवेश हतोत्साहित होता है व आर्थिक वृद्धि प्रभावित होती है। संक्षेप में भारतीय अदालतों में लंबित मामले कानून के शासन को नुकसान पहुंचा सकते हैं और इसके कारण न्यायपालिका तथा संपूर्ण विधि व्यवस्था में विश्वास घट सकता है। लंबित मामलों का कारण जजों की कमी, अदालतों का कमजोर कामकाज तथा संसाधनों की कमी है।

लंबित मामलों से निपटने के लिए भारतीय विधि व्यवस्था में व्यवस्थित सुधारों की जरूरत है। इनमें जजों की संख्या बढ़ाना, अदालतों को उपलब्ध ढांचागत संरचना व संसाधनों में सुधार तथा अदालतों की क्षमता बढ़ाने के लिए तकनीक का प्रयोग शामिल हैं। कृत्रिम बुद्धि-एआई में भारतीय अदालतों में लंबित मामलों की संख्या काफी घटाने की क्षमता है। लेकिन विधि व्यवस्था में एआई के क्रियान्वयन में सावधानी बरतने की जरूरत है। इसके साथ ही संभावित चुनौतियों तथा सीमाओं पर भी ध्यान देना होगा। भारतीय अदालतों में एआई का एक संभावित प्रयोग अनुमान के आधार पर विश्लेषण है। अनुमान आधारित विश्लेषण का प्रयोग पिछले मामलों में पैटर्नों व प्रवृत्तियों के अध्ययन में हो सकता है। इससे जजों व वकीलों को वर्तमान मामलों में ज्यादा सूचना आधारित निर्णय करने में सहायता मिलेगी। इसके कारण कानूनी प्रक्रिया तेज हो सकती है तथा लंबित मुकदमों का बोझ घट सकता है। लेकिन यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि अनमान आधारित विश्लेषण में प्रयोग एल्गोरिद्म पूर्वाग्रह रहित हो तथा इसके माध्यम से कुछ खास लोगों के समूह पर निशाना न लगाया जाए। इसके साथ ही अनुमान आधारित विश्लेषण के विधि व्यवस्था में प्रयोग से पारदर्शिता व जवाबदेही के मुद्दे भी खड़े होंगे क्योंकि निर्णय लेने की प्रक्रिया इससे कम पारदर्शी होगी तथा वह जटिल एल्गोरिद्म पर ज्यादा निर्भर हो जाएगी। भारतीय अदालतों में एआई का एक और संभावित प्रयोग दस्तावेजों की स्वत: समीक्षा हो सकती है। स्वत: दस्तावेज समीक्षा का प्रयोग कर तेजी से बड़ी संख्या में विधिक दस्तावेजों की छंटाई हो सकेगी जिससे वकीलों व जजों को प्रासांगिक सूचना पहचानने में सुविधा होगी। लेकिन यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि एआई व्यवस्था सटीक ढंग से प्रासांगिक सूचना की पहचान कर सके तथा उसमें गलतियों व गलत सकारात्मकताओं को स्थान न मिले। इसके साथ ही स्वत: दस्तावेज समीक्षा के प्रयोग से अदालत में क्लर्कों तथा अन्य विधि पेशेवरों का रोजगार प्रभावित हो सकता है जो वर्तमान समय में यह काम अपने हाथों से करते हैं। इस समस्या के निराकरण के लिए कुछ दिशानिर्देश बनाने होंगे जहां प्रार्थनापत्रों को प्रशिक्षित बारकौंसिल-संस्तुत वकीलों के पास पहुंचने से पहले इनसे गुजरना होगा। गलतियों तथा तकनीकी कमियों से निपटने के लिए हर निर्णय की पुष्टि प्रशिक्षित जज द्वारा करनी अनिवार्य होगी।

एआई-संचालित चैटबोट का प्रयोग भारतीय अदालतों में खासकर जिला अदालतों व ग्रामीण क्षेत्रों में किया जा सकता है। यहां वे सूचना व निर्देशन के माध्यम से भारी बोझ का सामना कर रहे अधीनस्थ न्यायिक कर्मचारियों की विधि प्रक्रियाओं में सहायता कर सकते हैं। इससे अदालती कर्मचारियों का बोझ घटेगा तथा नागरिकों के लिए विधि सूचना तक पहुंच आसान होगी। लेकिन यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि चैटबोट सटीक व अद्यतन सूचना देने में सक्षम हो तथा इसमें गलतियों या भ्रम की ज्यादा संभावना न हो। इसके साथ ही चैटबोट के प्रयोग से व्यक्तिगत संवाद में कमी आ सकती है तथा विधि व्यवस्था में मानवीय संवेदना प्रभावित हो सकती है।

संक्षेप में कहा जाए तो भारतीय अदालतों में लंबित मुकदमों की समस्या केवल मानवीय हस्तक्षेप से ही समाप्त नहीं हो सकती है। न्याय व्यवस्था में सुधार के लिए तकनीकी हस्तक्षेप व दृढ़ इच्छाशक्ति की भी जरूरत है। भारतीय अदालतों में कृत्रिम बुद्धि-एआई के क्रियान्वयन में लंबित मामलों की संख्या बहुत घटाने तथा विधि व्यवस्था की क्षमता में भारी सुधार की संभावनायें निहित हैं। लेकिन कृत्रिम बुद्धि-एआई के क्रियान्वयन में सावधानी बरतने की जरूरत है। इसके द्वारा संभावित परिवर्तनों तथा इसकी सीमाओं पर भी ध्यान देना जरूरी होगा। इसके लिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि एआई व्यवस्थायें पूर्वाग्रह-रहित हों, जवाबदेह हों तथा इनसे नागरिकों के अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित हो। विधि व्यवस्था में एआई प्रयोग के नैतिक प्रभावों पर भी गौर करना होगा। यह सुनिश्चित करना होगा कि एआई के प्रयोग से व्यक्तिगत संवाद में कमी न आए तथा विधि व्यवस्था से मानवीय संवेदना समाप्त न होने पाए।

# भारत-मिस्र संबंध मजबूत करने के प्रयास

**भूपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)



मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सिसी ने 74वें गणतंत्र दिवस परेड के लिए मुख्य अतिथि के रूप में एक दिलचस्प विकल्प चुना, जो किसी अरब देश से पहली बार हुआ था। चुनाव भू-राजनीतिक और रणनीतिक सुझावों से भरा हुआ है जो वास्तविक राजनीति और बेहतर इंद्रियों में निहित हैं। सभ्यताओं और ऐतिहासिक जुड़ावों के पारस्परिक लोगों के रूप में, द्विपक्षीय संबंध आंतरायिक उतार-चढ़ाव से गुजरे हैं जो आंतरिक राजनीतिक मुद्रा और ब्लॉक दबावों की मजबूरियों से उत्पन्न हुए हैं।

जवाहरलाल नेहरू और गमाल अब्देल नासिर के साथ टीटो, नकरमाह और सुकर्णो ने संयुक्त रूप से किसी भी बड़ी शक्तियों के विशेष हितों की सेवा के लिए सामूहिक रक्षा की व्यवस्था के उपयोग से परहेज की दिशा में गुटनिरपेक्ष आंदोलन चलाया था। भारतीय संदर्भ में, उस विचार के रंग रणनीतिक स्वतंत्रता के अपने आधुनिक पाठ्यक्रम में मौजूद हैं। हालांकि, सह-धार्मिकता के विचारों ने सुनिश्चित किया था कि मिस्र 1965 और 1971 के युद्धों में पाकिस्तान के पक्ष में मजबूती से खड़ा था, साथ ही, पाकिस्तानियों ने 1967 (छह-दिवसीय युद्ध) और 1973 (योम किपुर युद्ध) में मिस्रियों को सैन्य साधन प्रदान किए थे। चूंकि दोनों प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी भी थे, उनके पास एक ब्लॉक गुरुत्वाकर्षण था। फील्ड मार्शल सिसी (मिस्र की सेना में पूर्व जनरल) जिन्होंने लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार (मुस्लिम ब्रदरहुड के मोहम्मद मुर्सी) को अपदस्थ कर दिया था, ने भारत के संविधान को अपनाने के उत्सव की अध्यक्षता की जिसने सेना पर नागरिक नियंत्रण के साथ भारतीय आख्यान का तख्तापलट किया था। विडंबना अपने सबसे अच्छे रूप में। तकनीकी के बाद लगभग सभी विपक्ष (विपक्ष से 40,000 को कैद करने के बाद) को खारिज कर दिया था, सिसी ने कथित तौर पर डाले गए 97 प्रतिशत लोकप्रिय वोटों को जीता है। सिसी, होस्नी मुबारक (मिस्र की वायु सेना के एयर चीफ मार्शल भी) के पुराने स्कूल से एक अधिनायकवादी हैं, केवल अधिक कठोर हैं। संयोग से, भारतीय गणतंत्र दिवस पर उन्होंने मार्च में दुनिया के असली और सबसे बड़े लोकतंत्र को देखा।



सैन्य परेड की घायल यादें 26 जनवरी को दिल्ली में अब्देल सीसी के दिमाग को पार कर गई होंगी, 1981 में एक युवा कप्तान के रूप में, सैन्य परेड के दौरान राष्ट्रपति अनवर सादात (एक पूर्व सैनिक भी) की हत्या से सिसी का मिस्र हिल गया था। मार्चिंग टुकड़ियों और हथियारों के प्रदर्शन के हिस्से के रूप में, एक तोप के टुकड़े को खींचने वाले ट्रकों में से एक हत्यारे दल ने अचानक गठन से बाहर छलांग लगा दी और राष्ट्रपति के मंच पर हमला कर दिया, घातक रूप से। कट्टरपंथी मिस्र के इस्लामिक जिहाद (मिस्र के सैन्यकर्मी भी) के धार्मिक चरमपंथी अनवर सादात के धर्मनिरपेक्ष और शांतिवादी बंधनों से स्पष्ट रूप से परेशान थे और इसलिए उन्होंने हमला किया था। दिल्ली की गणतंत्र दिवस परेड में, सिसी ने एक अत्यधिक अनुशासित, अराजनीतिक और संवैधानिक सेना की एक विपरीत विपरीत छाप जमा की होगी।

मिस्र अपने मार्चिंग दल के साथ भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने वाला चौथा देश था। कथित तौर पर भाग लेने वाले चार विदेशी दलों में से तीन मुस्लिम-बहुल देशों यानी संयुक्त अरब अमीरात, बांग्लादेश और मिस्र से थे (फ्रांस चौथे स्थान पर था)। दिलचस्प बात यह है कि मिस्र के मार्चिंग दस्ते के ठीक पीछे बेरंग के घोड़ों में शानदार 61वें कैवलरीसॉवर थे, जिन्होंने मिस्र की पृष्ठभूमि के साथ अपनी कोशिश की थी। पूर्व भारतीय रियासतों की इंपीरियल सर्विस स्टेट फोर्सेस की विभिन्न इकाइयों से समामेलित, 61 वीं कैवेलरी के डीएनए में जोधपुर, मैसूर, पटियाला, आदि के पूर्व राज्यों के लांसर्स हैं, जिन्होंने आखिरी और सबसे बहादुरी से सफल युद्ध में भाग लिया था। 23 सितंबर 1918 को हाइफा में आधुनिक सैन्य इतिहास में घुड़सवार सेना के आरोप। एक जर्मन-नेतृत्व वाला तुर्क अभियान बल स्वेज नहर को जब्त करने के लिए मिस्र की ओर बढ़ रहा था और मिस्र के अभियान दल के खिलाफ खड़ा किया गया था और हाइफा की बस्ती तुर्क सेना को हराने के लिए महत्वपूर्ण थी। 15वीं (इंपीरियल सर्विस) कैवलरी ब्रिगेड, जो जोधपुर, मैसूर और हैदराबाद की रियासतों की स्टेट रेजीमेंटों से बनी थी, को ऑटोमन बलों के खिलाफ मशीन गन आदि के साथ लगभग असंभव कार्य के लिए आमंत्रित किया गया था।

जोधपुर लांसर्स के तेजतर्रार मेजर दलपत सिंह शेखावत के नेतृत्व में भारतीय लांसर्स ने अपनी निडरता, दुस्साहस और ओटोमन्स को पूरी तरह से भगाकर ऑटोमन्स को चौंका दिया था। 1350 जर्मन और तुर्क कैदियों को ले जाया गया, और आठ भारतीय लोगों की जान चली गई (मेजर दलपत सिंह सहित, जिन्हें मरणोपरांत मिलिट्री क्रॉस से अलंकृत किया गया था)। मिस्र के अभियान बलों को बहुत राहत मिली और हाइफ़ा की लड़ाई एक महत्वपूर्ण मोड़ बन गई, जिसका श्रेय भारतीय कैवेलरी तत्वों को जाता है।

समय और परिस्थितियां एक पूर्ण चक्र में आ गई हैं और आम खतरों ने दोनों प्राचीन भूमि को अलग-अलग शासन संरचनाओं के साथ घेर लिया है। अब्देल सिसी ने रक्षा सहयोग को मजबूत करने और आतंकवाद विरोधी सूचना और खुफिया जानकारी के आदान-प्रदान को बढ़ाने के लिए भारत के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर किए। भारत के साथ अपने युद्धों में पाकिस्तान का समर्थन करने वाले एक राष्ट्र के लिए, काहिरा अब भारत के तेजस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट, आकाश मिसाइल सिस्टम और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के स्मार्ट एंटी-एयरफील्ड वेपन की खरीद की संभावना तलाश रहा है।

यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है क्योंकि मिस्र के सैन्य हार्डवेयर का एक बड़ा हिस्सा भी चीन से आता है, उदाहरण के लिए, बमवर्षक, लड़ाकू, मिसाइल प्रणाली, जहाज, पनडुब्बी, ड्रोन, आदि, जबकि नियंत्रण रेखा के पार भारत की दासता अभी भी वीभत्स है। सह-धार्मिकता का घिसापिटा और थका देने वाला रिकॉर्ड, जो अरब शेखों के साथ और अब्देल सिसी जैसे निरंकुश लोगों के लिए भी घिनौना और तकलीफदेह लग रहा है, जो मिस्र में मुस्लिम ब्रदरहुड जैसे धार्मिक शुद्धतावाद के खिलाफ खुद को बचाने की कोशिश करते हैं। एक परिवर्तनकारी रीसेट के लिए एक इंडो-मिस्र फ्रेमवर्क तैयार है।

## आप की बात

### महिला अधिकार

**प्रजातंत्र** के अमृत महोत्सव के इस अवसर पर विभिन्न प्रचलित कानूनों में सुधार व बदलाव की सख्त आवश्यकता महसूस की जा रही है, मगर यह विडंबना ही है कि हर वाजिब सुधार को धर्म जाति और राजनीति के चश्मे से देखने की एक मनोवृति चल पड़ी है। कोई कानून चाहे देश हित में या महिलाओं के हित में कितना ही महत्वपूर्ण क्यों ना हो उसे विशेष चश्मे से देखने के कारण देश में एक व्यर्थ की बहस चल निकलती है और मूल मुद्दा जहां का तहां लटकता रह जाता है। संस्थानों में समान ड्रेस कानून का भी यही हश्र हुआ। इसे धार्मिक मुद्दा बना लिया गया जबकि अधिसंख्य मुस्लिम देशों में बुर्का प्रथा लगभग समाप्त हो चुकी है। और ईरान में तो इसके लिए महिलाओं ने जान तक की कुर्बानियां दी । धार्मिक बंधनो की दुहाइयां देकर पहले अनेक धर्मगुरु हर अच्छे कदम का विरोध शुरू कर देते हैं और बाद में उसे राजनीतिक सपोर्ट मिलने लगता है। तड़का लगाकर मीडिया रही सही कसर पूरी कर देता है। अब वक्त आ गया है कि खुद महिलाओं को ही अपने अधिकारों के लिए आगे आना होगा। महिलाओं की वेशभूषा को पुरुषवादी नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए क्योंकि यह उनकी प्रगति में बाधक है।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### राष्ट्रपति का संदेश

**राष्ट्र** के नाम अपने पहले गणतंत्र दिवस संबोधन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी ने भारत गणतंत्र के संस्थापक आदर्शों को दोहराया। भारत के सर्वोच्च और प्रतिष्ठित पद पर आसीन होने वाली पहली आदिवासी महिला के रूप में वह हमारे संस्थापकों के आदर्शों के अनुसार लोकतंत्र, बहुलवाद और समाज के कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण की भारत की निरंतर यात्रा की प्रतीक हैं। पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने पांच दशक पहले अंत्योदय की कल्पना की थी। आधुनिक काल के बंधुत्व और लोकतंत्र के मूल्य वास्तव में सम्राट अशोक के समय की प्राचीन भारतीय संस्कृति की सीख से प्राप्त हुए हैं। ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ हमारा संघर्ष आजादी हासिल करने के लिए उतना ही था जितना अपने आदर्शों की फिर से खोज करने के लिए। भारत का सार अनेक पंथों और अनेक भाषाओं में निहित है और फिर भी उन्होंने हमें विभाजित नहीं किया बल्कि हमें एक किया है। इस साल हमने भारतीय गणतंत्र की 74वीं वर्षगांठ मनाई, अगले साल भारतीय गणतंत्र भी अमृत काल में प्रवेश कर जाएगा। ऐसे में परंपरा, ज्ञान, आधुनिकता व विज्ञान का सामंजस्य हमें और शक्तिशाली बनाएगा।

**परमवीर केसरी,** मेरठ


### मध्यपूर्व में हिंसा

**शुक्रवार** की रात पूर्वी येरुशलम स्थित यहूदी पूजास्थल में हुई गोलीबारी में एक 70 वर्षीय महिला सहित सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह वर्षों में इजरायलियों पर सबसे घातक हमला था और इससे अधिक रक्तपात की संभावना बढ़ गई थी। हिंसा और प्रतिहिंसा का विरोध करने के बावजूद घटना को व्यापक दृष्टिकोण से देखना चाहिए। अमेरिका को केवल फिलिस्तीनियों द्वारा की गई हिंसा ही दिखाई देती है। तभी तो उसने तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए इस वारदात की कड़े शब्दों में इसे जघन्य कृत्य करार दिया । मगर एक दिन पहले जेनिन के फिलिस्तीनी शरणार्थी कैंप में इस्राइली सैनिकों ने अंधाधुंध गोलीबारी करके 9 फिलिस्तीनियों को मार गिराया था। तब अमेरिका को दु:ख नहीं पंहुचा था। कब्जे वाले वेस्ट बैंक और पूर्वी यरुशलम में जनवरी में इज़रायली बलों द्वारा मारे गए फिलिस्तीनियों की संख्या पांच बच्चों सहित कम से कम 29 लोगों तक पहुंच गई है। मध्यपूर्व में हिंसा समाप्त करने के लिए न्यायोचित व निष्पक्ष दृष्टिकोण जरूरी हो गया है।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**भारत** और फ्रांस के रणनीतिक संबंधों की 25वीं वर्षगांठ है। भारत व फ्रांस एकसाथ वैश्विक भलाई की शक्ति हैं।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**पाकिस्तान** व भारत के बीच कोई बैकचैनल बातचीत नहीं हो रही है।

– **हिना रब्बानी खार**
पाकिस्तानी मंत्री



**एकता,** सद्भावना, समता एवं संप्रभुता भारतीय संविधान के चार स्तंभ व गणतंत्र की आत्मा हैं।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# महिलाएं कुटीर उद्योगों में ला सकती हैं क्रांतिः सिद्धार्थ नाथ

## ● ललिता शास्त्री स्नेही सेवा संस्थान महिला समूह की हुई बैठक


कार्यक्रम में मौजूद पूर्व काबीना मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह।

**प्रयागराज।** महिलाओं को अपने हुनर को स्वयं पहचानना होगा और अपना उद्यम लगाकर लोगों को रोजगार देने का संकल्प लेना होगा। यह बातें उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री और शहर पश्चिमी विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रशिक्षण केंद्र मंदर भगवतपुर प्रयागराज में ललिता शास्त्री स्नेही सेवा संस्थान की महिलाओं समूहों को संबोधित करते हुए कहीं। पूर्व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने महिला समूह के साथ बैठकर महिलाओं के मन की बात को सुना। महिलाओं ने बताया कि हम उद्यम लगाना चाहते हैं उद्यम के जरिए कई महिलाओं को रोजगार देकर जीवन में खुशहाली लाने का संकल्प है। हम महिलाओं को मार्गदर्शन और सहायता चाहिए जिससे हम अपने जीवन को बदल सकें। सिलाई करने पापड़ बनाने आलू का चिप्स डेयरी उद्योग मसाला वाशिंग पाउडर बनाने आदि क्षेत्रों में उद्यम स्थापित करने की बातें महिलाओं ने अपनी बातें कहीं। साथ ही पैकेजिंग और मार्केटिंग भी करने में आगे हिस्सा बनने को तैयार है। इस कार्य में महिलाओं को बड़ी कठिनाइयां है। बाजार में बेचने की प्रतिस्पर्धा है, जहां हम महिलाओं के हाथों से निर्मित वस्तुओं को अच्छा वेंडर नहीं मिल पाता है। शिवानी शर्मा ने कहा चप्पल उद्योग मैंने आगे बढ़कर बैंक से लोन लेकर व्यापार शुरू किया मगर प्रतिस्पर्धा में पिछड़ रहे हैं। आपके सहयोग के बिना हम महिलाएं सफल नहीं हो सकती है। पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि हम कठिनाइयों का समाधान करेंगे। महिलाएं एक मॉडल बनाकर कार्य करें। सिर्फ हिम्मत और धैर्य की आवश्यकता है। गुजरात के आनंद गांव में बीस महिलाओं ने दूध संग्रह कर बेचने का कार्य शुरू किया था। आज अमूल दूध के नाम से पूरे भारत में बिक रहा है। विश्वास और भरोसा रखें केवल आगे बढ़ने की आवश्यकता है। महिलाएं समूह में एकजुट होकर एक लक्ष्य बनाकर चलें तो उत्तर प्रदेश सरकार हर संभव सहायता के लिए कृतसंकल्पित है। महिलाएं आत्मबल के जरिए कुटीर उद्योगों में क्रांति ला सकती हैं। सहायक उद्योग अधिकारी अमित शुक्ल ने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चल रही योजनाओं से रूबरू कराया और कहा कि सरकार आपके द्वार पर खड़ी है, बैंक भी उद्यमियों की मदद के लिए तैयार है।

## परिषद के चुनाव की सभी पांचों सीटों पर भाजपा प्रत्याशी चुनाव जीतकर इतिहास रचेंगेः कपिल देव

**अंबेडकर नगर।** विधान परिषद चुनाव 2024 की लोक सभा चुनाव का सेमी फाइनल है। पांचों सीटों पर भाजपा प्रत्याशी चुनाव जीतकर इतिहास रचेंगे। विचार भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने अपने आवास पर स्नातक चुनाव के मतदाताओं की बड़ी बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया। भाजपा सर्व स्पर्शी, सर्वग्राही, सर्व व्यापी पार्टी है, जो समाज के हर व्यक्ति के उत्थान और समृद्धि की सोच के साथ राजनीति करती है। भाजपा की सोच देश हित और समाज हित की है। भाजपा कार्यकर्ता बिना किसी स्वार्थ के देश और समाज हित में सदैव काम करते रहते हैं। पूर्व विधान सभा प्रत्याशी कपिल देव वर्मा ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि विधान परिषद प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जनपद से भारी जीत दर्ज करेंगे इस जनपद से अन्य दल के प्रत्याशी की जमानत जप्त हो जायेगी।

# विवाहिता की पिटाई व भ्रूण हत्या के मामले में पुलिस ने 26 दिन बाद दर्ज किया केस

## ● पति सहित आठ के खिलाफ किया गया मुकदमा दर्ज

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता के ससुरारी जनों द्वारा विवाहिता को जमकर मारे पीटे जाने के दौरान गर्भपात हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की फटकार के बाद इनायत नगर पुलिस ने आखिरकार पीड़ित विवाहिता की तहरीर पर पति सहित आठ लोगों के खिलाफ गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इनायत नगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता की शादी रौनाही थाना क्षेत्र अंतर्गत चिर्रा गांव स्थित मक्का मस्जिद निवासी रहीम शाह के साथ हुई थी। पीड़ित विवाहिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उसकी शादी रहीम शाह के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही रहीम शाह, सास शहजादी, करीम शाह अब्दुल रजा एवं हिना, निशवा एवं गुलाब शाह उसे प्रताड़ित करने लगे थे और आरोप लगा रहे थे कि तुम्हारे गर्भ में पल रही संतान नाजायज है, जिसे अबॉर्शन करा दो। विवाहिता के मना करने पर उक्त लोगों द्वारा उसे जमकर मारा पीटा गया जिसके चलते विवाहिता को रक्तस्राव होने लगा और उसके गर्भ में पल रहे भ्रूण का गर्भपात हो गया। युवती का आरोप है कि घटना के बाद उसने बीते 2 जनवरी को 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचित किया था। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने के उसने बीते 10 जनवरी को प्राथमिक स्वास्थ्य मिल्कीपुर जाकर अपनी चोटों का डॉक्टरी परीक्षण कराते हुए दवा इलाज कराया था। विवाहिता का यह भी आरोप है कि उसने इनायतनगर पुलिस को भी मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने हेतु तहरीर दी किंतु आरोपियों के प्रभाव के आगे उसकी सुनी नहीं गई। पुलिसिया कार्रवाई न होने से नाराज होने के उपरांत थकी हारी युवती वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पास पहुंची जहां उसने एसएसपी को आपबीती बताया जिसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुनिराज ने पुलिस को कड़ी फटकार लगाते हुए मामले में तत्काल प्राथमिकी कायम किए जाने के निर्देश दिए। एसएसपी की फटकार के बाद आखिरकार इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक ने पीड़ित महिला की तहरीर पर पति सहित उसके सास.ससुर देवर और ननद सहित 8 लोगों के खिलाफ मारपीट व भ्रूण हत्या सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सपा विधायक व पूर्व सांसद त्रिभुवन दत्त को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई



**आलापुर, अम्बेडकरनगर।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आलापुर विधान सभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व सांसद त्रिभुवन दत्त को बड़ी जिम्मेदारी दिया है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया तथा पार्टी कार्यालय पर सपा विधायक त्रिभुवन दत्त का स्वागत किया। बसखारी में अब्दुल अज़ीज़ शाह, पुद्दन भाई, संजय गौतम, गंगाराम राजभर, अरविन्द कुमार अखिलेश गौतम, नवियाश काजी आदि ने विधायक त्रिभुवन दत्त का माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। स्वागत से अभिभूत सपा विधायक त्रिभुवन दत्त ने कार्यकर्ताओं के मान सम्मान को बरकरार रखने का भरोसा दिलाया। सपा विधायक त्रिभुवन दत्त को राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर पूर्व विस अध्यक्ष रवींद्र यादव, श्रीराम मौर्य, घनश्याम यादव, राजबहादुर यादव, रामचंद्र वर्मा, अजय गौतम एडवोकेट, रामअनुज यादव, हारून अंसारी, कल्लू वर्मा, संजय शर्मा, अखिलेश यादव पपलू, ग्राम प्रधान मुकेश यादव, शिव मंगल यादव, रामधनी यादव, अमरजीत, नायबे आलम, निर्दोष यादव, मार्कंडेय, रामचरन, सुरेंद्र, हरिलाल एडवोकेट, अन्नू कनौजिया, राधेमोहन, श्याम सुंदर गौतम, नीरज यादव सहित कई अन्य कार्यकर्ताओं ने माला पहना कर स्वागत किया और मिष्ठान वितरित कर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## धारदार हथियार से मार कर शिक्षक की हत्या

**गोंडा।** थाना कोतवाली नगर के पंत नगर मुहल्ले में किराए के मकान में रह रहे शिक्षक कृष्ण कुमार यादव की शनिवार की रात करीब साढ़े नौ बजे के आसपास धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी गई। मोहल्ले वालों की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, नगर कोतवाली की पुलिस, डाग स्कवायड, विधि विज्ञान प्रयोगशाला व स्पेशल आपरेशन ग्रुप की टीम ने पहुंचकर घटना के बावत पड़ताल कर साक्ष्य जुटाए। हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। मृतक शिक्षक मूल रूप से अंबेडकर नगर जिले के थाना जलालपुर के भष्मा गांव का रहने वाला बताया गया है। वह जिले के इटियाथोक स्थित जनता इंटरकालेज में अध्यापक के पद पर तैनात था। जो अपनी छोटी बहन के साथ किराए के मकान में रहता था। शनिवार की रात करीब साढ़े नौ बजे के आसपास कुछ लोग उसके घर पहुंचे और दरवाजा खुलते ही वे लोग घर में घुस गए तथा धारदार हथियार से मारकर कृष्ण कुमार यादव की निर्मम हत्या कर दी।

# पत्रकारिता विभाग में भारतीय अखबार दिवस पर गोष्ठी

## ● सामाजिक समरसता में समाचार.पत्र अहम अस्त्रः डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग द्वारा रविवार को भारतीय अखबार दिवस पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए एमसीजे समन्वयक डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय पत्रकारिता की शुरुआत 29 जनवरी 1780 में अंग्रेज अधिकारी जेम्स ऑगस्टस हिकी द्वारा कोलकाता से बंगाल गजट के प्रकाशन के साथ हुई थी। इसी दिन को भारतीय अखबार दिवस के रूप में मनाते हैं। जेम्स ऑगस्टस हिकी ने भारतीय जनमानस के प्रति ब्रिटिश सरकार द्वारा किए जा रहे भेदभाव पूर्ण व्यवहार एवं अमानवीय यातना का खुलकर विरोध किया था। जिसके कारण उन्हें अंग्रेजों द्वारा कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ा था। उन्होने बताया कि स्वतंत्रता आंदोलन में कई साहित्कारों व क्रांतिकारियों ने समाचार पत्रों को एक अस्त्र के रूप में इस्तेमाल किया था जिसमें राजा राममोहन राय ने भारतीय कुप्रथाओं को खत्म करने में व आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी, लाला लाजपत राय सहित अन्य क्रांतिकारियों ने समाचार पत्रों का भरपूर सहयोग लिया था। वहीं भीम राव अम्बेडकर ने भी पत्रकारिता को सामाजिक समरसता के लिए एक अहम अस्त्र बनाया। अन्त में डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि सारे खबरों की खबर रखने वाला समाचार पत्र ही है। जो पाठकों के दिल में जिंदा है और जिंदा रहेगा।

गोष्ठी में विभाग के शिक्षक डॉ. राज नारायण पांडेय ने कहा कि जेम्स ऑगस्टस हिकी ने भारत में पत्रकारिता की शुरुआत अंग्रेजी सरकार की दमन नीतियों के खिलाफ की थी। हिकी ने अंग्रेज होने के बावजूद भी भारतीय जनमानस के प्रति हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई और उन्होंने कोलकाता को भारतीय पत्रकारिता की जन्म भूमि के रूप में स्थापित किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता समाज को सर्व समर्थ बनाने में सक्षम रही है। इसके आदर्श मूल्यों को बनाए रखना जरूरी है। विभाग के शिक्षक डॉ. अनिल कुमार विश्वा ने बताया कि पत्रकारिता समाज के सर्वांगीण विकास के लिए की जानी चाहिए। किसी वर्ग विशेष या स्वयं के हित के लिए पत्रकारिता का उद्देश्य नहीं होना चाहिए। पत्रकारिता जनमानस की आवाज होती है। इसके मूल्यों, आदर्शों और पवित्रता को बनाए रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है। इसी क्रम में विभाग के छात्र सुभाष सिंह ने कहा कि अखबार जन की आवाज है। इन्हें किसी के प्रभाव में नहीं आना चाहिए। इन्हें सदैव मानव व समाज के हित में कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. चतुर्वेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर गीताजंलि मिश्रा, प्रगति ठाकुर, प्रणीता राय, रोशनी कुमारी, रजनीश मिश्रा, चन्द्रशेखर सोनी, दिव्यांश मिश्रा, संतोष कुमार, सुनील पाठक, अविनाश सिंह, अनमोल उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं आनलाइन जुड़े रहे।

## क्विक न्यूज

### पत्रकार को दी श्रद्धांजलि

**गोंडा।** राष्ट्रीय पत्रकार परिषद तथा इंकलाब फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को स्थानीय टाउन हाल में युवा पत्रकार स्व. कल्बे वसी मोहसिन (42) को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर अनेक वक्ताओं ने मोहसिन से जुड़ी अपनी यादों को साझा करते हुए उनके चित्र पर पुष्पार्पण किया। अपने सम्बोधन में रेडक्रास सोसाइटी के डॉ. शेर बहादुर सिंह ने कहा कि मोहसिन को वह उसके बचपन से जानते थे। वह बहुत ही मिलनसार और होनहार था। पेंशनर्स कल्याण परिषद के केबी सिंह ने कहा कि मोहसिन उनके बेटे का सहपाठी था और वह उनके परिवार के सदस्य जैसा था। उसका असमय अलगाव बहुत दुखद है। रेडक्रास सोसाइटी के ही जसपाल सिंह सलूजा ने कहा कि मोहसिन एक निडर पत्रकार था। उसकी कमी पूरे जीवन खलेगी। सैयद काजिम हुसैन ने कहा कि जिसे मुझे कंधा देना चाहिए, उसे हम कंधा दे रहे हैं। विधि के इस विधान पर हम दुखी हैं। वरिष्ठ पत्रकार संजय तिवारी ने कहा कि हमने एक अच्छा एवं मिलनसार साथी खो दिया है। उसके बिछुड़ने का गम हमेशा रहेगा। पत्रकार प्रवीन श्रीवास्तव, कंवल जीत सिंह हनी, वरिष्ठ अधिवक्ता अजेय विक्रम सिंह, सफदर हुसैन रिजवी, मो. जुबैर, पुनीता मिश्रा, कल्बे आबिद मोजिस आदि ने भी श्रद्धांजलि सभा में अपने विचार रखे। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### 35 ग्रामीण महिलाओं ने सीखे ब्लॉक प्रिंटिंग के गुण

**मिल्कीपुर अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा विकासखंड मिल्कीपुर के जोरियम गांव में ब्लॉक प्रिंटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, 35 ग्रामीण महिलाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह के दिशा निर्देशन में किया गया। सहायक प्राध्यापिका डॉ विभा परिहार ब्लॉक प्रिंटिंग द्वारा विभिन्न प्रकार के वस्त्रों पर डिजाइन करने के गुण सिखाए। डॉ विभा ने बताया कि ब्लॉक की तैयारी के लिए मजबूत लकड़ी का उपयोग किया जाता है। अगर लकड़ी काफी सख्त है तो डिजाइन के किनारे बारीक काटने के दौरान नहीं टूटते हैं। पीयर ;नाशपाती, की लकड़ी ब्लॉक बनाने के लिए बहुत उपयुक्त होती है। विभिन्न रसायनों जैसे बाइंडर, थिकनर और सॉफ्टनर को रेसिपीज के अनुसार रंग में मिलाया जाता है। प्रत्येक रंग को मिलाने के लिए अलग.अलग ट्रे का प्रयोग करना चाहिए। सहायक प्राध्यापिका मनप्रीत ने बताया कि ब्लॉक की छपाई की 17 को रंगीन ट्रे में रखे ऊनी कपड़े या स्पंज से छुड़ाया जाता है और उसे धीरे से दबाना चाहिए। इससे ब्लॉक की छपाई की सतह पर अच्छी तरह से रंग लग जाता है। कुर्ते, साड़ियां, रुमाल आदि पर ब्लॉक प्रिंटिंग करने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### मानव श्रंखला बनाकर वसुधैव कुटुंबकम की भावना से जागरूक हुए

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि में ग्रुप ऑफट्वेंटी को लेकर एनसीसी कैडेट्स एवं छात्र छात्राओं द्वारा मानव श्रंखला बनाकर लोगों को जागरूक किया गया। विवि में 74 वें गणतंत्र दिवस पर विवि की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल की उपस्थिति में अधिकारियों, शिक्षकों व छात्र.छात्राओं ने जी-20 मानव श्रंखला बनाकर लोगों को जी.20 से जागरूक किया गया। कुलपति ने बताया कि भारत वसुधैव कुटुम्बकम की भावना पर विश्वास करता है। जी.20 में भारत विश्व के लिये नया विकास एजेंडा बनायेगा। वैश्विक वित्तीय सुधार, जलवायु परिवर्तन, भू.राजनैतिक अस्थिरता सहित सभी क्षेत्रों में जी.20 भारत की अध्यक्षता महत्वपूर्ण होगी।

### मतदेय स्थलों के लिए पोलिंग पार्टी की रवानगी

**अंबेडकर नगर।** 30 जनवरी 2023 को होने वाले उत्तर प्रदेश विधान परिषद के गोरखपुर फैजाबाद खण्ड स्नातक निर्वाचन. 2023 के संबंध में आज दिनांक 29 जनवरी 2023 को जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट से मतदेय स्थलों के लिए पोलिंग पार्टी रवाना की गईं। एसडीएम अकबरपुर पवन कुमार जायसवाल, एएसडीओ मोहनलाल गुप्ता, जिला विकास अधिकारी बिरेंद्र सिंह, तहसीलदार, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी तथा निर्वाचन में लगाए गए अन्य अधिकारी कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

### पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

**अंबेडकरनगर।** कटेरी ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत ग्रामसभा मर थुआ सरैया स्थित पंचायत भवन पर जिला स्तरीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर में जिले एवं ब्लॉक स्तरीय चिकित्सक व पशु चिकित्सा विभाग के सीएमओ समेत सभी अधिकारीगण प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। पशुपालकों के सभी पालतू जानवरों का निशुल्क इलाज एवं निशुल्क दवाइयों का वितरण किया जाएगा। प्रधान अजय पटेल ने आसपास क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों के पशुपालकों से उक्त शिविर में पहुंचकर अपने पशुओं का निशुल्क इलाज कराकर अपने पशुओं को स्वस्थ बनाए रखने का आह्वान किया।

## तकनीक को मजबूत बनाने में निभाएंगे महत्वपूर्ण भूमिका

**प्रयागराज।** पॉवर साल्यूशंस बिज़नेस में इनोवेशन लीडर लुमिनस पावर टेक्नालाजी ने आज उत्तराखंड में अपने नए व आधुनिक सोलर पैनल मैनुफैक्चरिंग प्लांट की घोषणा की। औद्योगिक शहर रुद्रपुर में स्थित आधुनिक प्लांट में आवासीय और कामर्शियल उपयोग के लिए उच्च गुणवत्ता के सोलर पैनल्स का डिज़ाईन और उत्पादन करने के लिए अत्याधुनिक टेक्नालाजी मौजूद होगी। यह नया मैनुफैक्चरिंग प्लांट कंपनी के सोलर पोर्टफोलियो को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और इस साल के अंत तक पूरी तरह से काम करना शुरू कर देगा। प्रीति बजाज सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर लुमिनस पावर टेक्नालाजीज़ ने कहा भारत में पहली सोलर पैनल सुविधा की स्थापना रुद्रपुर में करने की घोषणा करने के लिए उत्साहित हैं। यह एक स्वच्छ और ज्यादा सस्टेनेबल भविष्य की ओर लुमिनस पावर टेक्नालाजीज़ के सफर में एक बड़ा कदम है।

# महिलाओं के साथ बढ़ते अपराध पर किया जागरूक

## ● संस्था अलकौसर सोसायटी की ओर से मलिन बस्ती में कार्यक्रम आयोजित


बालिका नंदनी को सम्मानित करते पुलिस उपायुक्त सतीश चंद्र।

**प्रयागराज।** अल कौसर सोसाइटी की ओर से आज महिलाओं के साथ बढ़ते अपराध विषय पर मलिन बस्ती में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को विधिक जानकारी दी गयी। इसके साथ ही मलिन बस्ती की होनहार बालिका जिसका चयन खेलो इंडिया में हुआ है उनको संस्था द्वारा सम्मानित भी किया गया। संस्था की अध्यक्ष और हाईकोर्ट की अधिवक्ता नाजिया नफ़ीस ने बताया कि मुख्य अतिथि अपर पुलिस उपायुक्त अपराध सतीश चंद्र ने नंदनी को संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अपर पुलिस उपायुक्त अपराध सतीश चंद्र ने बच्ची को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं के साथ ही बस्ती वालों को उनके कानूनी अधिकार के प्रति जागरूक किया। उन्हें पढ़ लिख कर कठिनाइयों से बिना डरे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संस्था की अध्यक्ष नाजिया नफीस को आश्वासन दिया जो भी बच्चे बच्चियां पढ़ना लिखना चाह रहे हैं। उन्हें यदि किसी प्रकार की कोई भी समस्या है तो उनसे संपर्क करें वह इस पुनीत कार्य में हर सम्भव मदद के लिए सदैव तैयार हैं।

नाजिया नफीस ने पुलिस उपायुक्त अपराध को बताया कि उन्होंने आज से एक दशक पहले इन बस्तियों में काम करना शुरू किया था। इन बस्तियों के सैकड़ों बच्चे बच्चियां, जो कभी स्कूल नहीं गए थे, को स्कूल चलो अभियान के तहत आम जनमानस के सहयोग से स्कूल तक पहुंचाया उनकी आवश्यकताओं को समाज के संभ्रांत लोगों की मदद से पूरा किया। आज वह बच्चे बच्चियां पढ़ लिखकर आगे बढ़ रहे हैं। इन बस्तियों में प्रतिभा की कमी नहीं है बस इन्हें रास्ता दिखाने की जरूरत है। यह अपना सफर खुद तय कर लेंगे नंदनी आज इन सभी के लिए प्रेरणा श्रोत है जिसे देख कर बस्ती के दूसरे बच्चों में भी कुछ कर गुजरने का जज्बा देखने को मिला। संस्था की तरफ से बस्ती के दूसरे बच्चों को भी पठन पाठन सामग्री वितरित की गयी।

# भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने सुनी मन की बात

**मिल्कीपुर अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम के तहत देश को संबोधित किया गया। जिसे स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी सुना। यह कार्यक्रम का 97 वां संस्करण था। यह रेडियो कार्यक्रम सुबह 11 बजे से ऑल इंडिया रेडियो, दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो न्यूज और मोबाइल एप पर प्रसारित किया गया। अनु. मोर्चा के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया, अनु. मोर्चा प्रदेश कोषा अध्यक्ष चंद्रकेश रावत ने मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के गड़ौली ग्राम पंचायत सचिवालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर सुना। पीएम मोदी ने देशवासियों को न्यू इंडिया के बारे में बताया। इसके अलावा उन्होंने आदिवासी समाज की भूमिका से लेकर पद्म पुरस्कार पाने वाली हस्तियों के बारे में भी चर्चा की। पीएम मोदी ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में अनेक पहलुओं की काफी प्रशंसा हो रही है। 26 जनवरी की परेड के दौरान कर्तव्य पथ का निर्माण करने वाले श्रमिकों को देखकर बहुत अच्छा लगा। पीएम मोदी ने ज्वार बाजरा मोटे अनाज की विशेषताओं पर भी बातें कीं। मोटा अनाज खाकर मनुष्य अपना स्वस्थ जीवन जी सकता है। मन की बात पर अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने बूथ कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात देश के लिए प्रेरणा देती है। उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने मन की बात कार्यक्रम में कभी राजनीति पर बात नहीं की, उन्होंने हमेशा राष्ट्र की बात की समाज की बात की। प्रधानमंत्री का संबोधन सुन रहे लोग मन की बात समाप्त होने के बाद, किसान रामजश, रामभवन, राम प्रसाद, देवीदीन, राम कुमार लीलावती, जयकला, रामदेई राज कुमारी आदि लोगों ने बताया कि हम लोगों के मन की बात तो मोदी जी नहीं बताए।

# स्नातक एमएलसी चुनाव का मतदान आज

## ● निष्पक्ष, स्वतंत्र, सुव्यवस्थित व शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जायेगा मतदानः एडीएम


कलेक्ट्रेट में रवाना होती पोलिंग पार्टी का जायजा लेते एसपी व एडीएम।

**संतकबीरनगर।** उप्र विधान परिषद निर्वाचन-2023 (गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड स्नातक निर्वाचन) ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को एडीएम/उप जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर ब्रीफ किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर से एडीएम/उप जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता एवं अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। निर्वाचन को निष्पक्ष, स्वतंत्र, सुव्यवस्थित व शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मियों पर है। चुनाव कार्य में लगे समस्त पुलिस अधिकारियों/कर्मियों के लिए आवश्यक है कि वे अपने कर्तव्य के प्रति निष्पक्ष व संवेदनशील रहें। जिस भी प्वाइंट पर उन्हें तैनात किया गया है पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें और चुनाव के दौरान पूरी सतर्कता बरतें व किसी का भी आतिथ्य स्वीकार न करें। मतदान स्थल पर किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री न जाने दें व मतदान केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में अनावश्यक गतिविधि पर दृढ़ता से प्रतिबंध लगाएं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान हेतु मतदेय स्थल पर पुलिस प्रबंध सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। प्रत्येक मतदान केंद्र/स्थल पर मानक एवं संवेदनशीलता के आधार पर पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जनपद को कुल 3 जोन व 9 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक पोलिंग बूथ पर पीएसी के साथ, उप निरीक्षक, मुख्य आरक्षी, आरक्षी तथा होमगार्ड के जवान तैनात रहेंगे। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट परिसर से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया।

# एक भी डिलीवरी न कराने वाली आशा बहुएं बर्खास्त



**बस्ती।** डीएम प्रियंका निरंजन ने लापरवाह 93 आशा बहुओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए इन सभी की सेवाओं को बर्खास्त करने का आदेश दिया। इन सभी पर पिछले छह माह में एक भी डिलेवरी न कराने का आरोप है। यह कार्रवाई कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में हुई। इन सभी आशाओं को नोटिस जारी की जाएगी तथा इसके पश्चात ग्राम पंचायत द्वारा इनकी सेवा समाप्ति कर नए का चयन किया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने डीपीआरओ को भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। डीएम ने सीडीओ की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है, जिसमें सीएमओ तथा एसीएमओ सदस्य होंगे। यह समिति बर्खास्तगी की जद में आई आशाओं के प्रत्यावेदन की सुनवाई करके उसका निस्तारण करेगी। डीएम ने हर्रैया एवं रुधौली के बाद भानपुर एफआरयू में ऑपरेशन शुरू होने पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बधाई दिया तथा इसी क्रम में बहादुरपुर में भी एफआरयू शुरू करने का निर्देश दिया। समीक्षा में मिला कि मरवटिया, दुबौलिया, गौर तथा परसरामपुर सीएचसी विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में काफी पिछड़ा हुआ है। सीएमओ को निर्देशित किया कि माह में एक बार गौर सीएचसी का निरीक्षण अवश्य करें तथा वहां के कार्यों में सुधार लाएं। अन्य तीनों सीएचसी के नोडल एसीएमओ प्रत्येक माह सीएचसी का निरीक्षण कर सुधार लाएं। समीक्षा में उन्होंने पाया कि 13 पीएचसी पर परिवार नियोजन की कोई सुविधा नहीं उपलब्ध कराई जा रही है तथा स्टाफ की अनुपलब्धता के बारे में कई एमओआईसी द्वारा बताया गया।

# विप चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना, मतदान आज



**बस्ती।** गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य हेतु 18 मतदेय स्थलों के लिए कलेक्ट्रेट परिसर से मतदान पार्टियां रवाना कर दी गईं। इस अवसर पर मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्रा, डीएम प्रियंका निरंजन, एसपी आशीष श्रीवास्तव, सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति, एडीएम कमलेश चंद, सीआरओ नीता यादव, तथा एसडीएम/जोनल मजिस्ट्रेट शैलेश दुबे, आनंद श्रीनेत, गुलाबचंद, जी.के. झा एवं मजिस्ट्रेटगण उपस्थित रहे।

पोलिंग पार्टियों को रवाना करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से मतदान कराएं। मतदान प्रक्रिया के दौरान निष्पक्षता प्रदर्शित भी होनी चाहिए। किसी प्रक्रिया के संबंध में यदि किसी प्रकार का भ्रम हो, तो निर्वाचन कार्यालय से जानकारी हासिल कर लें। प्रत्येक मतदान स्थल पर काफी कम संख्या में मतदाता हैं, इसलिए इत्मीनान से मतदान कराएं, किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही ना बरतें। डीएम प्रियंका निरंजन ने कहा कि इस मतदान में वरीयता का मत अंकित करना होता है। इसके लिए मतदेय स्थल में बैगनी रंग की स्केच पेन उपलब्ध कराई जाती है। मतदान कर्मी यह ध्यान रखें कि कोई मतदाता अपने पेन से मतदान ना करें, अन्यथा मतगणना के समय इसे अवैध कर दिया जाएगा। पहचान के लिए फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र के अलावा 10 अन्य विकल्प दिए गए हैं। पहचान के लिए उनका उपयोग किया जा सकता है।

सभी मतदान पार्टियों ने मतपत्र के साथ-साथ, स्टेशनरी, मतदान कंपार्टमेंट के लिए कार्डबोर्ड, मतपेटिका एवं उसको सील करने की सामग्री प्राप्त किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी मतदान पार्टी के कर्मचारी रात में मतदेय स्थल पर ही निवास करेंगे। सुबह प्रातः 8 बजे से मतदान कराएंगे तथा शाम को चार बजे मतदान के पश्चात एजेंट के सामने मतपेटी को सील करके कलेक्ट्रेट परिसर आएंगे। यहां पर मतपेटी जमा करेंगे, जिसे सुरक्षा बल के साथ गोरखपुर के लिए रवाना किया जाएगा। विधान परिषद निर्वाचन में सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन कार्यालय में आईटीआई प्रधानाचार्य पी.के. श्रीवास्तव के नेतृत्व में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसका नम्बर 05542-247132 है। नोडल के साथ पांच अन्य सहयोगी तैनात किए गये हैं।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 30 जनवरी 2023



# विधायक, अधिकारियों और पत्रकारों ने क्रिकेट ग्राउण्ड पर दिखाया दम

**संवाददाता।** सीतापुर

**क्रिकेट** ग्राउण्ड पर रविवार को बेहतरीन नजारा देखने को मिला। एक ओर महोली विधायक शशांक त्रिवेदी अपनी टीम की हौसला अफ़ज़ाई करते नजर आए तो दूसरी ओर सीतापुर जिलाधिकारी अधिकारियों का तालियां बजाकर उत्साहवर्धन करते हुए दिखे। महोली के कृषक इण्टर कॉलेज मैदान पर विमला कौशल फाउण्डेशन द्वारा आयोजित प्रशासन एकादश व पत्रकार एकादश के बीच मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। प्रशासन एकादश के कप्तान जिलाधिकारी अनुज सिंह व पत्रकार एकादश के कप्तान विधायक शशांक त्रिवेदी ने मैच के दौरान अपनी-अपनी टीम के खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते नजर आए। मैच की शुरुआत भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने बल्लेबाजी में हाथ आजमाकर की लेकिन वह पहली ही गेंद पर आउट हो गए। प्रशासन एकादश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पत्रकार एकादश की ओर से विधायक शशांक त्रिवेदी के पुत्र यशोवर्धन त्रिवेदी और करन मगन ओपनिंग करने उतरे। प्रशासन एकादश के गेंदबाजों ने अपने कप्तान के फैसले को सही साबित करते हुए पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर विधायक पुत्र यशोवर्धन त्रिवेदी को आउट कर दिया। यशोवर्धन को फाइलेरिया इंस्पेक्टर आर्यन शुक्ला ने बोल्ड आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतर अभय प्रताप सिंह का साथ करन मगन नहीं दे सके और 6 रन के स्कोर पर टीम को दूसरा झटका लगा। इसके बाद क्रीज पर आए अभय राज भी ज्यादा देर तक नहीं टिक सके और अभय राज को एसए पिसावां अनूप कुमार ने बोल्ड आउट कर दिया।

इस प्रकार टीम का स्कोर 13 रन पर 3 विकेट हो गया फिर बैटिंग करने आए अस्मित त्रिवेदी भी सस्ते में चलते बने। अस्मित को नायब तहसीलदार महोली आलोक कुमार ने कैच आउट कर दिया। अब टीम का स्कोर 18 रनों पर 4 विकेट हो गया। इसके बाद पत्रकार एकादश के लगातार विकेट गिरते रहे। 31 रनों पर अरविन्द बाजपेई बिन्दु भी बोल्ड आउट हो गए। हालांकि पुराने खिलाड़ी रहे बिन्दू ने एक चौका और एक छक्का जरूर मारा लेकिन उन्हें शिक्षक सौरभ ने बोल्ड कर दिया। इसके बाद 36 रन के स्कोर पर टीम को छठा झटका लगा जब रिजवान रन आउट हो गए। इसके बाद 89 रनों पर पत्रकार एकादश के 8 विकेट गिर चुके थे फिर बल्लेबाजी करने उतरे युवा बल्लेबाज पुनीत शर्मा ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए चौके-छक्कों की बरसात कर दी और टीम का स्कोर निर्धारित 16 ओवरों में 8 विकेट पर

## ● प्रशासन एकादश व पत्रकार एकादश के बीच हुआ मैत्री क्रिकेट मैच

150 रन तक पहुंचा दिया। आखिरी ओवर में कप्तान और विधायक शशांक त्रिवेदी ने भी बल्लेबाजी में हाथ आजमाए और नाबाद दो रन बनाए। एक ओर डीएम, अधिकारियों का हौसला बढ़ा रहे थे तो दूसरी ओर विधायक शशांक त्रिवेदी अपनी कमेन्ट्री से अपनी टीम का उत्साहवर्धन कर रहे थे। विधायक की कमेन्ट्री पर दर्शक तालियां बजाते नजर आए वहीं ग्राउण्ड के अंदर खिलाड़ी भी विधायक की कमेन्ट्री से खुश दिखे। प्रशासन एकादश की ओर से आर्यन शुक्ला, अनूप कुमार, आलोक कुमार और सौरभ सिंह ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए पत्रकार एकादश के बल्लेबाजों की कमर तोड़ दी। मैच में सीओ महोली अमन सिंह, नगर पंचायत महोली के अधिशासी अधिकारी, दिनेश कुमार, सीएचसी अधीक्षक महोली डा. इमरान व कोतवाली प्रभारी महोली अनूप शुक्ला ने बेहतरीन फील्डिंग कर दर्शकों का दिल जीत लिया। ईओ दिनेश कुमार ने तो एक बेहतरीन कैच भी लपका जिससे वह चोटिल भी हो गए। ईओ के कैच पर डीएम अनुज सिंह भी तालियां बजाते नजर आए। मैच के दौरान ग्राउण्ड के अंदर बीडीओ महोली प्रतीक सिंह भी अपने खिलाड़ियों को लगातार बकअप करते रहे। बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरे प्रशासन एकादश की ओर से फाइलेरिया इंस्पेक्टर आर्यन शुक्ला और कोतवाली प्रभारी अनूप शुक्ला ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और पहले ही ओवर में 16 रन जड़ दिए। इसके बाद प्रशासन एकादश के बल्लेबाजों ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए मैत्री क्रिकेट मैच में शानदार जीत दर्ज की।

प्रशासन ने जहां मैच जीता तो पत्रकार एकादश ने लोगों का दिल जीतकर पूरे ग्राउण्ड का नजारा ही बदल दिया। प्रशासन एकादश की ओर से मनोज बंसल, सिद्धार्थ सिंह, रामबाबू त्रिवेदी, रवि गिरि, बैंक ऑफ बड़ौदा के मैनेजर सत्यम वर्मा, प्रशांत सिंह आदि ने भी अपने खेल का जलवा दिखाया। पत्रकार एकादश की ओर से लवकुश, मोनू, अमित भदौरिया, अन्नू पाण्डेय, शिवप्रकाश मिश्रा, बंटी मिश्रा, रजनू आदि ने भी अपनी टीम को जिताने का भरसक प्रयास किया। मैच के दौरान पूरा ग्राउण्ड तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। विजयी टीम का ट्रॉफी प्रशासन एकादश के खिलाड़ी बीडीओ महोली प्रतीक सिंह को देकर पुरस्कृत किया गया। मैच में मोनू अवस्थी व मृदुल द्विवेदी ने बेहतरीन कमेन्ट्री कर दर्शकों को बांधे रखा वहीं अम्पायर की भूमिका राकेश अवस्थी व मंझिले सिंह ने निभायी।

मैच के स्कोरर अम्बुज मिश्रा व सनी बाजपेई रहे। वहीं मैच की तस्वीरों को कैमरामैन लव त्रिपाठी ने कैद किया। इस अवसर पर ऐलिया ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संजय सिंह 'संजू', पिसावां ब्लॉक प्रमुख मिथिलेश यादव, महोली ब्लॉक प्रमुख जगदीश राजवंशी, गन्ना समिति चेयरमैन महोली धीरेन्द्र प्रताप सिंह चौहान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरज वर्मा 'दुल्लर', सागर गुप्ता, मनोज मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, प्रधान दुर्गावां कुसमा दीक्षित, विकास दीक्षित एडवोकेट, अनिरुद्ध मिश्रा 'भीम', तरून शुक्ला, पुनीत सिंह, मृत्युंजय मिश्रा, सनी बाजपेई, आवेश सिंह, मनीष सिंह, कमलजीत सिंह, मृदुल त्रिवेदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बस अड्डे पर जाम की समस्या को लेकर व्यापारियों से मंत्रणा



**संवाददाता।** संडीला(हरदोई)

**बस** अड्डे पर लगातार जाम की समस्या को लेकर पुलिस ने दुकानदारों के साथ बैठक कर उन्हें निर्देशित किया।

कोतवाली में आयोजित इस बैठक में प्रभारी निरीक्षक ने बस अड्डा के दुकानदारों को यह निर्देश दिए कि बस अड्डा पर प्राइवेट, इलेक्ट्रॉनिक, रोडवेज बसों, ई-रिक्शॉ तथा अन्य चार पहिया वाहनों की पार्किंग पर रोक लगा दी गयी है। इसके बावजूद जाम की समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है। प्रभारी निरीक्षक ने दुकानदारों से कहा कि वे अपनी दुकानें निर्धारित स्थान पर ही लगाएं। साथ ही दुकान के दोनों ओर दो फिट ऊंचे बंद कूड़ादान रखें जाएं। दुकानों के सामने वाहन पार्किंग अथवा कूड़ा करकट आदि के संबंध में जानकारी देने वाला एक व्यक्ति रखा जाए। अपनी दुकान के सामने खड़े होने वाले वाहनों का मुंह अपनी दुकान की ओर ही कराया जाए और दुकानदार अपने निजी वाहनों को दुकान के सामने न खड़ा कर कहीं अन्यत्र खड़ा करें। गौरतलब है कि लखनऊ हरदोई बस स्टाप पर लगातार जाम की समस्या बनी रहती है जिसके कारण लोगों को गंभीर समस्या से जूझना पड़ता है।

# एंटी रोमियो स्क्वायड टीम ने चलाया सघन अभियान

**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी

**सूबे** में भाजपा की सरकार बनने के बाद एंटी रोमियो स्क्वायड का गठन किया गया था। इसमें महिला पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया था। पार्क, सार्वजनिक स्थान, स्कूल, कालेज के साथ ही मिश्रित आबादी वाले इलाकों में इस टीम को भ्रमण कर मनचलों पर शिकंजा कसने के निर्देश दिए गए थे। शुरुआती दौर में इस टीम ने जबरदस्त तरीके से कार्य करते हुए छेड़खानी करने वाले कई मनचलों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए गिरफ्तारी भी की। स्कूलों के आसपास मंडराने वाले शोहदों को पकड़ा गया। पार्क और बाग.बगीचों में टहलने जाने वाली महिलाओं या युवतियों पर फब्तियां करने वाले बिगड़ैल युवक हवालात में डाले गए। मनचलों में टीम का खूब टेरर बना था। लेकिन कुछ समय से यह टीम पार्क हो या फिर स्कूल,कालेज एंटी रोमियो स्क्वायड नजर ही नहीं आता था जबकि इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जनपदों के अफसरों के पेंच कसते हुए एंटी रोमियो स्क्वायड प्रभावी बनाने के आदेश दिए हैं। बावजूद उसके शायद कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र में यह आदेश लागू होता नही दिख रहा जबकि बीते दिनों एक कॉलेज की छात्राओं से छेड़खानी की घटना भी सामने आई थी जिसको लेकर काफी उथल उथल भी मची लेकिन स्थित ज्यो की त्यों।

# बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए यातायात नियमों का पालन जरूरी

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**मुख्य** सचिव, उप्र शासन से प्राप्त निर्देशों, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा के मार्गदर्शन, निर्देशन में सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने, सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से खीरी मे 'सड़क सुरक्षा माह' मनाया जा रहा है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बढ़ते सड़कों के जाल व मोटर वाहन की संख्या के साथ सड़क दुर्घटनाएं भी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इस कारण हमारे भाई.बहन व समाज के कुछ लोग अकाल मौत के मुंह में चले जाते हैं। सड़क सुरक्षा सभी की समेकित जिम्मेदारी है, क्योंकि यह सभी को प्रभावित करती है। इसीलिए संकल्पित होकर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में सहयोगी बनें। उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और हादसों में घायलों व मृतकों की संख्या में न्यूनतम करने के लिए उप्र शासन की सड़क सुरक्षा माह मुहिम का हिस्सा बने। यातायात नियमों का अनुपालन ना केवल स्वयं करें बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। डीएम ने कहा कि घर, दफ्तर या अन्य गंतव्य तक पहुंचने की जल्दबाजी में हम यातायात नियमों की अनदेखी करते है और यह जल्दबाजी दुर्घटना का कारण बन जाती है। सड़क पर हम पैदल जा रहे हों या गाड़ियों से, उस दौरान भी मोबाइल का प्रयोग करते हैं। मोबाइल पर बात करने की धुन में हम बिना आगे.पीछे देखे सड़क पार करते हैं या वाहन को मोड़ देते हैं। इससे भी हम दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। जरूरी है कि सड़क पर चलते समय सड़क के लिए बने नियमों का पालन जरूर करें। एआरटीओ 'प्रवर्तन' रमेश कुमार चौबे ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी तभी आएगी जब हम ट्रैफिक नियमों का निष्ठापूर्ण पालन करना, सदैव निर्धारित गति सीमा में अपना वाहन चलाना, ड्राइव करते समय मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करना, हमेशा हेलमेट व सीट बेल्ट लगाना, गलत दिशा में ओवरटेक न करना, शराब पीकर गाड़ी न चलाना, जरूरत में वाहन का हार्न बजाना, सड़क सुरक्षा चिह्नों को जीवनशैली में अपनाना आदि नियमों का सख्ती से अपने जीवन में अनुपालन शुरू करेंगे।

## भांजी की शादी में जा रहे युवक से जहरखुरानी गिरोह ने 30 हजार और मोबाइल लूटा

**बरेली।** लुधियाना की खुराना टायर फैक्ट्री में काम करने वाले युवक को जहरखुरानी गिरोह के सदस्यों ने नशा देकर जननायक एक्सप्रेस में की लूट बेहोशी हालत में जीआरपी ने जिला अस्पताल में कराया भर्ती। लुधियाना में टायर कंपनी में काम करने वाला युवक अर्जुन सिंह अपनी भांजी की शादी में शामिल होने के लिए लुधियाना से अपने घर जिला गोंडा नया बाजार लस्सी चौक जननायक एक्सप्रेस से जा रहा था रास्ते में तीन जहर खुरानी गिरोह के सदस्य मिले उन्होंने पहले अर्जुन सिंह से दोस्ती की फिर दो केले खिलाए दो केले खाते ही अर्जुन सिंह पुत्र रामरतन बेहोश हो गया।

# जश्न ए गरीब नवाज़ का हुआ आयोजन



**संडीला( हरदोई )।** प्रसिद्ध सूफ़ी संत हज़रत ख्वाज़ा मुईनउद्दीन चिश्ती के उर्स के अवसर पर जश्न ए गरीब नवाज़ का आयोजन किया गया जिसमें वक्तओं ने गरीब नवाज़ के प्रेम और भाईचारे के संदेश को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। दरगाह सागर मियां में आयोजित जश्न ए गरीब नवाज़ में बोलते हुए फरीदउद्दीन अहमद ने कहा कि हजरत ख्वाजा मुईन उद्दीन चिश्ती अजमेरी की दरगाह इंसानियत की मिसाल है। वह ईरान के संजर शहर से शांति, प्रेम, खुशहाली और भाईचारे का पैगाम लेकर हिन्दुस्तान आए और उनकी शिक्षाओं से लाखों लोग उनके अनुयायी भी बने। इसी अवसर पर सज्जादा नशीन मुईजउद्दीन अहमद सागरी ने कहा कि सूफियों ने हमेशा प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया है। उनकी दरगाहों के दरवाजे सभी धर्मों, वर्गों और संप्रदायों के लिए खुले रहे हैं। वहां किसी के साथ भेदभाव नहीं होता। इसी मौके पर सूफी जाबिर अली ने कहा कि हिन्दुस्तान में ख्वाजा गरीब नवाज़ ने जो मोहब्बत की शमा रोशन की, उसकी रोशनी पूरी दुनिया में फैली। इसी मौके पर डॉ. जुबैर अहमद सिद्दीकी, सूफी मुन्ना साबरी, अनवारुल हक, हाफिज़ फ़रहान, हाफ़िज़ शाह आलम, हाफ़िज़ जीशान, हाफ़िज फरदीन, दावर रजा, फरहत महमूदुल हसन आदि ने नात और मनकबद पेश की।

# खिलाड़ियों को वितरित किए ट्रैक सूट और लोअर किट

**संवाददाता।** सिंगाही खीरी

**राजा** प्रताप विक्रम शाह इंटर कालेज के फुटबॉल ग्राउंड पर क़स्बे के खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए महारानी सुरथ कुमारी पब्लिक स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट के महामंत्री सुनील बत्रा ने खिलाड़ियों को ट्रैक सूट और लोअर किट वितरित किए गए। सर्दियों के मौसम को देखते हुए फुटबाल कोच इमरान, भानु की मांग पर महारानी सुरथ कुमारी पब्लिक स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट के महामंत्री सुनील बत्रा ने खिलाड़ियों को ट्रैक सूट और लोअर किट वितरित किए गए। इस दौरान सुनील बत्रा ने बताया कि फुटबॉल टूर्नामेंट के युवाओं को आगे लाने और उनका टैलेंट और निखार के उद्देश्य से चलाई जा रही है, जिसकी कई दिग्गज खिलाड़ी खुद देखरेख कर रहे हैं। इसके अलावा युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण भी इमरान की तरफसे दिया जा रहा है। शिक्षा व खेलकूद में क़स्बे के खिलाड़ियों ने अपने दम पर क़स्बे को कई बार गौरंवित किया है। इस दौरान डॉक्टर एमआर सेठी, डॉ एनयू खानए गुरजीत सिंह बब्बू, रवि गुप्ता, जोगेंद्र शाक्य, राहुल गुप्ता, राजू कादरी, इमरान भानु, सुमित परमाण सहित अन्य व्यक्तिगण मौजूद रहे।

# बहराइच मार्ग पर हुआ भीषण सड़क हादसा

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**शनिवार** शाम ग्राम पनगीकला, बहराइच मार्ग पर बड़ा सड़क हादसा हुआ। हादसे में पांच व्यक्तियों की मौके पर, एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई, जबकि 5 व्यक्ति घायल हैं। घायलों का चिकित्सकों की निगरानी में उपचार चल रहा है। हादसे पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

डीएम ने कहा कि पनगीकला में हृदय विदारक दुर्घटना हुई है, जिसमें छह लोगों की मृत्यु हो गई है। 5 लोग घायल हैं। सभी अधिकारियों को घायलों की हर संभव मदद के निर्देश दिए हैं। प्रशासन की ओर से सभी घायलों की हर संभव मदद की जा रही है। रविवार सुबह डीएम.एसपी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे, जहां उन्होंने विधायक सदर योगेश वर्मा के साथ

## ● डीएम-एसपी ने मृतकों के परिजनों को बंधाया ढांढस, जताई संवेदना

मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

उन्होंने परिजनों को हर संभव मदद के लिए आश्वस्त करते हुए सरकार से दी जाने वाली आर्थिक सहायता की जानकारी दी। दोनों अधिकारियों ने पोस्टमार्टम होने के बाद शवों को शव वाहन से उनके गांव भिजवाया। इस दौरान इस दौरान एडीएम संजय कुमार सिंह, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, एसडीएम विधेश, सीओ सिटी संदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक एवं पुलिस के अफ़सर मौजूद रहे।

डीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री जी ने सड़क हादसे पर शोक जताया है। सीएम ने सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख, अगर मृतक कृषक है तो पांच लाख एवं गंभीर घायलों को रुपये पचास हजार की आर्थिक सहायता दिये जाने की घोषणा की है।

डीएम-एसपी ने शनिवार को पुनः सड़क हादसे वाले स्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, संजय कुमार सिंह, सीओ सिटी संदीप सिंह, सीओ मोहम्मदी अरविंद वर्मा सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के अफसर मौजूद रहे।

# सेल्फस्टीम एंड बॉडी प्रोजेक्ट प्रशिक्षण का हुआ समापन

**निघासन खीरी।** विकास क्षेत्र रमियाबेहड़ में चल रहे तीन दिवसीय सेल्फ स्टीम एवं बाडी प्रशिक्षण प्रोजेक्ट कार्यशाला प्रशिक्षण आज समापन हो गया। इस प्रशिक्षण में संदर्भदाता/मास्टरट्रेनर के रूप में ओम प्रकाश सहायक अध्यापक, डॉक्टर अनुपमा मिश्रा एसआरजी, वैभव पांडेय सहायक अध्यापक, श्रुति श्रीवास्तव सहायक अध्यापक, के द्वारा जेंडर सेक्स, बॉडी टॉक, आदर्श रूप और जीवन कौशल से संबंधित विभिन्न विषयों पर आधारित 100 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण को काफी रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस प्रशिक्षण में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां, समूह कार्य कराए गए तथा ग्राउंड जीरो अर्थात स्कूलों में कैसे लागू किया जाएगा इसका विधिवत प्रशिक्षण दिया। ज्ञात हो कि यह प्रशिक्षण यूनिसेफ और सीमेट प्रयागराज के द्वारा उपलब्ध कराई गई जीवन कौशल आधारित 6 कॉमिक्स बुक्स के सेट पर विशेषता आधारित रहा। जनपद में यह प्रशिक्षण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. लक्ष्मीकांत पांडे के कुशल मार्गदर्शन में तथा जिला समन्वयक बालिका शिक्षा रेनू श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम के प्रथम दिवस में खंड शिक्षा अधिकारी हृदय शंकर लाल श्रीवास्तव ने सभी शिक्षकों को प्रेरक उद्बोधन द्वारा संवेदनशील ढंग से प्रशिक्षण में बताई गई बातों को विद्यालय में लागू कराने हेतु प्रेरित किया तथा अंतिम दिवस में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करके प्रशिक्षण समाप्त किया गया।

# कार्रवाई न होने से डग्गामार वाहन चालकों की मनमानी

**संवाददाता।** मोहम्मदी.खीरी

**नगर** के कई मार्गों पर डग्गामार वाहन बेखौफ होकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। डग्गामार वाहनों के कारण जहां परिवहन विभाग को लाखों रुपए महीने की चपत लग रही है, वहीं परमिटधारी वाहन स्वामियों को भी इसका नुकसान उठाना पड़ रहा हैं। सम्बंधित विभागों द्वारा कोई कार्रवाही न किए जाना सोचनीय बना हुआ है। हालांकि डग्गामार वाहनों पर रोक लगाने के लिए समय.समय पर खबरें प्रकाशित होती रही हैं, कुछ दुखद घटनायें भी घटित हो चुकी हैं। जिसके बाद संभागीय परिवहन अधिकारी ने कुछ वाहनों पर कार्रवाई कर अपने काम की इतिश्री कर ली थी। डग्गामार वाहनों पर अंकुश लगाने का जिम्मा संभागीय परिवहन विभाग,परिवहन निगम,पुलिस और प्रशासन का है। बताया जाता है कि चारों विभागों को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर डग्गामार वाहनों को बंद कराना चाहिए.लेकिन चारों विभागो द्वारा छुटपुट कार्यवाही से ही इतिश्री कर ली जाती है। कोई ठोस कार्रवाही न होने के चलते डग्गामार वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं।

# बैंक से सांठगांठ कर लाखों की हेराफेरी, रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता।** निघासन.खीरी

**कुछ** तथाकथित दबंग और दलाल किस्म के लोग बैंक से सांठगांठ करके गरीबों की गाढ़ी कमाई कैसे लूटते हैं, इसका प्रत्यक्ष प्रमाण इंडियन बैंक शाखा मूडा बुजुर्ग में उद्घाटित हुआ है। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बबुरी मजरा मुड़ा बुजुर्ग निवासी रामायन पुत्र जोखन द्वारा कोतवाली निघासन में दर्ज कराई गई धोखाधड़ी की रिपोर्ट उपरोक्त तथ्य की पुष्टि करती है। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार वादी रामायन निवासी ग्राम बबुरी मजरा मुडा बुजुर्ग ने इंडियन बैंक शाखा मुड़ा बुजुर्ग में दिनांक 29.9.2022 को केसीसी खाता संख्या 590 7175 4822 में 150000 जमा किए थे। रुपए जमा करके वह अपने घर वापस चला गया लेकिन 30.9.2022 को खाते की लिमिट बढ़ाकर और पीड़ित का अंगूठा लगाकर खाते से 180000 रुपए निकाल लिए गए। जांचकर्ता द्वारा जांच में इस आरोप को सत्य ठहराया गया। पीड़ित ने बैंक प्रबंधक के साथ सांठगांठ करके निघासन तथा ग्राम बवुरी निवासी दो व्यक्तियों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है जिसके आधार पर कोतवाली निघासन पर धोखाधड़ी तथा धारा 504 के अंतर्गत अभियुक्तों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। यहां पर लाख टके का सवाल उठता है कि इंडियन बैंक जैसी प्रतिष्ठित बैंक शाखा पर ऐसे संगीन मामले दर्ज हुए गरीब लोगों का क्या हश्र होगा। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# छोटे भाई और उसकी पत्नी को पीटा

**संवाददाता।** बरेली

**मामूली** विवाद के बाद बड़े भाई ने छोटे भाई और उसकी पत्नी के साथ मारपीट की जिससे वह घायल हो गये उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। इज्जत नगर थाना क्षेत्र के बड़ी बिहार निवासी नफ़ीस अहमद और उसकी पत्नी हुस्नारा को आज घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया जहां उसने बताया कि नफ़ीस का बड़ा भाई आरिफ और अंजुम उसके साथ अक्सर गाली-गलौज करते हैं और आज सुबह भी जब नफ़ीस काम पर जाने से पहले नाश्ता कर रहा था तभी आरिफ और अंजुम उसे गालियां देने लगे जिससे दोनों में विवाद हो गया उन्होंने नफ़ीस के साथ मारपीट कर दी जिससे नफ़ीस को चोट लग गई। बड़े भाइयों से उसे बचाने पहुंची पत्नी हुस्नारा को भी उन्होंने पीटा जो 3 माह की गर्भवती है। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे और पति पत्नी को बचा लिया। उन्होंने घटना की शिकायत पुलिस से की और पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजकर आरोपियों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी।

## सड़क दुर्घटना में ट्रक ड्राइवर की मौत

**बरेली।** सड़क पार कर रहे एक ट्रक ड्राइवर को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र में टीसुआ स्थित ढाबे के पास बीती रात हुई सड़क दुर्घटना में पंजाब के जालंधर निवासी ट्रक ड्राइवर भूपेंद्र सिंह की मौत हो गई। मृतक के घर वालों ने बताया कि मृतक ट्रक चालक था और कल रात को वह फतेहगंज पूर्वी के टीसुआ स्थित एक ढाबे पर अपने ट्रक को खड़ा करके सड़क पार कर रहा था।

# वाहन की चपेट में आकर मासूम बच्ची की मौत

**संवाददाता।** बरेली

**गांव** की एक महिला के साथ भंडारे में शामिल होने जा रही मासूम बच्ची को तेजी से आ रहे दुग्ध वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कस्बा व थाना फतेहगंज पूर्वी से हनुमान मूर्ति के पास कल शाम हुई सड़क दुर्घटना में वही की रहने वाली 6 वर्षीय मासूम नन्ही उर्फ सावित्री की मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद में परिजनों ने बताया कि सावित्री के पिता की कई साल पहले मौत हो गई थी। उसकी मां ममता घरों में कंगना करके गुजारा चलाती है। कल शाम को ममता की गैरमौजूदगी में सावित्री घर से कुछ ही दूरी पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के बाद होने वाले भंडारे में शामिल होने के लिए जा रही थी। जब वह सड़क पार कर रही थी तभी तेजी से आ रहे दुग्ध वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई मौके पर मौजूद लोगों ने टक्कर मारने वाले वाहन को पकड़ लिया लेकिन उसका चालक वाहन छोड़कर फ़रार हो गया है।

# डूडा की योजना के अन्तर्गत नि:शुल्क आवास प्राप्त करने का सुनहरा अवसर

**संवाददाता।** बरेली

**परियोजना** अधिकारी, डूडा श्री विद्या शंकर पाल ने बताया कि नगर पालिका परिषद बहेड़ी में अनुसूचित जाति वर्ग के 10, नगर पालिका परिषद फ़रीदपुर में सामान्य वर्ग के 122 एवं अनुसूचित वर्ग के 124, नगर पालिका परिषद आंवला में अनुसूचित जाति वर्ग के 30 तथा नगर पंचायत शेरगढ़ में सामान्य वर्ग के 8 एवं अनुसूचित वर्ग के 11, नगर पंचायत देवननियां में सामान्य वर्ग के 12 एवं अनुसूचित जाति वर्ग के 30, नगर पंचायत फ़रीदपुर में अनुसूचित जाति वर्ग के 25 व नगर पंचायत रिठौरा में अनुसूचित जाति वर्ग के 33 आवास रिक्त है।

उन्होंने कहा कि जनपद बरेली के सम्बंधित निकाय के निवासियों जिनके पास स्वयं का आवास नहीं है, ऐसे आवेदकों हेतु डूडा बरेली द्वारा संचालित आवासीय योजना के अन्तर्गत नि:शुल्क आवास प्राप्त करने का सुनहरा अवसर है। उन्होंने कहा कि ऐसे आवेदक अपना आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं अन्य वांछित अभिलेख संलग्न कर निर्धारित प्रारूप पर समस्त संलग्नक सहित सम्बंधित निकाय अथवा सीधे डूडा कार्यालय में दिनांक 30 जनवरी, 2023 तक आवेदन कर सकते हैं।

उक्त के अतिरिक्त नवाबगंज में आवास प्राप्त करने हेतु भी डूडा अथवा सम्बंधित निकाय में आवेदन कर सकते हैं। नवाबगंज में आवास प्राप्त करने हेतु पात्र पाये जाने पर निर्धारित अंशदान की धनराशि 22,416 रुपए जमा करना होगा। किसी जानकारी के लिए कार्यालय कार्यदिवस में डूडा कार्यालय अथवा संबंधित निकाय से सम्पर्क कर सकते हैं।

# जिलाधिकारी ने तहसील नवाबगंज के ग्राम अधकटा नजराना में निर्माणाधीन अटल आवासीय विद्यालय किया का निरीक्षण

**संवाददाता।** बरेली

**जिलाधिकारी** शिवाकान्त द्विवेदी ने आज तहसील नवाबगंज के ग्राम अधकटा नजराना में निर्माणाधीन अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण लगत रुपया 71.22 करोड़ है तथा इसमें 500 बालक तथा 500 बालिकाओं की आवसीय व्यवस्था है। जिलाधिकारी को अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग ने अवगत कराया कि स्कूल के सामने एवं साइड में बहने वाले नाले के ओवर फ्लो होने से कैंपस में पानी भर जाता है। जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता शारदा सागर खंड पीलीभीत को एक सप्ताह में इस समस्या के निस्तारण हेतु नाले का सर्वे कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि स्ट्रक्चर कार्य के साथ-साथ विद्युत कनेक्शन तथा फिटिंग, वायरिंग, पेयजल आदि कार्य शुरू कराया जाए।

उन्होंने कहा कि अटल आवासीय विद्यालय इसी शैक्षणिक सत्र में चालू किया जाना है, जिसके निर्माण के साथ-साथ यूटिलिटी कनेक्शन, एसटीपी एवं डब्ल्यूटीपी के कार्य भी अति शीघ्र प्रारंभ किया जाए तथा विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन तत्काल किया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूल के पास में गौशाला स्थित है। अत: इसमें पशुओं के गोबर का प्रयोग कर गोबर प्लांट की स्थापना कर उसे हॉस्टल की मैस का कनेक्शन प्रदान कर इसका उपयोग किया जाए। उन्होंने डीसी मनरेगा को निर्देश दिए कि स्कूल के पास में खोदे जाने हेतु किसी तालाब का चिन्हीकरण करें, जिससे स्कूल कैंपस में मिट्टी भराव किया जा सके। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी श्री जग प्रवेश, डीसी मनरेगा श्री गंगाराम, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पिछड़े वर्ग की जातिवार गणना और आरक्षण बहाली को लेकर दिया ज्ञापन

**संवाददाता।** बरेली

**पिछड़े** वर्ग की जातिवार गणना एवं आरक्षण को बहाल करने तथा नन्द, सविता, सेन, श्रीवास (नाई) समाज की ओर से जनपद बरेली की सामाजिक राजनीतिक एवं आर्थिक भागीदारी से वंचित समाज को आरक्षण को नियमानुसार ना दिए जाने के संबंध ऑल इंडिया महापदमनन्द कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अमर नन्द श्रीवास्तव के नेतृत्व में अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश को संबोधित जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। बृजेश श्रीवास्तव ने बताया उत्तर प्रदेश में नन्द सविता सेन , श्रीवास नाई समाज की लगभग 3.5 प्रतिशत आबादी है जिसमें जनपद बरेली में कुल 9 विधानसभा क्षेत्र में लगभग 1.5 लाख से अधिक मतदाता प्रत्येक विधानसभा में प्रतिनिधित्व है। परंतु समाज का यह सामाजिक एवं आर्थिक रूप से अत्यंत पिछड़ा समाज है जिसे अभी तक आरक्षण के तौर पर किसी तरीके से राजनीतिक आर्थिक सामाजिक रूप से कोई लाभ नहीं दिया गया है। आज देश की आजादी के बाद भी इस समाज को जनसंख्या के आधार पर अभी तक कोई संवैधानिक विधानसभा स्तर पर तथा लोकसभा स्तर पर या अन्य राजनीतिक सामाजिक भागीदारी नहीं मिल पाई है और ना ही इनका हमारे समाज का कोई सामाजिक इस तरह का कोई विकास हो पाया है। ज्ञापन के दौरान रवि शंकर श्रीवास्तव , सत्येंद्र श्रीवास्तव सविता, अखिलेश, सुनील, राहुल, जितेंद्र , बृजेश श्रीवास्तव आदि कई लोग मौजूद रहे।

# दरिद्रनारायण की सेवा ही असली धर्म : आचार्य देवकीनन्दन

संवाददाता। रूरा, कानपुर देहात

● वृन्दावन से पधारे व्यास ने सुदामा चरित्र प्रसॅग का किया वर्णन

● विशाल भण्डारा आज



**रूरा** कस्बे से सटे धनीरामपुर गॉव में पिछले सात दिनों से आयोजित की जा रही श्रीमदभागवत कथा का भव्य व दिव्य विश्राम वृन्दावन से पधारे व्यास आचार्य देवकीनन्दन पाण्डेय ने सुदामा चरित्र की कथा सुनाकर किया। इस मौके पर भारी सॅख्या में ग्रामीण व क्षेत्रीय भक्त मौजूद रहे। कथा विश्राम पर आज सोमवार को विशाल भण्डारे का आयोजन किया जायेगा।

धनीरामपुर गॉव के प्रतिष्ठित पाण्डेय परिवार के सॅरक्षण में ग्रामीणों द्वारा अमृतमयी व मोक्षदायिनी श्रीमदभागवत कथा का आयोजन विगत सात दिनों से किया जा रहा है, रविवार को वृन्दावन से पधारे व्यास शिरोमणि देवकीनन्दन पाण्डेय ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुये बताया कि दरिद्रनारायण की सेवा ही असली सेवा है, गरीबों की मदद करना व उन्हे अपनाना कोई भगवान योगेश्वर श्रीकृष्ण से सीखे, भगवान श्रीकृष्ण ने अपने गरीब मित्र सुदामा को जो आदर सत्कार के साथ सम्मान दिया उसका उदाहरण बिरला ही मिलेगा।

कार्यक्रम आयोजकों ने बताया कि श्री राम चरित्र मानस की धनुष यज्ञ की लीला के आयोजन के प्रयास सोमवार की रात्रि को किये जा रहे है, कार्यक्रम आयोजकों ने आज सोमवार को आयोजित किये जाने वाले विशाल भण्डारे में ग्रामीणों व क्षेत्रीय लोगों से उपस्थित होने का अनुरोध किया है। इस मौके पर प्रमुख रूप से सीपी पाण्डेय राजेन्द्रप्रकाश पाण्डेय, विनोद कश्यप, श्यामबाबू पाल, शिवस्वरूप पाल, रजनीश अग्निहोत्री, अनिल तिवारी, छेदीलाल, छोटे कश्यप, जगतपाल, बालगोविन्द, मोनू पाल, पप्पू पाल मनोज कश्यप, पुत्तीलाल सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने के लिये एसीपी आरपीयफ( बालसाड, गुजरात) राकेश पाण्डेय ने ग्रामीणों व क्षेत्रीय लोगों का आभार व्यक्त किया है।

## भव्य कलश यात्रा के साथ बालाजीमॅदिर में श्रीमदभागवत कथा का शुभारम्भ

**रूरा, कानपुर देहात।** क्षेत्रीय आस्था के प्रमुख मॅदिर बालाजी धनीरामपुर में भव्य व विशाल कलश यात्रा के साथ श्रीमदभागवत कथा का शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य नवलेश, आयोजक गोविन्द सिंह गौर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# इलाहाबाद-झांसी खंड शिक्षक निर्वाचन चुनाव



संवाददाता। फतेहपुर

● 14 मतदेय स्थलों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना

● डीएम-एसपी ने रवानगी स्थलों के साथ ही मतदान केंद्रों का किया दौरा

**विधान** परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन के तहत इलाहाबाद-झांसी खंड शिक्षक निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन कमर कसे हुए है। मतदान कल जिले के निर्धारित चौदह मतदेय स्थलों पर होगा। पोलिंग पार्टियां रविवार को कलेक्ट्रेट स्थित गांधी मैदान व से रवाना हुईं। जिसका जिलाधिकारी श्रुति व पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने निरीक्षण करते हुए कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। तत्पश्चात डीएम-एसपी ने कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं भी देखी।

इलाहाबाद-झांसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन के मतदान हेतु दिन रविवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित महात्मा गांधी मैदान से पोलिंग पार्टियां जनपद में बनाये गये 14 मतदेय/बूथ के लिए रवाना हुई। जो अपने बूथों पर सकुशल पहुंच गई। जिलाधिकारी श्रुति व पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से इलाहाबाद-झांसी खंड शिक्षक निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शी ढंग से कराने के लिए कलेक्ट्रेट में बने काउंटरों का निरीक्षण किया। निर्वाचन में प्रयोग की जाने वाली सामग्रियों को चेक किया। थैले में 78 छोटी-मोटी बैलेट पेपर, लेखन सामग्री पायी गई।

उन्होंने मतदान अधिकारियों को निर्देश दिए कि थैले में रखी सामग्री को लिस्ट के अनुसार सामग्री का मिलान करके ही अपने बूथों के लिए निर्धारित वाहन पर बैठ कर जाये। उन्होंने गांधी मैदान में मतदान में प्रयोग किये जाने वाले बस व अन्य वाहनों का निरीक्षण किया।

## क्विक न्यूज

### एफपीएल प्रचार वाहन को झंडी दिखाकर किया रवाना

**फतेहपुर।** आईटीआई मैदान में विवेकानंद यूथ क्लब के तत्वाधान में आयोजित होने वाले फतेहपुर प्रीमियम लीग मैच के प्रचार वाहन को आयोजन समिति के सदस्यों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन जनपद के अलग-अलग ब्लाकों में जाकर क्रिकेट प्रेमियों के अंदर उत्साह का संचार करेगा ताकि लोग 31 जनवरी से शुरू हो रहे क्रिकेट मैच का आनंद उठा सकें। इस दौरान आयोजन समिति के सदस्य विक्रम पटेल, बच्चा तिवारी, ज्ञानेंद्र सचान, अमित मिश्रा उर्फ नीटू, शैलेंद्र रघुवंशी, संजय लाला, पंकज त्रिवेदी, अमित शिवहरे, अभिषेक शुक्ला, शीतला पांडेय, भगत, राजा सिंह समेत कई लोग मैच की तैयारियों को लेकर अंतिम रूप देने में जुटे रहे। वहीं इस क्रिकेट मैच में पूल ए और पूल बी के अंतर्गत टीमें बनाई जाएंगी। जिसके तहत मैच में पूरी पारदर्शिता होगी। इस बाबत आयोजन समिति के लोग अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। विक्रम पटेल ने बताया कि टीमों के रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं ज्यादा से ज्यादा युवा क्रिकेट प्रेमी आईटीआई मैदान में आकर इस मैच को देखें। इसके लिए यह प्रचार वाहन जनपद के अलग-अलग स्थानों में जाकर लोगों को इस क्रिकेट लीग मैच की जानकारी देगा। उन्होंने बताया कि इस मैच को लेकर युवाओं के अंदर गजब का उत्साह देखा जा रहा है और यह क्रिकेट मैच इतिहास लिखेगा।

### एमएलसी चुनाव में 220 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

**जालौन (उरई)।** एमएलसी शिक्षक चुनाव में नगर व ब्लॉक क्षेत्र के 220 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नगर तथा ब्लॉक के मतदाताओं के लिए ब्लॉक परिसर में दो बूथ बनाए गए हैं। प्रयागराज, झांसी एमएलसी शिक्षक चुनाव में नगर व जालौन ब्लाक क्षेत्र के 220 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। ब्लॉक परिसर में इन मतदाताओं को वोट डालने के लिए दो बूथ बनाए गए हैं। जहां मतदाता अपने फेवरिट उम्मीदवार को वोट डालकर जिताएंगे। इसके लिए प्रशासन द्वारा भी सभी तैयारियां कर ली गई हैं। बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर लिया गया है।

### कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में बिरजाकुंड तक चला स्वच्छता अभियान

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति के 54वें अभियान के तहत भगवान कामतानाथ के प्राचीन मुखारबिन्द के आगे सुरसरी से बिरजाकुण्ड तक सफाई की गई। रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष/ब्रांड एम्बेसडर राकेश केसरवानी ने बताया कि उप-मा संयुक्त स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता को दो प्रकार से देखा सकते हैं। व्यक्तिगत व सार्वजनिक स्वच्छता, हम कहीं भी जायें स्वच्छता का ध्यान रखें। लापरवाही से कचरा इधर-उधर न फेंके। उचित जगह पर निस्तारण करें। सीएमओ मप्र विशाल सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी ने भारत को निर्मल और स्वच्छ देश बनाने का सपना देखा था। उसे सभी लोग पूरा करें। स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला ने कहा कि अभियान का मतलब ये नहीं कि खुद के स्वास्थ्य के प्रति लोगों की सोंच और स्वभाव में परिवर्तन लाना है। स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक शिवा कुमार ने कहा कि स्वच्छता हम अपने आप में खुद महसूस कर सकते हैं। इस मौके पर अंजू वर्मा, विवेक केशरवानी, प्रभात सिंह, राजेन्द्र त्रिपाठी, जितेन्द्र, शुभम, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

### मानव जीवन में स्वच्छ भोजन है हितकारी:-शिवा कुमार

**राजापुर(चित्रकूट)।** मानव जीवन को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वच्छ ढाबा व रेस्टोरेंट में साफसफाई, स्वच्छता एवं भोजन की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ ढाबा अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत राजापुर द्वारा नगरीय क्षेत्र में स्थित ढाबा/रेस्टोरेन्ट पर स्वच्छता के मानकों को पूरा करने तथा प्रतिष्ठानों पर आने वाले ग्राहकों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। नगर के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छ ढाबा अभियान चलाकर जन जागरूकता अभियान के तहत नगर के विभिन्न ढाबों व रेस्टोरेन्टों में साफसफाई, कूड़े का विभाजन, शौचालय की सफाई एवं सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध पर जोर दिया जा रहा है। जिसके अंतर्गत ढाबों पर शासन के निर्देशित नियमानुसार बैनर लगाकर जन सहभागिता हेतु जायसवाल ढाबा, न्यू पांडे ढाबा व श्री तुलसी धाम ढाबा आदि प्रतिष्ठानों को चिन्हित कर पंजीकृत किया जा रहा है एवं उन्हें आगामी दिनों में स्वछ रैंकिंग के आधार पर रेटिंग मुहैया कराई जाएगी तथा पुरस्कृत भी किया जाएगा। जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन शिवा कुमार ने स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान में नगर पंचायत के पुरुषोत्तम जाटव, अमित सोनी, राहुल चौरसिया, मोनू मोदनवाल, जगदीश पटेल, रामेश्वर पाण्डेय तथा ढाबों के संचालक आदि उपस्थित रहे।

### दामाद पर पुत्री को बंधक का आरोप,पुलिस से शिकायत

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के कैथा गांव में मां ने दामाद पर पुत्री को दस दिनों से घर में बंधक बनाकर रखने व मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। जरिया थाने के चंडौत गांव निवासी रामकुमारी पत्नी अशोक कुमार ने बताया कि उसने अपनी पुत्री बंदना की शादी भास्करन निवासी कैथा कोतवाली राठ के साथ की थी। उसका पति शराब के नशे में पुत्री के साथ मार पीट करता है। आरोप लगाया कि दामाद पुत्री को दस दिनों से घर में बंधक बनाए हुए है। उसकी पुत्री ने चोरी छिपे उसे फोन कर जानकारी दी। बताया कि उसका दामाद शराब पीने का आदि है। पीड़ित महिला ने पुलिस से कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कोतवाल तारा सिंह पटेल ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कराई जाएगी।

### जगतपुरा अहीर के आंगनबाड़ी केंद्र में बांधे जा रहे जानवर

**जालौन (उरई)।** गांव में बने आंगनबाड़ी केंद्र में जानवर बांधे जा रहे हैं। केंद्र में लगे हैंडपंप में ग्रामीणों ने सबमर्सिबल पंप डाल दिया है। जिससे बच्चों को परेशानी हो रही है। अभिभावकों व ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम जगतपुर अहीर निवासी सुनीत सिंह, अजय सिंह, रामप्रताप, अवधेश सिंह, मनसुखलाल, रामजीवन, राकेश, दीनदयाल, रामशंकर आदि ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि उनके गांव में आंगनबाड़ी केंद्र बना हुआ है। उक्त आंगनबाड़ी केंद्र की जगह पर गांव के ही कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। वह केंद्र पर अपने जानवर बांधते हैं। जिससे वहां गंदगी बनी रहती है। गंदगी के चलते बच्चों को केंद्र पर पहुंचने में दिक्कत होती है। इसके अलावा केंद्र पर बच्चों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए हैंडपंप भी लगा है। लेकिन गांव के ही कुछ लोगों ने हैंडपंप में सबमर्सिबल पंप डाल रखा है। ऐसे में बच्चों को केंद्र पर पेयजल नहीं मिल पाता है। जिससे बच्चे परेशान होते हैं। ग्रामीणों ने डीएम से मांग करते हुए कहा है कि उक्त मामले की जांच कराकर जल्द से जल्द समस्या का समाधान कराया जाए ताकि बच्चों को परेशान न होना पड़े।

### इम्यूनोलॉजी डिपार्टमेंट का शुभारंभ

**लखनऊ।** शहर में स्थित इंदिरा आईवीएफ केन्द्र में नए इम्यूनोलॉजी डिपार्टमेंट का उद्घाटन किया गया,जो दम्पतियों के माता.पिता बनने के मुश्किल सपने को सच करने में और अधिक मददगार साबित होगा । इन्दिरा आईवीएफके अलावा मरीजों का उपचार करने के लिए इस पद्धति की सुविधा कहीं और उपलब्ध नहीं है। इंदिरा आईवीएफके सीईओ और सह.संस्थापक डॉ क्षितिज मुर्डिया ने इस अवसर पर कहा कि आंकड़ों के अनुसार, 10 से 15 फीसदी दम्पतियो को माता.पिता बनने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हाल ही के नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे में पता चला है कि भारत में पहली बार कुल जननक्षमता दर प्रति महिला 2 बच्चों के रिप्लेसमेंट लेवल के नीचे गिर चूका है। इस क्षेत्र के लोगों में हायपरटेन्शन ज्यादा होना, खून में ग्लूकोज लेवल्स का बढ़ना, तंबाकू सेवन में बढ़ोतरी आदि भी इसके कुछ कारण हो सकते हैं।

# एक और माह गुजरा, नतीजा शून्य

प्रमोद श्रीवास्तव। फतेहपुर

**तत्कालीन** जिला अधिकारी अपूर्वा दुबे के फर्जी हस्ताक्षर वाले वायरल हुए पत्र काण्ड को आज पूरे छः माह हो गये किन्तु इस हाईप्रोफाइल प्रकरण को लेकर प्रशासनिक जिम्मेदारों के बीच जिस तरह का सन्नाटा पसरा है, उससे इसके रहस्य पर से पर्दा उठने की सम्भावना काफी कम हो चली है। सवाल बड़ा है कि जब डीएम के तथाकथित फर्जी हस्ताक्षरित पत्र का मसला दब सकता है तो बुलडोजर बाबा के राज में क्या कुछ अंधेरगर्दी नहीं हो सकती!

उल्लेखनीय है कि विगत 30 जुलाई को तत्कालीन डीएम अपूर्वा दुबे द्वारा हस्ताक्षरित इस पत्र का जिन्न ठीक उस समय बाहर आया था जब उनका शासन से स्थानांतरण आदेश जारी हो चुका था और पत्र के वायरल दिवस को उन्हें जनपद का चार्ज छोड़ना था। इस पत्र में 29 जुलाई की तारीख में उनके हस्ताक्षर थे!

इस पत्र ने कुछ समय के लिये आम जनमानस, मीडिया और प्रशासनिक तपके को न सिर्फसकते में डाल दिया था, बल्कि हड़कम्प मच गया था। क्योंकि पत्र में स्पष्ट आदेश का सीधे-सीधे ताल्लुक जनपद के प्रथम नागरिक (जिला पंचायत अध्यक्ष)/वरिष्ठ भाजपा नेता अभय प्रताप सिंह पप्पू से सम्बंधित था, इसलिये हड़कम्प मचना लाजिमी भी

● डीएम के फर्जी हस्ताक्षर वाले पत्र का रहस्य छह माह बाद भी बरकरार

● हाईप्रोफाइल प्रकरण में प्रशासन बैकफुट पर

है। आनन-फानन में प्रशासन ने बाकायदे वक्तव्य जारी करके इस पत्र को फर्जी करार दे दिया और अगले दिन जिले की बागडोर सम्भालने वाली नवागत डीएम श्रुति ने इस पत्र से जुड़े सम्पूर्ण प्रकरण की जाँच कराने और बाकायदे जाँच टीम गठित करने की बात तक कही। इस हाईप्रोफाइल प्रकरण के पाँच माह हो चुके है किन्तु रहस्य पर पर्दा अभी भी पड़ा हुआ है। न जाँच टीम का कही अता-पता है और न मामले से जुड़े राज पर से ही पर्दा उठ सका है, जबकि इस पत्र को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल करने वालों में सत्ता पक्ष से जुड़े कुछ हाईप्रोफाइल लोग भी शामिल थे! इतना ही नहीं इस फर्जी पत्र का ताल्लुक कहीं न कहीं जिम्मेदारों की सीट के इर्द-गिर्द रहने वालो से भी जुड़े होने की सम्भावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है!

सवाल यह उठता है कि जब डीएम के फर्जी हस्ताक्षरित पत्र को लेकर जिम्मेदार इतने संवेदनहीन हैं, तो आम व्यक्ति से जुड़े मसलों का हश्र क्या होता होगा! बुलडोजर बाबा के राज में गम्भीर प्रकरणों के बाबत भी जिस तरह से हीला-हवाली का दौर जारी है, उससे ऐसे मामलों की निकट-भविष्य में पुनरवृत्ति की सम्भावनाएँ बलवती हैं! सवाल यह भी बड़ा है कि क्या तत्कालीन डीएम अपूर्वा दुबे के तथाकथित फर्जी हस्ताक्षर वाले हाईप्रोफाईल पत्र का रहस्य, रहस्य ही रह जायेगा या फिर व्यवस्था पालक बुलडोजर बाबा के राज की मौजूदगी का अहसास करा पायेंगे!

# 35 लाख का गुटखा बरामद

संवाददाता। फतेहपुर

**एसओजी** प्रथम व कल्याणपुर थाना पुलिस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। टै क्स चोरी कर दो गाड़ियों से ले जाया जा रहा अवैध शिखर ब्रांड का लगभग 35 लाख का गुटका कल्यानपुर थाना क्षेत्र हाईवे से पकड़ा गया। पुलिस कार्यवाही में जुटी।

# ईटों के मुख्य बाजार में लाखों की चोरी पुलिस के लिए बनी मुसीबत

संवाददाता। उरई (जालौन)

**गोहन** थाना क्षेत्र के ईंटों में करीब डेढ़ माह पहले चोरों ने पुलिस से बेखौफ होकर कस्बा के मैन स्टैण्ड से चंद कदम की दूरी पर स्थित सर्राफा व्यापारी की दुकान के शटर में लगे ताले चटका चटका दिए थे। जहां से चोर लाखों रुपए के कीमती आभूषण व नकदी समेट कर रफूचक्कर हो गए थे। घटना के खुलासे का फर्जी थाना पुलिस आज भी चोरी का ताना-बाना बुनने में लगी हुई है। लेकिन चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चोरों से कोसों दूर दिखाई दे रही है।

गोहन थाना क्षेत्र में बीती 13 दिसंबर की रात को पुलिस से बेखौफ होकर ईटो चौकी क्षेत्र में स्टैंड से चंद कदमों की दूरी पर घूमी चोरों की बारात ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए सर्राफा व्यापारी की दुकान के ताले चटका दिए थे। सूचना पर गोहन थाना प्रभारी महेश कुमार फोरेसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। एक ओर थानाध्यक्ष ने मामले की जांच पड़ताल की थी, तो वही फॉरेंसिक टीम ने भी पंहुचकर नमूने एकत्रित किए थे। मामले मे बब्लू सोनी द्वारा गोहन थाना प्रभारी को दिये गये प्रार्थना पत्र के अनुसार तिजोरी मे रखे 15 ग्राम सोने के आभूषण 1.500 किलो ग्राम चांदी व 5 हजार रुपए नगदी चोरी हो गए थे। सर्राफा व्यापारी के दुकान से हुई लाखों की चोरी से अन्य व्यापारियों में भारी आक्रोश पनप रहा था। जिसको लेकर थानाध्यक्ष ने मामले की जांच कर जल्द खुलासा करने की बात कही थी। लेकिन करीब डेढ़ माह बीतने के बाद भी फर्जी तरीके से हाथ पैर चलाने में लगी गोहन पुलिस चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चोरों के सामने नतमस्तक होती नजर आ रही है।

# चित्रकूट को मेडिकल कालेज की सौगात पर सांसद ने जताया सीएम का आभार

संवाददाता। चित्रकूट



**बांदा-चित्रकूट** सांसद आर के सिंह पटेल ने बुंदेलखंड के सबसे पिछडे एवं आकांक्षी जिले चित्रकूट में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के उददेश्य से मेडिकल कालेज की सौगात दिये जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है। सांसद ने कहा कि सीएम योगी धर्म नगरी चित्रकूट के समग्र विकास को संकल्पित है। सांसद ने बताया कि बीते 12 जनवरी को चित्रकूट धाम मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ हुई समीक्षा बैठक में उन्होने सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ को चित्रकूट जनपद में मेडिकल कालेज खोलने समेत संसदीय क्षेत्र के चहुमुखी विकास सम्बंधी कई कार्ययोजनाएं सौपी थी।जिस पर आकांक्षी जिले चित्रकूट को यह बडी सौगात मिली है।

रविवार को बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जब से भाजपा की सरकार बनी है बुंदेलखंड का चहमुखी विकास हुआ है। दुर्दांत डकैतों के आतंक के लिए कुख्यात रहा चित्रकूट आज पर्यटन का हब बन रहा है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का निर्माण के बाद भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट आज देश की राजधानी दिल्ली से सीधा जुड गया है। इसके अलावा देवांगना की मनोरम पहाडी पर बनकर तैयार हो चुके देश के सबसे सुंदर टेबल टाप चित्रकूट एयरपोर्ट के शुरू होते ही विदेशी पर्यटकों का आवागमन बढेगा।जिससे क्षेत्र में पर्यटन आधारित रोजगार के नये-नये अवसर विकसित होगें। सांसद श्री पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि बीते दिनों लखनऊ में चित्रकूट मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ आयोजित विकास सम्बंधी समीक्षा बैठक में उन्होने चित्रकूट में मेडिकल कालेज खोलने समेत संसदीय क्षेत्र के विकास की कई कार्ययोजनाएं सौपी थी।जिसमें से सीएम योगी ने चित्रकूट में मेडिकल कालेज खोलने की मंजूरी दे दी है।सांसद ने बताया कि चित्रकूट में जल्द ही पीपीपी माडल पर मेडिकल कालेज खुलेगा।मेडिकल कालेज के लिए तरौहा रूरल में पुलिस अधीक्षक आवास के पास 8.693हेक्टेयर भूमि भी चिन्हित कर ली गई है।सांसद ने बताया कि मेडिकल कालेज बनने के बाद चित्रकूट वासियों को जिले में ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलने लगेगीं।उन्होने चित्रकूट को मिली इस बडी सौगात के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है। सांसद आर के सिंह पटेल ने संसदीय क्षेत्र के कर्वी-बूढा राजापुर मार्ग का चैडीकरण, पटेल तिराहे से देवांगना रोड को फोरलेन मार्ग, राजापुर-कमासिक मार्ग का चैडीकरण, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे को भरतकूप से बढाकर राम-वन-गमन मार्ग से जोडकर खोह तक राष्ट्रीय राजमार्ग 35 पर बाईपास निर्माण एवं भरतकूप से एयरपोर्ट तक फोरलेन मार्ग, खोह रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज, अतर्रा-बिसंडा मार्ग पर अतर्रा में ओवरब्रिज, कालिंजर से बांदा, चिल्ला, बिंदकी से चैडगरा तक फोरलेन, मानिकपुर के चमरौंहा के पास मऊ गुरदरी के पास बरदहा नदी पर पुल का निर्माण, चिल्लीमल के पास यमुना नदी पर पुल निर्माण, कर्वी के कसहाई कर्वी-बूढा रोड पर रेलवे लाइन पर फ्लाई ओवर का निर्माण, बांदा में कताई मिल के स्थान पर नई औद्योगिक इकाई की स्थापना, बुन्देलखण्ड विकास निधि, राज्यांश से चित्रकूट एवं बांदा में नई सडकों का ग्रामीण, राजापुर में तुलसीदास के मन्दिर तक पहुंच मार्ग एवं यमुना में कटाव दीवाल निर्माण, अतर्रा एवं बांदा में बाईपास निर्माण आदि के सीएम को दिये गये प्रस्तावों के जल्द मंजूरी मिलेगी।जिससे क्षेत्र का कायाकल्प होगा और विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

# मतदान केन्द्र में प्रतिबंधित सामग्री ले जाने पर होगी कार्रवाई : अभिषेक आनंद

संवाददाता। चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने उप्र विधान परिषद द्विवार्षिक चुनाव 2023 इलाहाबाद-झांसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की तैयारी बाबत जोनल व सेक्टर मजिस्टेउ्टों से कहा कि 30 जनवरी को सवेरे आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। मतदान केन्द्र के अन्दर मोबाइल फोन, कैमरा, पेन, पेन्सिल, सादा कागज एवं पानी की बोतल पूरी तरह प्रतिबंधित है। ये सभी सामग्री मतदान केन्द्रों पर ले जाना अपराध की श्रेणी में है। मिलने पर निर्वाचक के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

रविवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्टेउ्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारत चुनाव आयोग के निर्देश पर इलाहाबाद-झांसी खण्ड शिक्षक के चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने हैं। सभी का दायित्व है कि चुनाव निर्विघ्न सम्पन्न करायें। उन्होंने कंट्रोल रुम का निरीक्षण कर व्यवस्थायें देखी।

इस मौके पर सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एएसडीएम रामजन्म यादव, एसडीएम सदर राजबहादुर, एसडीएम मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, एसडीएम मऊ नवदीप शुक्ला, एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झां, परियोजना निदेशक ऋषिमुनि उपाध्याय, डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह समेत संबंधित अधिकारी एवं जोनल, सेक्टर मजिस्टेउ्ट मौजूद रहे।

# चुनाव में शिक्षक संघ की स्थिति मजबूत होने से त्रिकोणीय संघर्ष

संबाददाता। हमीरपुर



**इलाहाबाद** झांसी खंड शिक्षक चुनाव को लेकर रविवार को जनपद मुख्यालय से पोलिंग पार्टियां रवाना की गईं। सोमवार को जनपद के आठ मतदान केंद्रों पर 1292 शिक्षक मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वहीं इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की इज्जत दांव पर लगी है। माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व विधायक सुरेश कुमार त्रिपाठी का चुनाव जोर पकड़ने से त्रिकोणीय संघर्ष की स्थित बन गई है। शिक्षक विधायक चुनाव को लेकर सबसे ज्यादा वित्त विहीन विद्यालयों के शिक्षक उत्साहित देखे जा रहे हैं। अभी तक किसी भी सरकार ने इन शिक्षकों को प्रबंधकों के चुंगल से नहीं छुड़ा पाया है और न ही मानदेय फिक्स करा पाए हैं। हालांकि माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रत्याशी सुरेश त्रिपाठी, भाजपा के बाबूलाल तिवारी, सपा से डा.एसके सिंह पटेल समेत कुल 17 प्रत्याशियों ने दावा किया है कि शिक्षकों की लड़ाई व वित्तविहीन शिक्षकों का मानदेय दिला कर दम लेंगे। इधर जनपद के स्थानीय प्रत्याशी भाजपा नेता जगदीश व्यास के मैदान में रहने से भाजपा को नुकसान पहुंचने की संभावना है। लगातार तीन बार से शिक्षक विधायक रह चुके सुरेश त्रिपाठी का कहना है कि वह फिर से चुनाव जीतेंगे। वहीं भाजपा प्रत्याशी बूथ लेबल पर अपनी लड़ाई मजबूत मानकर चल रहे हैं। भाजपा की पूरी फौज उनके साथ खड़ी है। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव का कहना है कि शिक्षक संघ शर्मा गुट हमेशा शिक्षकों की भलाई के लिए लड़ाई लड़ता चला आ रहा है। इसलिए संगठन शिक्षक संघ के प्रत्याशी सुरेश त्रिपाठी के साथ खड़ा है।

# फिर उठायी जालौन नगर को रेलवे मानचित्र पर लाये जाने की मांग

**जालौन ( उरई )।** नगर को रेलवे लाईन से जोड़ने के लिए स्वतंत्रता के बाद से जनता आशा लगाए है। इसके बाद भी अभी तक नगर रेलवे लाइन से नहीं जुड़ पाया है। आगामी बजट में नगर को रेलवे लाइन से जोड़े जाने के लिए बजट उपलब्ध कराने की मांग को लेकर नगर की जनता ने हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र एवं विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के माध्यम से रेलमंत्री व प्रधानमंत्री को भेजा है।

बुंदेलखंड क्षेत्र में जालौन जिले को अति पिछड़े क्षेत्र के रूप में गिना जाता है। आजादी के बाद से अभी तक जालौन नगर रेलवे लाईन से वंचित रहा है। जबकि समय समय पर जनता द्वारा नगर को रेलवे राईन से जोड़े जाने की मांग उठाई जाती रही है। आजादी के बाद प्रथम रेलमंत्री लालबहादुर शास्त्री ने जालौन नगर में आकर नगर को रेलवे लाईन से जोड़े जाने का आश्वासन दिया था। बाद में ममता बनर्जी के समय रेलवे लाईन का सर्वे भी कराया गया। वहीं, समाजसेवी अखिलेश लाक्षाकार, देवी दयाल वर्मा व नगर की जनता की ओर से लगातार नगर को रेलवे लाईन से जोड़े जाने की मांग उठाई जाती रही। इस बार अखिलेश लाक्षाकार ने मुहिम चलाकर नगरवासियों के हस्ताक्षर युक्त मांग प्रधानमंत्री को भेजा है। समाजसेवी गजेंद्र सिंह सेंगर, सामीर अली ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से प्रधानमंत्री व रेलमंत्री को अवगत कराया है कि वर्ष 2016 में नगर की जनता ने क्रमिक अनशन के साथ ही आमरण अनशन किया था।

# शराब के अवैध कारोबारियों के खिलाफ चलायें अभियानः एसपी

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने अपराध समीक्षा बैठक लेते हुए कहा कि अवैध शराब कारोबारियों के विरूद्ध अभियान चलाया जाये। किसी भी सूरत में जिले में अवैध शराब का निर्माण व परिवहन नहीं होना चाहिए। गैंगेस्टर व गुंडा एक्ट में निरूद्ध अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाये। एसपी ने रात्रि गश्त तेज करने के साथ ही महिला अपराधों पर अंकुश लगाने का अधीनस्थों को पाठ पढ़ाया। रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन के सम्मेलन कक्ष में अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षकों के साथ-साथ थाना प्रभारियों व थानाध्यक्षों ने शिरकत की। बैठक की शुरूआत में एसपी ने थानावार विवेचनाओं के निस्तारण की समीक्षा की। जिसमें कई थाना प्रभारी फिसड्डी पाये गये। इस पर एसपी का पारा सातवें आसमान पर रहा। उन्होने कहा कि विवेचनाओं के निस्तारण में किसी तरह की हीलाहवाली नहीं होनी चाहिए।

# पुरानी रंजिश के चलते ग्यारहवीं के छात्र की गोली मारकर हत्या

**राठ( हमीरपुर )।** कोतवाली के कैंथा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर घर के आंगन में पढ़ाई कर रहे 11वीं के छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत पर स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

गांव के निवासी संतोष रैकवार ने बताया कि उसका पुत्र 18 वर्षीय हरिश्चंद्र बसेला गांव के एक इंटर कॉलेज में कक्षा 11वीं का छात्र था। रविवार को वह अपने स्वजनों के साथ खेत पर गया था। शाम करीब 4 बजे उसका पुत्र हरिश्चंद्र घर के आंगन में पढ़ाई कर रहा था। तभी घर में घुसे गांव के ही कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते उस पर फायर झोंक दिया। गोली हरिशचंद के पेट में घुस गई। शोर-शराबा सुन ग्रामीण मौके पर पहुंचे और स्वजन भी आ गये।

स्वजन आनन फानन में खून से लथपथ हरिश्चंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डा.चतुर्भुज सिंह ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता के बताया कि गांव के ही कुछ लोगों से पिछले साल विवाद हुआ था। जिस पर उसने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया था। जिस पर आरोपी रंजिश मानने लगे थे। सीओ पीके सिंह ने पुलिस बल के साथ सीएचसी पहुंच स्वजनों से हालचाल पूछा। पुत्र की मौत पर मां मिथला का रो रोकर बुरा हाल है।

# युवती से छेड़छाड़ करने वाले युवक के घर गरजा बुलडोजर



**बांदा।** नरैनी में युवती के साथ छेड़छाड़ करने वाले युवक के घर गरजा बुलडोजर।पुलिस की मौजूदगी में आरोपी युवक का घर बुलडोजर से ढहाये जाने का कार्य किया गया। पेट्रोल पंप में पिता के साथ बाइक में बैठी पुत्री के साथ मौजूद शोहदों ने छेड़छाड़ कर दी थी।लड़की के साथ हुई छेड़छाड़ का सीसीटीवी फुटेज वायरल हो जाने के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा आरोपी युवक के खिलाफ कोतवाली में छेड़छाड़ की धारा में मुकदमा पंजीकृत करने के बादएआरोपी युवक को जेल भेज दिया गया।जिस पर प्रशासन ने आरोपी युवक के खिलाफशिकंजा कसते हुए बुलडोजर से घर को ढहाए जाने का कार्य किया। बीते दिनों गुढ़ा गांव के बजरंग चौराहे पास मौजूद पेट्रोल पंप में पिता पुत्री एक बाइक में बैठकर घर आ रहे थे रास्ते मे मौजूद पम्प पेट्रोल भरवाने को मुड़ गए।इसी दौरान वहां मौजूद दो युवक भी बाइक में पेट्रोल भरवाने पहुचे।पीछे बाइक में सवार एक युवक गुढ़ा गांव निवासी संदीप उर्फराजन युवती के साथ छेड़छाड़ कर दी।युवक के इस घिनौनी हरकत पूरा वाक्या पम्प में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।सीसीटीवी फुटेज वायरल हो जाने के बाद कोतवाली पुलिस ने पीड़ित पक्ष की ओर से दी गयी तहरीर के आधार पर आरोपी युवक संदीप उर्फराजन दिक्षित के खिलाफधारा 354 के तहत मामला पंजीकृत कर लिया।युवक को कोतवाली पुलिस ने हिरासत में लेने के बाद जेल भेज दिया।इसके बाद रविवार की शाम आरोपी युवक के घर पर पहुची पुलिस ने बुलडोजर से उसका घर ढहाए जाने का कार्य किया।

# बलूचिस्तान: बस खाई में गिरी, 42 की मौत

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के बलूचिस्तान प्रांत में रविवार को एक तेज रफ्तार यात्री बस के पुल के खंभे से टकराकर खाई में गिर जाने से उसमें सवार महिलाओं और बच्चों सहित 42 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लासबेला के सहायक आयुक्त हमजा अंजुम ने बताया कि बस कम से कम 48 यात्रियों को लेकर प्रांतीय राजधानी क्वेटा से सिंध प्रांत की राजधानी और मुख्य शहर कराची जा रही थी। यह बस पुल पर खंभे से टकरा गई और खाई में गिरने के बाद उसमें आग लग गई। अंजुम ने मीडिया को बताया कि यह दुर्घटना लासबेला इलाके में तेज गति के कारण हुई। उन्होंने बताया, बस लासबेला के पास यू-टर्न लेते समय एक पुल के खंभे से टकरा गई और खाई में गिर गई तथा फिर उसमें आग लग गई। अंजुम ने बताया कि अब तक घटना स्थल से 42 शव बरामद हुए हैं। अधिकारी ने बताया कि एक बच्चे और एक महिला सहित केवल तीन लोगों को जिंदा बचाया जा सका। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

अधिकारी ने बताया, हादसे के समय बस में कुल 48 यात्री सवार थे। उन्होंने बताया कि शवों को पहचानना मुश्किल है और इसलिए मृतकों की पहचान के लिए डीएनए जांच की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार



## उत्तरी पेरू में बस हादसा, 25 लोगों की जान गई

**लीमा।** उत्तरी पेरू में शनिवार को एक यात्री बस के खाई में गिर जाने से उसमें सवार कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोरिआंका टूर्स की बस राजधानी लीमा से इक्वाडोर सीमा के पास पेरू के तटीय रेगिस्तान पर स्थित तुंबस शहर की ओर जा रही थी। अधिकारियों के मुताबिक, रविवार तड़के हुई इस दुर्घटना में बस में सवार कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों के अनुसार, हादसे में घायल कुछ यात्रियों की हालत गंभीर है, ऐसे में मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है। उन्होंने कहा कि पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। पेरू के अभियोजक कार्यालय का कहना है कि तेज गति और लापरवाह तरीके से वाहन चलाना पेरू में सड़क दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों में शुमार है।

**न्यूयॉर्क में दुर्घटना में छह की मौत, तीन घायल:** लुइसविली (न्यूयॉर्क)। यूयॉर्क में अमेरिका-कनाडा सीमा के पास एक दर्जन से अधिक लोगों को ले जा रही एक बस और एक ट्रक के बीच टक्कर हो जाने से छह लोगों की मौत हो गई तथा तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घायलों का एक अस्पताल में चल रहा है और उनमें एक की हालत गंभीर है। उनके अनुसार लुइसविली शहर के पास राजमार्ग 37 पर इस बस में 15 लोग सवार थे। उन्होंने टीवी स्टेशन डब्ल्यूडब्ल्यूएनवाई को बताया कि इस दुर्घटना का दृश्य भीषण था। इस टीवी स्टेशन द्वारा जारी की गई तस्वीरों में राजमार्ग के किनारे कुछ फुट उंची बर्फ को देखा जा सकता है। उसने कहा कि शनिवार सुबह करीब छह बजे दुर्घटना हुई और शायद उस समय कम दृश्यता रही होगी। अधिकारियों ने टीवी स्टेशन को बताया कि ट्रक सामानों से पूरी तरह से भरा हुआ था।

## उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में नौका पलटने से 17 छात्रों की मौत, 13 घायल

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में रविवार को झील में नौका पलट जाने से एक मदरसे के कम से कम 17 छात्रों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कोहाट जिले में टांडा डैम झील में नौका पलटने की घटना तब हुई जब मदरसा मीरबाश खेल के छात्र भ्रमण पर निकले थे। अधिकारियों ने कहा कि बचावकर्मियों ने 17 शव बरामद किए हैं। कोहाट के उपायुक्त फुरकान अशरफ ने कहा कि नौका में 30 लोग सवार थे और उनमें से अधिकतर बच्चे थे। इनमें सात और 14 साल के बीच की उम्र के छात्र थे पाकिस्तानी सेना की बचाव टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई हैं, जहां बचाव अभियान संचालित किया जा रहा है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कार्यवाहक मुख्यमंत्री आजम खां ने स्थानीय प्रशासन को प्रभावित परिवारों को आपात राहत मुहैया कराने का निर्देश दिया।

पुलिस और बचाव अधिकारी शवों को बाहर निकालने और उन्हें नजदीकी अस्पतालों में ले जाने में लगे हैं। गृह मामलों के मंत्री राणा सन्नाउल्लाह ने हादसे पर शोक व्यक्त किया और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई।

# सुनक ने पार्टी अध्यक्ष को कर हेराफेरी विवाद में कर दिया बर्खास्त

भाषा। लंदन



**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मंत्रियों से संबंधित आचार संहिता के गंभीर उल्लंघन को लेकर अपनी सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के अध्यक्ष नदीम जहावी को रविवार को बर्खास्त कर दिया। ज़हावी पर आरोप था कि उन्होंने देश के वित्त मंत्री पद पर रहते हुए करोड़ों डॉलर के कर की हेराफेरी की थी। ज़हावी को लिखे एक पत्र में, सुनक ने कहा है कि उन्होंने अपने कार्यकाल की शुरुआत में सरकार में हर स्तर पर ईमानदारी, पेशेवराना व्यवहार और जवाबदेही का वायदा किया था और इसी के तहत वह इस तरह का कदम उठाने को मजबूर हैं।

जहावी ब्रिटिश प्रधानमंत्री सुनक के मंत्रिमंडल में बिना विभाग के मंत्री थे, जो हाल के दिनों में कर चोरी विवाद के मद्देनजर पद छोड़ने को लेकर उस वक्त से भारी दबाव का सामना कर रहे थे जब यह बात सामने आई थी कि उन्होंने राजस्व और सीमा शुल्क विभाग के साथ जुर्माने सहित अन्य मामलों में समझौता किया था। ज़हावी को बर्खास्त करने की विपक्ष की बढ़ती मांगों के बीच सुनक ने इराक में जन्मे पूर्व वित्त मंत्री के कर मामलों की एक स्वतंत्र जांच का आदेश दिया था। सुनक के स्वतंत्र नैतिकता सलाहकार सर लॉरी मैग्नस ने अपना आकलन प्रस्तुत किया था कि क्या राजस्व और सीमा शुल्क विभाग से समझौता मंत्रियों से संबंधित आचार संहिता का उल्लंघन है। ज़हावी को प्रेषित अपने पत्र में सुनक लिखते हैं,"जब मैं पिछले साल प्रधानमंत्री बना, तो मैंने प्रतिज्ञा की थी कि मैं जिस सरकार का नेतृत्व करता हूं, उसमें हर स्तर पर ईमानदारी, पेशेवराना व्यवहार और जवाबदेही होगी" डाउनिंग स्ट्रीट ने यह पत्र जारी किया है। प्रधानमंत्री ने कहा,"स्वतंत्र सलाहकार ने जांच पूरी होने के बाद हम दोनों के साथ निष्कर्ष साझा किए हैं और इस जांच से यह स्पष्ट होता है कि मंत्रियों से संबंधित आचार संहिता का गंभीर उल्लंघन हुआ है। परिणामस्वरूप, मैंने सरकार में आपके पद से हटाने के अपने निर्णय के बारे में आपको सूचित कर दिया है।

उन्होंने कहा कि ज़हावी को "पिछले पांच वर्षों में सरकार में व्यापक उपलब्धियों" पर "बेहद गर्व" होना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से "कोविड-19 वैक्सीन खरीद और तैनाती कार्यक्रम के सफल निरीक्षण" का श्रेय उन्हें दिया। डाउनिंग स्ट्रीट ने सुनक के साथ मैग्नस का पत्राचार भी जारी किया है और इसके अनुसार, मैग्नस ने कहा कि उनका समग्र निर्णय यह था कि "एक मंत्री के रूप में ज़हावी का आचरण उच्च मानकों के अनुरूप नहीं रहा, जैसा कि प्रधानमंत्री के रूप में आप उन लोगों से अपेक्षा करते हैं जो आपकी सरकार में सेवारत हैं इस हफ्ते की शुरुआत में, ज़हावी ने कहा था कि उन्होंने जांच का स्वागत किया है और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के मंत्रियों के हितों से संबंधित स्वतंत्र सलाहकार मैग्नस के समक्ष "इस मुद्दे के तथ्यों की व्याख्या" के लिए उत्सुक हैं। विपक्षी दलों और यहां तक कि कंजर्वेटिव पार्टी के कुछ सदस्यों ने भी कई अनुत्तरित सवालों के बीच ज़हावी से पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ने की मांग की थी। चुनावी वेबसाइट यूगोव के संस्थापक ज़हावी ने कर अधिकारियों के साथ विवाद को स्वीकार किया था।

## ऑस्ट्रेलिया में खो गया रेडियोधर्मी कैप्सूल, तलाश जारी

**पर्थ (ऑस्ट्रेलिया)।** पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के अधिकारी एक छोटे लेकिन जानलेवा रेडियोधर्मी कैप्सूल की तलाश कर रहे है जो खदान से पर्थ शहर के डिपो तक ट्रक से पहुंचाए जाने के दौरान गायब हो गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। आपात सेवाओं के अधिकारियों ने बताया कि उनके पास उपकरणों की कमी है जिसकी वजह से उन्होंने राष्ट्रमंडल और अन्य राज्यों से मदद मांगी है। दमकल और आपात सेवा विभाग ने रेडियोधर्मी उपकरणो का पता लगाने वाले उपकरणों और मेटल डिटेक्टर के साथ अपनी टीमें 36 किलोमीटर लंबे रास्ते पर आठ मिलीमीटर गुणा छह मिलीमीटर आकार के कैप्सूल की तलाश करने के लिए तैनात की है।माना जा रहा है कि यह कैप्सूल न्यूमैन स्थित रियो टिंटो खदान से 1400 किलोमीटर दूर पर्थ के उपनगर मलागा लाने के दौरान ट्रक से कही गिर गया है। अधीक्षक डेरिल रे ने बताया, हम नंगी आंखो से देखकर छोटी सी वस्तु की तलाश करने की कोशिश नही कर रहे हें। उन्होंने बताया कि हम अपनी तलाश उत्तरी पर्थ और रणनीतिक रूप से अहम ग्रेट नॉर्थन हाईवे मे केंद्रित कर रहे है। उन्होंने कहा, हम विकिरण का पता लगाने वाले उपकरण का इस्तेमाल गामा किरणों का पता लगाने में कर रहे है। अधिकारियो ने बताया कि हम ट्रक पर लगी जीपीएस प्रणाली के आंकड़ो को विश्लेषण कर रहे है ताकि पता लगा सके कि वास्तव में वह किस रास्ते से गुजरा और 10 जनवरी के करीब कहां रुका। उन्होंने बताया कि चिंता इस बात की है कि कही ठोस कैप्सूल किसी ट्रक के पहियों में फंस कर तलाशी वाले इलाके से संभावित तौर पर सैकड़ो किलोमीटर दूर न पहुंच जाए।

## तुर्किए ने प्रदर्शनों के मद्देनजर यूरोप के लिए यात्रा चेतावनी जारी की

**इस्तांबुल।** तुर्किए ने शनिवार देर रात यूरोपीय देशो की यात्रा पर जाने वाले अपने नागरिको के लिए यात्रा चेतावनी जारी की। उसने यह कदम इस्लामोफोबिया (इस्लाम को लेकर पूर्वाग्रह) और तुर्क विरोधी प्रदर्शनों के मद्देनजर उठाया है। तुर्किए की चेतावनी पिछले सप्ताहांत स्वीडन में इस्लाम विरोधी कार्यकर्ता द्वारा मुसलमानो की पवित्र किताब जलाने और तुर्किए के खिलाफ कुर्द समर्थक समूहो के विरोध प्रदर्शन के बाद जारी की है। तुर्किए के विदेश मंत्रालय ने अपने नागरिको से अपील की है कि वे सतर्क रहें और प्रदर्शन वाले इलाको मे जाने से बचे। मंत्रालय ने अपने नागरिको से कहा कि द्वेष या घृणा हमले होने की स्थिति मे वे स्थानीय अधिकारियो से संपर्क करें। तुर्किए ने घोर दक्षिण पंथी कार्यकर्ता रासमुस पलुदान द्वारा स्टॉकहोल्म में इस्लाम की पवित्र किताब जलाने और शुक्रवार को कोपेनहेगन मे कृत्य दोहराने की कड़े शब्दो मे निंदा की। तुर्किए ने हेग मे एक अन्य कार्यकर्ता द्वारा पवित्र किताब को फाड़ने की घटना के बाद डच राजदूत को समन किया था।

## कैलिफोर्निया में गोलीबारी में तीन लोगों की मौत, चार घायल : पुलिस

**लॉस एंजिलिस।** लॉस एंजिलिस मे शनिवार तड़के किराए के एक घर मे हुई गोलीबारी मे तीन लोगो की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि बेवर्ली क्रेस्ट इलाके मे दोपहर करीब ढाई बजे गोलीबारी हुई। कैलिफोर्निया मे इस महीने हुई यह कम से कम छठी गोलीबारी की घटना है। लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग के सार्जेंट फ्रैंक प्रीसियाडो ने शनिवार को कहा था कि मारे गए तीन लोग एक वाहन के अंदर थे। पुलिस के प्रवक्ता सार्जेंट ब्रूस बोरिहान ने बताया कि चार घायलो मे दो को निजी वाहनो से अस्पताल ले जाया गया और दो अन्य को एम्बुलेंस द्वारा ले जाया गया। बोरिहान ने बताया कि दो की हालत गंभीर है और दो की हालत स्थिर है। उनकी उम्र और लिंग की पहचान तुरंत जारी नही किए गए। उन्होने बताया कि जांचकर्ता यह पता लगाने की कोशिश कर रहे है कि किराए के घर मे कही कोई पार्टी तो नही थी या किस प्रकार की सभा हो रही थी। बोरिहान ने बताया कि पुलिस को संदिग्धो के बारे मे कोई जानकारी नही है। उनके अनुसार गोलीबारी के बाद जांचकर्ताओ ने साक्ष्य के लिए जगह को खाली करा दिया।

## प्राइमरी में जीत के बाद फिर से चुनाव मैदान में उतरेंगे मालदीव के राष्ट्रपति सोलिह

**माले।** मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी का प्राइमरी चुनाव जीत लिया है और अब वह सितंबर मे होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में फिर से भाग्य आजमाएंगे। सोलिह ने शनिवार रात को पार्टी के प्राइमरी चुनाव मे संसद के स्पीकर एवं पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद को हराया। नशीद ने 30 साल की निरंकुशता के बाद मालदीव को एक बहुदलीय लोकतंत्र मे बदलने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है लेकिन 2018 मे करिश्माई नशीद के स्थान पर पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप मे सोलिह को नामित किया गया था, क्योकि नशीद जेल की सजा के कारण इसके लिए अयोग्य हो गए थे। राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से सोलिह ने राजनीतिक उथल-पुथल के बावजूद देश को काफी हद तक स्थिर किया है।नशीद देश के पहले बहुदलीय चुनाव के दौरान 2008 मे राष्ट्रपति चुने गए थे, लेकिन उन्होने लोगो के विरोध के बीच 2012 मे इस्तीफा दे दिया। उन्होने 2013 मे राष्ट्रपति पद के लिए फिर से चुनाव लड़ा था लेकिन वह हार गए थे। इसके पांच साल बाद वह चुनाव मे खड़े होने के अयोग्य हो गए थे। नशीद मुख्य रूप से सुन्नी मुस्लिम राष्ट्र मे उदार, पश्चिमी विचारो के समर्थक के रूप मे जाने जाते है। इस्लामिक स्टेट के प्रति सहानुभूति रखने वाले एक स्थानीय समूह ने 2021 मे उनकी हत्या का असफल प्रयास किया था। सोलिह राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए अब तक एकमात्र उम्मीदवार है। उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी एवं पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामले मे जेल की सजा काट रहे है।

## ईरान के इस्फ़हान में रक्षा उपकरणों का निर्माण करने वाली कंपनी पर ड्रोन हमला

**दुबई।** ईरान के मध्य शहर इस्फहान मे रक्षा उपकरणों का निर्माण करने वाली एक कंपनी पर शनिवार देर रात ड्रोन हमला हुआ जिसमे परिसर की छत को मामूली नुकसान पहुंचा। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने रविवार तड़के यह जानकारी दी। एजेंसी ने रक्षा मंत्रालय के एक बयान के हवाले से बताया कि इस्फहान मे रक्षा उपकरणो का निर्माण करने वाली एक कंपनी को शनिवार देर रात तीन ड्रोन विमानों के जरिए निशाना बनाया गया। रक्षा मंत्रालय के बयान के मुताबिक, हमले मे कंपनी की छत को मामूली नुकसान पहुंचा और कोई भी घायल नही हुआ। इसमें बताया गया है कि बाद मे ईरान की वायु रक्षा प्रणालियो ने दो ड्रोन को सफलतापूर्वक मार गिराया। हालांकि, ईरानी रक्षा मंत्रालय ने यह नही बताया कि ड्रोन हमले के पीछे किसका हाथ होने का संदेह है। वही, ईरान के सरकारी टेलीविजन चैनल ने कहा कि उत्तर-पश्चिमी शहर तबरीज़ के पास एक औद्योगिक क्षेत्र मे स्थित एक तेल रिफाइनरी मे शनिवार रात भीषण आग लग गई। चैनल ने रिफाइनरी मे आग बुझाने की कोशिश करते दमकल कर्मियो के वीडियो प्रसारित किए। उसने कहा कि आग लगने की वजह फिलहाल पता नही चल सकी है।

## भारत और संयुक्त राष्ट्र की रणनीतिक सोच में समानताएं : कोरोसी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष साबा कोरोसी ने भारत को ग्लोबल साउथ के अग्रणी देशों में से एक के रूप में वर्णित करते हुए कहा है कि दुनिया में बदलाव की जरूरत को लेकर भारत और संयुक्त राष्ट्र की रणनीतिक सोच में काफी समानताएं हैं। कोरोसी विदेश मंत्री एस जयशंकर के निमंत्रण पर तीन दिवसीय दौरे पर रविवार को भारत आएंगे। सितंबर 2022 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें सत्र के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद से यह किसी भी देश की उनकी पहली द्विपक्षीय यात्रा है। कोरोसी ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैं काफी उम्मीदों के साथ भारत की यात्रा कर रहा हूं। उन्होंने कहा, मुझे भारत और संयुक्त राष्ट्र की रणनीतिक सोच में काफी समानताएं दिखती हैं कि दुनिया कैसी दिखनी चाहिए, दुनिया को किस तरह के परिवर्तन की जरूरत है, हम खुद को कैसे बदल सकते हैं, हम इस संगठन को कैसे बदल सकते हैं और हम वैश्विक मामलों में अपने रुख को कैसे बदल सकते हैं। इसलिए, मेरा भागीदारों के लिए मुख्य संदेश होगा-मैं वहां (भारत) सहयोग हासिल करने के लिए जा रहा हूं। जयशंकर के साथ कोरोसी की बातचीत संयुक्त राष्ट्र निकाय के साथ-साथ सतत जल उपयोग के मामले में भारत की भागीदारी पर केंद्रित होने की उम्मीद है। भारत को ग्लोबल साउथ के अग्रणी देशों में से एक बताते हुए कोरोसी ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और ग्रह पर सबसे अधिक आबादी वाला देश बनने के करीब है। उन्होंने कहा, भारत अच्छी तरह से जानता है कि दुनिया बहुत तेजी से बदल रही है। भारत ऐसी कई मुश्किलों से जूझ रहा है, जिनका अलग-अलग रूपों में, पूरी दुनिया में, हम भी सामना कर रहे हैं। भारत अपने स्वयं के समाधान की तलाश कर रहा है और कई मामलों में न केवल अपने लिए, बल्कि कई अन्य देशों के लिए भी।

**धमकी की जांच कर रही है पुलिस:** कोलंबो। श्रीलंकाई पुलिस ने स्वतंत्र निर्वाचन आयोग के सदस्यों को टेलीफोन पर कथित रूप से मिली धमकियों की जांच शुरू की है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता निहाल थल्दुवा ने बताया कि अदालत से टेलीफोन रिकॉर्ड खंगालने के आदेश मिल चुके हैं। उन्होंने बताया कि 19 जनवरी को आयोग के दो सदस्यों एस. बी. दिवारत्ने और के. पी. पथिराना ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्हें इस्तीफा देने के लिए टेलीफोन पर धमकी मिली।

## पोम्पिओ ने की गनी की निंदा, उन्हें धोखेबाज बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने आरोप लगाया है कि अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति अशरफ गनी बहुत धोखेबाज थे, उन्हें सिर्फ अपनी परवाह थी और वह किसी तरह सत्ता में बने रहना चाहते थे और वह किसी भी शांतिवार्ता के लिए बहुत बड़ा अवरोधक थे। गौरतलब है कि 2021 में जब काबुल में तालिबान अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज हो गया था तब गनी देश छोड़कर भाग गए थे। अपनी पुस्तक नेवर गिव एन इंच: फाइटिंग फॉर अमेरिका आई लव में पोम्पिओ ने दावा किया है कि गनी और अफगानिस्तान के पूर्व मुख्य कार्यकारी अब्दुल्ला अब्दुल्ला शीर्षतम स्तर पर भ्रष्टाचार में शामिल थे जिसकी वजह से अगस्त, 2021 में इस युद्ध प्रभावित देश से सफलतापूर्वक बाहर निकलने में अमेरिका को बाधा पहुंची। अमेरिका ने अफगानिस्तान से अपनी सेना वापस बुलाने का काम 31 अगस्त तक पूरा कर लिया था और इस तरह उस देश में 20 साल की उसकी सैन्य उपस्थिति समाप्त हुई थी।

## गोलीबारी की घटनाओं के बाद यहूदी बस्तियों को मजबूत करेगा इजराइल

**यरूशलम।(एपी)** इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने कब्जे वाले पश्चिमी तट पर यहूदी बस्तियों को मजबूत करने की योजना के साथ-साथ फलस्तीनियों के खिलाफ कई दंडात्मक कदमों की घोषणा की है। उन्होंने गोलीबारी की दो घटनाओं में सात इज़राइलियों के मारे जाने और पांच अन्य के घायल होने के बाद यह कदम उठाया है। शनिवार की उनकी इस घोषणा के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की अगले सप्ताह की यात्रा पर संशय के बादल मंडराने लगे हैं तथा इस क्षेत्र में तनाव और बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है। जनवरी 2023 हाल के वर्षों में पश्चिमी तट और पूर्वी यरूशलम में सबसे खूनी महीनों में एक रहा है।

सुरक्षा मामलों पर नेतान्याहू की मंत्रिमंडलीय समिति ने गोलीबारी की दो घटनाओं के मद्देनजर सरकार के दंडात्मक कदमों को मंजूरी दी है। इनमें से एक हमला शुक्रवार रात को हुआ था, जब पूर्वी यरूशलम के एक उपासना स्थल के बाहर गोलीबारी में सात लोगों की जान चली गई थी। नेतान्याहू के कार्यालय ने बताया कि इस समिति ने हमलावरों के मकानों को ध्वस्त करने से पहले उन्हें सील करने को मंजूरी दी। सरकार ने हमलावरों के परिवारों को हासिल सामाजिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य लाभ रद्द करने, इज़राइलियों के लिए हथियार प्राप्त करने की प्रक्रिया को आसान बनाने तथा अवैध हथियारों को जब्त करने के प्रयासों में तेजी लाने की भी योजना बनाई है।अमेरिका ने इज़राइल के इन कदमों पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## चीन ने जापानियों के लिए वीजा सेवा बहाल करने की घोषणा की

**तोक्यो।** चीन ने घोषणा की है कि वह जापानी यात्रियों के लिए वीजा जारी करने की प्रक्रिया रविवार से शुरू कर रहा है। चीन ने अपने नागरिकों के जापान में प्रवेश के लिए सख्त कोविड-19 नियम बनाए जाने के विरोध में जापानी नागरिकों को वीजा जारी करने की प्रक्रिया रोक दी थी और करीब तीन सप्ताह बाद वह इसे बहाल कर रहा है। बीजिंग ने अपने फैसले की घोषणा तोक्यो स्थित चीनी दूतावास की वेबसाइट पर जारी बयान के जरिए की। चीन ने 10 जनवरी को जापान में नए वीजा जारी करने पर रोक लगा दी थी। उसने यह कदम तोक्यो द्वारा दिसंबर के आखिर में चंद्र नववर्ष से पहले चीनी पर्यटकों के देश में आने के लिए अतिरिक्त कोविड जांच अनिवार्य किए जाने के विरोध में उठाया। जापान ने पर्यटकों के लिए पिछले साल अक्टूबर में अपनी सीमाएं खोली थीं और यात्रियों के लिए हवाई अड्डे पर कोविड निगेटिव रिपोर्ट दिखाने के बजाय केवल टीकाकरण प्रमाण पत्र दिखाने की व्यवस्था की थीअ लेकिन दिसंबर में जापान ने चीनी यात्रियों के लिए चीन से रवाना होने से पहले कोविड-19 जांच कराने और संक्रमण मुक्त होने का प्रमाण पत्र पेश करने की शर्त लगा दी थी।

## हसीना के जी-20 सम्मेलन में शामिल होने की उम्मीद



**ढाका।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी के न्योते पर इस साल सितंबर में जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत की यात्रा पर जा सकती हैं। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। भारत ने गत वर्ष एक दिसंबर को आधिकारिक रूप से जी-20 की अध्यक्षता संभाली। भारत इसके तहत पूरे देश में करीब 200 बैठकों की मेजबानी करेगा। जी-20 देशों के नेताओं का अगला शिखर सम्मेलन इस साल नौ और 10 सितंबर को दिल्ली में प्रस्तावित है जिसमें सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष शामिल होंगे। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय में पूरे घटनाक्रम से अवगत एक अधिकारी ने बताया कि जी-20 का सदस्य नहीं होने के बावजूद हसीना बतौर मेहमान इसमें शामिल होंगी। अधिकारी ने बताया, हमारे प्रधानमंत्री के जी-20 सम्मेलन के दौरान अपने समकक्ष से मिलने की संभावना है। संभवत: दोनों शासनाध्यक्षों की यह दोनों देशों में आम चुनाव से पहले होने वाली आखिरी मुलाकात होगी। उन्होंने बताया कि परंपरा के मुताबिक जी-20 की अध्यक्षता करने वाला देश मेहमान देशों और संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व स्वास्थ्य संगठन और विश्व व्यापार संगठन जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों को आमंत्रित करता है। उन्होंने बताया कि मेजबान देश ने दक्षिण एशिया में एकमात्र बांग्लादेश को जी-20 के नौ और 10 सितंबर को होने वाले शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया है। इसके अलावा मिस्र, मॉरीशस, नीदरलैंड, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर, स्पेन और संयुक्त अरब अमीरात को आमंत्रित किया गया है। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि हसीना की नई दिल्ली यात्रा के तहत कई उच्च स्तरीय बैठकें दोनों देशों की राजधानियों में होंगी और भारत के विदेश सचिव विनय क्वात्रा के फरवरी के मध्य में तैयारियों के लिए दो दिवसीय ढाका यात्रा पर आने की संभावना है।

# ट्रंप ने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रचार शुरू किया, कहा-अब और कटिबद्ध

एजेंसी। सालेम (न्यू हैंपशायर)



**अमेरिका** के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना प्रचार अभियान शनिवार को शुरू कर दिया। दो महीने से अधिक समय पहले उन्होंने तीसरी बार राष्ट्रपति चुनाव में किस्मत आजमाने की घोषणा की थी। सालेम के न्यू हैंपशायर में रिपब्लिकन पार्टी की सालाना बैठक में ट्रंप ने पार्टी नेताओं से कहा, राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के तौर पर हम यहां से अपने अभियान की शुरुआत कर रहे हैं। ट्रंप कोलंबिया जाने से पहले सालेम में रुके थे। उन्हें सालेम में रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं को दक्षिण कैरोलाइना की अपनी प्रचार टीम से वाकिफ कराना था। ट्रंप ने कहा, मैं अब और नाराज हूं और पहले की तुलना में (राष्ट्रपित चुनाव के लिए) अधिक कटिबद्ध हूं। ट्रंप और उनके सहयोगियों को आस है कि प्रत्याशी चयन को लेकर अधिक शक्तिशाली प्रांतों में चल रही घटनाएं पूर्व राष्ट्रपति के पीछे की ताकत को प्रदर्शित करेंगी, क्योंकि उनके अभियान की ढीली शुरुआत से राष्ट्रपति पद के चुनाव में उतरने की उनकी कटिबद्धता पर कई लोग सवाल उठाने लगे हैं। अभी सिर्फ ट्रंप ने ही 2024 के राष्ट्रपति चुनाव की उम्मीदवारी के लिए अपनी दावेदारी घोषित की है। फ्लोरिडा के गवर्नर आर डेसैंट्स, पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस, दक्षिण कैरोलाइना की पूर्व गवर्नर निक्की हैली समेत कई संभावित उम्मीदवारों द्वारा आगामी महीनों में अपना चुनाव प्रचार अभियान शुरू करने की उम्मीद है।

इस बीच, ट्रंप ने कहा कि मेम्फिस पुलिस के पांच अधिकारियों द्वारा अश्वेत नागरिक टायर निकोल्स की नृशंस पिटाई का जो वीडियो सामने आया है, वह भयावह है और यह हमला कभी होना ही नहीं चाहिए था। ट्रंप ने शनिवार को एसोसिएटेड प्रेस के साथ एक साक्षात्कार में कहा, मेरा मानना है कि यह भयावह है। वह बड़ी मुश्किल में था। उस पर लात घूसे बरसाए जा रहे थे। बाइडन प्रशासन ने 29 वर्षीय अश्वेत निकोल्स पर किए गए हमले का वीडियो जारी किया था। उस पर लात घूसे बरसाए जा रहे थे। बाइडन प्रशासन ने 29 वर्षीय अश्वेत निकोल्स पर किए गए हमले का वीडियो जारी किया था।इस हमले के तीन दिन बाद उसकी मौत हो गई थी। हालांकि, वर्ष 2020 में ट्रंप के राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान जॉर्ज फ्लायड नामक एक अश्वेत व्यक्ति की पुलिस की कार्वाई में मौत हो जाने के बाद अमेरिका में नस्ली हिंसा के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए थे।

## पाकिस्तान के कई हिस्सों में 6.3 तीव्रता का भूकंप

**इस्लामाबा।** पाकिस्तान के कई हिस्सों में रविवार को 6.3 तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस किया गया। हालांकि, अबतक इससे जानमाल की हानि की कोई खबर नहीं है। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, भूकंप का केंद्र ताजिकिस्तान में सतह से करीब 150 किलोमीटर की गहराई में था। विभाग ने बताया कि भूकंप का ताजा झटका स्थानीय समयानुसार 12 बजकर 54 मिनट पर महसूस किया गया।हालांकि, भूकंप पर नजर रखने वाले स्वतंत्र ट्रैकर यूरोपीय भूमध्य सागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में अटक के करीब आया। रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि तत्काल भूकंप से किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। रेडियो पाकिस्तान के मुताबिक, भूकंप के झटके इस्लामाबाद, रावलपिंडी और देश के अन्य इलाकों में महसूस किए गए।

# नवोन्मेषकों और उनके पेटेंट से साकार होगा तकनीकी दशक बनने का भारत का सपना

**मन की बात**

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने शनिवार को कहा कि देश में घरेलू स्तर पर दाखिल किए जाने वाले पेटेंट की संख्या, विदेशों से दाखिल किए जाने वाले पेटेंट से अधिक हो गई है और उन्हें विश्वास है कि तकनीकी दशक (टेकेड) होने का भारत का सपना इन नवोन्मेषकों के दम पर पूरा होगा। मोदी ने नए साल में अपने पहले मन की बात कार्यक्रम में कहा कि यह देश की बढ़ती वैज्ञानिक क्षमता को रेखांकित करता है। प्रधानमंत्री प्रौद्योगिकियों के विकास वाले इस दशक के लिए तकनीकी दशक शब्द का पहले भी प्रयोग कर चुके हैं। इनमें से बहुत सारी प्रौद्योगिकियां भारत में ईजाद की गई हैं। मोदी ने कहा कि पेटेंट दाखिल करने के मामले में भारत का विश्व में सातवां स्थान है, जबकि ट्रेडमार्क पंजीकरण में वह पांचवें नंबर पर है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में भारत के पेटेंट पंजीकरण में 50 फीसदी की वृद्धि हुई है, जबकि वैश्विक नवोन्मेष सूचकांक (ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स) में भारत 2015 में 80वें स्थान के मुकाबले अब 40वें पायदान पर पहुंच गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे विश्वास है कि तकनीकी दशक बनने का भारत का सपना उसके नवोन्मेषकों और उनके द्वारा दाखिल किए जाने वाले पेटेंट से पूरा होगा। मोदी ने कहा कि प्रतिष्ठित भारतीय विज्ञान संस्थान ने 2022 में 145 पेटेंट कराए हैं, जो एक शानदार मिसाल है। उन्होंने बताया कि देश में रामसर स्थलों (आर्द्रभूमि के लिए एक अंतरराष्ट्रीय मान्यता) की कुल संख्या बढ़कर 75 हो गई है जो 2014 में 26 थी। मोदी ने स्थानीय समुदायों की सराहना करते हुए कहा कि वे जैव विविधता के संरक्षण के लिए प्रशंसा के पात्र हैं। उन्होंने कहा, भारत की ये आर्द्रभूमि भी हमारी प्राकृतिक क्षमता का उदाहरण हैं। ओडिशा की चिल्का झील 40 से अधिक जलपक्षी प्रजातियों को आश्रय देने के लिए जानी जाती है।

ई-कचरे के विषय पर बात करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर इसका ठीक से निपटान नहीं किया जाता है, तो यह पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचा सकता है, लेकिन अगर सावधानी से इसे निपटाया जा,, तो यह पुनः उपयोग की चक्रीय अर्थव्यवस्था (सर्कुलर इकोनॉमी) में एक बड़ी ताकत बन सकता है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि हर साल पांच करोड़ टन ई-कचरा फेंका जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर अब तक बनाए गए सभी वाणिज्यिक विमानों का वजन मिला दिया जाए, तो भी यह ई-कचरे की मात्रा के बराबर नहीं होगा। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि हर सेकेंड 800 लैपटॉप फेंके जा रहे हैं। मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकियों और स्टार्ट-अप के उपयोग ने भारत को वैश्विक रीसाइक्लिंग हब बना दिया है।

मोदी ने कहा कि इस दिशा में अभिनव कार्य करने वाले स्टार्टअप की कोई कमी नहीं है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पद्म पुरस्कार से सम्मानित लोगों में संगीत की दुनिया को मजबूत करने वाले लोगों के अलावा कई आदिवासी या ऐसे लोग शामिल हैं, जो समुदाय के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से विजेताओं के बारे में पढ़ने की अपील की और कहा कि उनकी गाथाएं नई पीढ़ियों को प्रेरित करेंगी। मोदी ने कहा, जिन लोगों के लिए वे काम कर रहे हैं, उनकी संतुष्टि उनके लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है। ऐसे समर्पित लोगों को सम्मानित करने से हमारे देशवासियों का गौरव बढ़ा है।

इंडिया-द मदर ऑफ डेमोक्रेसी किताब की तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीयों को इस बात पर भी गर्व है कि उनका देश लोकतंत्र की जननी है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र भारत के जनमानस की रग-रग और संस्कृति में रचा-बसा है। मोदी ने कहा, इस किताब को पढ़ने के बाद आपको महसूस होगा कि कैसे लोकतंत्र की भावना देश के हर हिस्से में सदियों से बहती आ रही है। प्रधानमंत्री ने योग और मोटे अनाज (मिलेट्स) की बढ़ती स्वीकृति की भी सराहना करते हुए कहा कि भारत के प्रस्तावों पर संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में अपनाया और इस वर्ष को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के रूप में घोषित किया। उन्होंने कहा कि ओडिशा में मोटा अनाज के उद्यम से जुड़े लोग इन दिनों सुर्खियों में हैं। उन्होंने लगभग उन।,500 महिलाओं के स्वयं सहायता समूह का उल्लेख किया जिन्होंने मोटे अनाज से बने कई व्यंजनों का उत्पादन किया है। मोटे अनाज की बढ़ती लोकप्रियता से संबंधित विभिन्न राज्यों में कई अन्य घटनाक्रमों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि वहां से तैयार भोजन देशभर में आयोजित होने वाले विभिन्न जी20 कार्यक्रमों में परोसा जा रहा है।

# मेघालय विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की नहीं होंगी बड़ी रैलियां

**शिलांग।** मेघालय विधानसभा के लिए 27 फरवरी को होने वाले मतदान से पहले प्रचार के लिए कांग्रेस न तो बड़ी रैलियां करेगी और न ही स्टार प्रचारक यहां आएंगे। पूर्वोत्तर राज्य में पार्टी अपना पूरा ध्यान मतदाताओं से जुड़ने में लगाएगी। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने इसकी जानकारी दी। मेघालय प्रदेश कांग्रेस समिति (एमपीसीसी) के अध्यक्ष विंसेंट एच. पाला ने कहा कि हमारे 80 फीसदी उम्मीदवार नए हैं, और पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं, कांग्रेस मतदाताओं के घरों में जाएगी और स्थानीय स्तर पर समुदायों से जुड़ने के लिए छोटी-छोटी रैलियां करेगी, ताकि मतदाता अपने उम्मीदवारों को जान सकें। पाला ने बताया, हमारे पास स्टार प्रचारक नहीं होंगे और बड़ी रैलियां भी नहीं होंगी। इनकी जगह हम राज्य की राजनीतिक परिस्थितियों के हिसाब से योजना बनाएंगे। यहां के लोग अपने उम्मीदवार की पार्टी से ज्यादा उम्मीदवार को जानना पसंद करते हैं। पाला ने कहा कि वह खुद भी अपने चुनाव क्षेत्र सुतंगा-साढ्पुंग विधानसभा क्षेत्र में बड़ी रैलियां नहीं करेंगे। मैं विधानसभा क्षेत्रों में उम्मीदवारों बौर उनके समर्थकों द्वारा आयोजित रैलियों और पार्टी की बैठकों में हिस्सा लूंगा।

कांग्रेस छोड़कर पार्टी के 17 में से 12 विधायकों के तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने की 2021 की घटना को याद करते हुए पाला ने बताया कि कैसे बाकी पांच विधायक पार्टी-विरोधी गतिविधियों के कारण निलंबित किए जाने के बाद कांग्रेस छोड़कर चले गए थे। हालांकि उन्होंने भरोसा जताया कि कांग्रेस के पारंपरिक मतदाताओं ने पार्टी का साथ नहीं छोड़ा है। पाला ने बताया, नेता भले ही चले गए हों और दूसरे राजनीतिक दलों में शामिल हो गए हों, लेकिन मतदाता हमारे साथ हैं। इसपर भरोसा करने के लिए मेरे पास फीडबैक है और दो मार्च को चुनाव परिणाम में भी यह नजर आ जाएगा।

# तेजस्वी और ललन से केसीआर के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कहा है : नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को कहा कि उन्होंने उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और अपनी पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन को तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कहा है। जद (यू) के शीर्ष नेता ने हालांकि जोर देकर कहा कि इसका कांग्रेस के साथ उनके गठबंधन पर असर नहीं पड़ेगा। तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर कांग्रेस को अपने प्रमुख प्रतिद्वंद्वी के तौर पर देखते हैं। समाधान यात्रा के तहत कैमूर के दौरे पर पहुंचे कुमार ने संवाददाताओं को बताया, वह (केसीआर) चाहते थे कि मैं उनके समारोह में शामिल होऊं जब मैंने यहां (प्रदेश में) जरूरी व्यस्तताओं का हवाला देते हुए खुद आ पाने में असमर्थता व्यक्त की, तो उन्होंने अनुरोध किया कि मैं पार्टी से किसी को इसके लिए भेजूं। तो मैंने ललन से पूछा।



कुमार ने यह भी कहा कि केसीआर ने उन्हें राजद से ताल्लुक रखने वाले यादव से भी बात करने को कहा था। बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा, मैंने उन्हें आश्वासन दिया कि मैं ऐसा करूंगा, लेकिन उन्हें उपमुख्यमंत्री से भी बात करनी चाहिए। दोनों (ललन और तेजस्वी) हैदराबाद जाएंगे। इस महीने की शुरुआत में विपक्षी नेताओं की बैठक करने वाले तेलंगाना के मुख्यमंत्री फरवरी के दूसरे सप्ताह में एक और भव्य आयोजन की योजना बना रहे हैं, जब नए सचिवालय भवन के उद्घाटन के लिए एक समारोह आयोजित किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के बाद एक सार्वजनिक सभा होगी। विशेष रूप से, पिछले कार्यक्रम में कुमार की अनुपस्थिति को लेकर कई कयास लगाए गए थे हालांकि बाद में बिहार के मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि उन्हें न तो आमंत्रित किया गया था और न ही वे राज्य से बाहर जाने की स्थिति में थे।

जद(यू) नेता ने उन सुझावों को भी खारिज कर दिया कि गैर-कांग्रेसी, गैर-भाजपा मोर्चे के पक्षधर केसीआर के साथ नजदीकियों का मतलब यह नहीं है कि उन्होंने लोकसभा चुनावों में सत्तारूढ़ दल का मुकाबला करने के लिए एकजुट विपक्ष के विचार को त्याग दिया, जिसमें कांग्रेस भी शामिल हो। कुमार ने कहा, मैंने पहले भी कहा है कि मैं उनकी (भारत जोड़ो) यात्रा के समापन की प्रतीक्षा कर रहा हूं, जिसके बाद विभिन्न दल एक साथ बैठेंगे और एक ऐसा गठबंधन बनाने की संभावना तलाशेंगे, जो अधिक से अधिक लोगों को साथ ले सके।

# टीएमसी ने सरकारी परियोजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए संगीत वीडियो जारी किया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनावों और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएससी) ने जनता से जुड़ने के उद्देश्य से रविवार को एक संगीत वीडियो जारी किया है। टीएमसी की राज्य युवा शाखा की अध्यक्ष सायोनी घोष ने संवाददाताओं को बताया कि राज्य सरकार की सामाजिक कल्याण परियोजनाओं जैसे स्वास्थ्य साथी , खाद्य साथी , स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड और लक्ष्मी भंडार के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए उनकी पार्टी के अभियान के तहत दीदीर सुरक्षा कवच संगीत वीडियो बनाया गया है। उन्होंने कहा, संगीत आम आदमी तक पहुंचने का एक सीधा माध्यम है, जो हमेशा टीएमसी के साथ खड़े होते हैं। पार्टी कार्यकर्ता अगले 60 दिनों में राज्य के सभी घरों में पहुंचकर उन्हें (मुख्यमंत्री) ममता बनर्जी द्वारा शुरू की गई 15 या अधिक सामाजिक कल्याण परियोजनाओं के बारे में बताएंगे। यह वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया जाएगा और हर जगह अभियानों में प्रसारित होगा।

घोष ने कहा कि वीडियो का गीत पार्टी नेताओं के जन-समर्थक रुख को दर्शाता है और राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा विकास पहल की झलक भी प्रस्तुत करता है। नामी संगीतकार जीत गांगुली ने गाने को अपनी आवाज दी है जिसकी पहली दो लाइन है, दीदीर चोखे सुरजो जोखों नटून अलोर खोज, सबर हाटे दीदीर सुरक्षा कवच (ममता बनर्जी ने नई रोशनी, नई सदी दिखाई है, सभी ने अपनी सुरक्षा के लिए उनके द्वारा दिए गए कवच को थामा है। तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी को लोग राज्य में दीदी कहकर संबोधित करते हैं। घोष ने कहा, इस वीडियो को बहुत लगन से बनाया गया है। यही जुनून है जो हमारे सांसदों, विधायकों, पंचायत प्रतिनिधियों और जमीनी कार्यकर्ताओं को लोगों से जोड़ने के लिए प्रेरित करता है जिससे दीदीर दूत (ममता के संदेशवाहक) जरूरतमंद लोगों तक पहुंचते हैं।

घोष ने कहा, बदले में हमें जो मिल रहा है वह प्यार है। यदि वे सड़क की स्थिति या पानी की उपलब्धता के बारे में बात कर रहे हैं, तो ऐसा इसलिए है क्योंकि वे समस्या को हल करने के लिए टीएमसी पर भरोसा करते हैं। टीएमसी नेता बंगाल के विभिन्न हिस्सों में स्थानीय लोगों के प्रदर्शनों संबंधी खबरों का जिक्र कर रही थीं जब दीदीर दूत ने उनसे संपर्क किया था। भाजपा पर कटाक्ष करते हुए घोष ने दावा किया कि भाजपा कभी भी टीएमसी द्वारा शुरू किए गए संपर्क कार्यक्रमों की बराबरी नहीं कर पाएगी। कार्यक्रम में मौजूद टीएमसी के प्रदेश सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ (आईटी सेल) के प्रमुख देबांशु भट्टाचार्य ने कहा कि दीदीर सुरक्षा कवच पार्टी के खेला होबे वीडियो अभियान की तरह लोकप्रिय होगा, जिसे 2021 विधानसभा चुनाव से पहले शुरू किया गया था।

# गुजरात में प्रश्नपत्र लीक होने के बाद कनिष्ठ लिपिक परीक्षा रद्द, 15 गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** कनिष्ठ लिपिकों की भर्ती के लिए रविवार को होने वाली गुजरात सरकार की प्रतियोगी परीक्षा प्रश्नपत्र लीक हो जाने के कारण रद्द कर दी गई। यह परीक्षा शुरू होने के कुछ घंटे पहले रद्द की गई। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने कहा कि गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने वड़ोदरा से इस संबंध में 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। कनिष्ठ लिपिक के।,181 पदों के लिए राज्य भर के 2,995 केंद्रों पर होने वाली परीक्षा के वास्ते 9.53 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था।

गुजरात पंचायत सेवा चयन बोर्ड ने एक बयान में कहा कि पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर एक संदिग्ध को हिरासत में लिया और रविवार सुबह होने वाली परीक्षा के प्रश्नपत्र की एक प्रति बरामद की, जिसके बाद गुजरात पंचायत सेवा चयन बोर्ड (जीपीएसएसबी) ने उम्मीदवारों के व्यापक हित में परीक्षा को स्थगित करने का फैसला किया। राज्य पंचायत विभाग के विकास आयुक्त संदीप कुमार ने पत्रकारों को बताया कि परीक्षा अगले 100 दिन में आयोजित की जाएगी। गुजरात एटीएस के एक अधिकारी ने कहा कि वड़ोदरा से इस सिलसिले में 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया क्योंकि एजेंसी पिछले कुछ दिनों से संदिग्धों पर कड़ी नजर रख रही थी। उन्होंने कहा कि राज्य एटीएस ने इसके लिए काफी सक्रिय रुख अपनाया, ताकि परीक्षा निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित हो सके। गुजरात एटीएस के पुलिस अधीक्षक सुनील जोशी ने कहा, हमने 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। वे एक संगठित गिरोह का हिस्सा हैं, जो विभिन्न राज्यों में सक्रिय है।

बोर्ड ने अभ्यर्थियों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया और घोषणा की कि परीक्षा जल्द से जल्द नए सिरे से आयोजित की जाएगी, जिसके लिए बोर्ड एक नया विज्ञापन जारी करेगा। इस बीच, रविवार को दूर-दराज के क्षेत्रों से परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे अभ्यर्थियों ने घटनाक्रम पर रोष जताया। पुलिस के अनुसार, कांग्रेस की छात्र इकाई नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के सदस्यों ने सड़कों को जाम कर दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। पुलिस के अनुसार उनमें से कई को राज्य के विभिन्न हिस्सों में हिरासत में लिया गया।

कुछ नाराज अभ्यर्थियों ने पेपर लीक के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की मांग की। व्यवस्था बनाए रखने के लिए परीक्षा केंद्रों और बस स्टैंड पर पुलिस की तैनाती की गई। इस संबंध में एक अभ्यर्थी ने कहा, नियमित रूप से हो रही पेपर लीक की घटनाओं के कारण अभ्यर्थी अपने भविष्य को लेकर असहाय और अनिश्चित महसूस करते हैं। सरकार को ध्यान रखना चाहिए कि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो। हम दूर-दराज से यात्रा करके और दिक्कतों के बीच यहां तक पहुंचे और पता चला कि परीक्षा रद्द कर दी गई है। पंचायत विभाग के विकास आयुक्त संदीप कुमार ने कहा कि स्थगित प्रतियोगी परीक्षा अब अगले 100 दिन में होगी। जीपीएसएसबी जल्द ही अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तारीखों के साथ-साथ स्कूल और कॉलेज की परीक्षाओं की तारीखों को ध्यान में रखते हुए नई परीक्षा तिथि की घोषणा करेगा। उन्होंने कहा, बोर्ड द्वारा यह भी निर्णय लिया गया है कि अगली परीक्षा के लिए अभ्यर्थी अपने पहचान पत्र (कॉल लेटराहॅाल टिकट) के आधार पर परीक्षा केंद्रों से आने-जाने के लिए गुजरात राज्य परिवहन की बसों में निःशुल्क यात्रा कर सकेंगे।

कुमार ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में, बोर्ड ने 21,000 पदों को भरने के लिए 30 लाख से अधिक अभ्यर्थियों को शामिल करते हुए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन किया है। उन्होंने कहा, इन परीक्षाओं में पूरी सुरक्षा, सतर्कता और देखभाल के साथ पारदर्शी तरीके से अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। राज्य में विपक्षी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्वाई की मांग की। आप की गुजरात इकाई के अध्यक्ष इसुदान गढ़वी ने मांग की कि सरकार राज्य में पेपर लीक मामलों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन करे। गढ़वी ने संवाददाताओं से कहा, एसआईटी के अलावा, हम मांग करते हैं कि सरकार विधानसभा के आगामी बजट सत्र में पेपर लीक के खिलाफ एक सख्त कानून लाए।

# लव जिहाद के खिलाफ दक्षिणपंथी संगठनों ने मुंबई में निकाला मार्च

**मुंबई।** दक्षिणपंथी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने लव जिहाद के खिलाफ रविवार को मध्य मुंबई में एक विशाल रैली निकाली और धर्मांतरण रोधी कानून बनाने और धर्म के नाम पर जमीन हड़पने वालों के खिलाफ कार्वाई की मांग की। आरएसएस, बजरंग दल और विश्व वीएचपी जैसे दक्षिणपंथी संगठनों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मार्च निकाला। सकल हिंदू समाज द्वारा आयोजित हिंदू जन आक्रोश मार्च, मध्य मुंबई में दादर के शिवाजी पार्क से शुरू हुआ और चार किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करते हुए परेल के कामगार मैदान में समाप्त हुआ। कार्यकर्ताओं ने ٌलव जिहादٌ के खिलाफ नारेबाजी की और धर्मांतरण रोधी कानून बनाने और धर्म के नाम पर जमीन हड़पने पर कार्वाई की मांग की। रैली में भाजपा और मुख्यमंत्री शिंदे के शिवसेना गुट के कई नेता और विधायकों ने भी हिस्सा लिया। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए मार्च के रास्ते में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था।



श्रीनगर में एनआईए टीम हुर्रियत कांफ्रेंस के आफिस में जांच करने पहुंची।

# आरएसएस के पदाधिकारी देवबंद, मुस्लिम आध्यात्मिक नेताओं से मुलाकात करेंगे

**भाषा।** नई दिल्ली

**मुसलमान समुदाय** तक पहुंच बढ़ाने के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रयासों के तहत संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी आगामी दिनों में देवबंद और बरेली के मुस्लिम आध्यात्मिक नेताओं से मुलाकात करेंगे और उनके साथ विभिन्न विवादास्पद मुद्दों पर चर्चा करेंगे। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि मुलाकात के लिए तारीख आपसी सहमति से तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि केरल में वरिष्ठ मुस्लिम आध्यात्मिक नेताओं के साथ भी जल्द ही एक बैठक होगी। इससे पहले 14 जनवरी को भी संघ के सदस्यों ने मुस्लिम आध्यात्मिक नेताओं से मुलाकात की थी और काशी एवं मथुरा में मंदिर और घृणा पैदा करने वाली सामग्री एवं भाषण सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की थी।

इससे पहले संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने पिछले साल 22 अगस्त को समुदाय के पांच प्रमुख सदस्यों के साथ मुलाकात की थी। सूत्रों ने बताया कि अगस्त की बैठक दिल्ली के पूर्व उपराज्यपाल नजीब जंग के आवास पर हुई थी और आरएसएस का प्रतिनिधित्व करने वालों में सह सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल, राम लाल और इंद्रेश कुमार भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान उन्होंने काशी और मथुरा मंदिर के मुद्दों का सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने पर बात की थी। बैठक में अजमेर दरगाह के सलमान चिश्ती के अलावा जमात-ए-इस्लामी हिंद और जमीयत उलमा-ए-हिंद सहित प्रमुख मुस्लिम निकायों के प्रतिनिधि मौजूद थे। सूत्रों ने बताया कि दोनों पक्ष बातचीत की प्रक्रिया जारी रखने और विवादित मुद्दों का सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने पर सहमत हुए थे।

# धर्मांतरण मामले की पांच-सदस्यीय संविधान पीठ से सुनवाई की मांग को लेकर न्यायालय में नई अर्जी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में एक नई अर्जी दायर कर आग्रह किया गया है कि कथित जबरन धर्मांतरण से जुड़े मामलों को पांच-सदर्स्यीय संविधान पीठ के समक्ष रखा जाए, क्योंकि इनमें संविधान की व्याख्या शामिल है। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन-सदर्स्यीय पीठ सोमवार को कई राज्यों के धर्मांतरण विरोधी कानूनों के खिलाफ विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली है। ए कानून अंतर-धार्मिक विवाहों के कारण धर्मांतरण और कथित जबरन धर्मांतरण से संबंधित मामलों का नियमन करते हैं। नई अर्जी वकील अश्विनी उपाध्याय ने दायर की है, जो पहले से याचिका दायर करने वालों में शामिल हैं। उन्होंने यह कहते हुए याचिकाओं को एक बड़ी पीठ को भेजने का अनुरोध किया है कि इसमें कानून के कई प्रश्न शामिल हैं, जिनकी संविधान के दायरे में व्याख्या की आवश्यकता है।

शीर्ष अदालत ने 16 जनवरी को विभिन्न राज्यों के धर्मांतरण विरोधी कानूनों को चुनौती देने वाले पक्षकारों से इस मुद्दे पर विभिन्न उच्च न्यायालयों से शीर्ष अदालत में मामलों को स्थानांतरित करने के लिए एक आम याचिका दायर करने को कहा था। इसने एक पक्ष की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से सभी याचिकाओं को उच्च न्यायालयों से शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने के लिए एक आम याचिका दायर करने को कहा था। शीर्ष अदालत ने वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे की दलीलों का संज्ञान लिया था कि उपाध्याय द्वारा दायर याचिकाओं में से एक, ईसाइयों और मुसलमानों पर आक्षेप लगाती है और उपाध्याय की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अरविंद दातार को आपत्तिजनक अंश हटाने के लिए एक औपचारिक याचिका दायर करने के लिए कहा था।

दातार ने हालांकि कहा कि वह कथित सामग्री पर जोर नहीं दे रहे हैं। कथित जबरन धर्म परिवर्तन के खिलाफ उपाध्याय की याचिका पहले न्यायमूर्ति एमआर शाह की अगुवाई वाली एक अन्य पीठ द्वारा सुनी जा रही थी, जिसे हाल ही में सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ को स्थानांतरित कर दिया गया था।

एक मामले में पीठ की सहायता कर रहे अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा था कि उच्च न्यायालयों को स्थानीय कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई जारी रखने की अनुमति दी जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा था कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष कम से कम पांच, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के समक्ष सात, गुजरात और झारखंड उच्च न्यायालयों के समक्ष दो-दो, हिमाचल प्रदेश के समक्ष तीन और कर्नाटक एवं उत्तराखंड उच्च न्यायालयों के समक्ष एक-एक याचिका थी।

# मिराज का पूरा फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर मिला, सुखोई का आधा

**भाषा।** मुरैना (मप्र)

मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में एक दिन पहले दुर्घटनाग्रस्त हुए भारतीय वायुसेना के दो लड़ाकू विमानों (एक सुखोई-30 एमकेआई और एक मिराज-2000) में से एक विमान का पूरा फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (ब्लैक बॉक्स) मिला है, जबकि दूसरे विमान के फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर का आधा हिस्सा ही मिला है। यह जानकारी एक अधिकारी ने रविवार को दी। भारतीय वायु सेना की टीमों ने पहाड़गढ़ के जंगली क्षेत्र का अध्ययन और निरीक्षण किया, जहां शनिवार को ए दो लड़ाकू विमानों का मलबा गिरा था। मालूम हो कि मुरैना जिले में शनिवार को भारतीय वायुसेना के ए दो लड़ाकू विमान एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे जिसमें मिराज विमान के पायलट विंग कमांडर हनुमंत राव सारथी की मौत हो गई, जबकि सुखोई विमान के दो पायलट विमान से सुरक्षित बाहर निकल गए थे और उन्हें घायल अवस्था में एक सैन्य अस्पताल ले जाया गया था।

मुरैना जिले के पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने फोन पर पीटीआई-भाषा को बताया, मिराज का ब्लैक बॉक्स मुरैना जिले के पहाड़गढ़ इलाके में मिला है। सुखोई विमान के ब्लैक बॉक्स का आधा हिस्सा भी पहाड़गढ़ इलाके में मिला है। हो सकता है कि इसके ब्लैक बॉक्स का शेष हिस्सा पहाड़गढ से सटे राजस्थान के भरतपुर में गिरा होगा। उन्होंने कहा, भारतीय वायुसेना, पुलिस और अन्य लोग सुखोई के फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर के शेष हिस्से की तलाश कर रहे हैं। फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर एक छोटी मशीन है जो उड़ान के दौरान एक विमान के बारे में जानकारी रिकॉर्ड करती है और इसका उपयोग दुर्घटना के कारणाकारणों का पता लगाने के लिए किया जाता है।

पहाड़गढ़ इलाके के पुलिस निरीक्षक धर्मेंद्र गौर ने कहा कि जिस जंगली इलाके में इन दोनों विमानों का मलबा गिरा, उसकी घेराबंदी कर दी गई है। उन्होंने कहा, यहां तक कि पुलिस को भी घेराबंदी क्षेत्र में जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। वायुसेना के अधिकारी वहां मौजूद हैं। मीडिया कर्मियों को भी क्षेत्र में जाने की अनुमति नहीं है। गौर से जब पूछा गया कि क्या मृतक पायलट की पत्नी पहाड़गढ़ आकर मलबे वाली जगह का दौरा कर सकती हैं तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, वायुसेना इस मामले को देख रही है और जहां इन विमानों का मलबा गिरा है, उस इलाके की घेराबंदी की गई है एवं वायुसेना ने इस इलाके को अपने कब्जे में लिया है।

रक्षा विशेषज्ञों ने कहा था कि यह संभव है कि रूस में डिजाइन किए गए सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान और फ्रांसीसी मिराज-2000 के बीच आसमान में टक्कर हुई हो, लेकिन भारतीय वायुसेना की ओर से इस पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई। अधिकारियों के अनुसार, हादसे की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

# विंग कमांडर हनुमंत सारथी का बेलगावी में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

**बेलगावी (कर्नाटक)।** मध्य प्रदेश में सुखोई-30एमकेआई और मिराज-2000 विमान दुर्घटना में मरने वाले विंग कमांडर हनुमंत राव सारथी का अंतिम संस्कार पूरे सैन्य सम्मान के साथ कर दिया गया। मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में शनिवार को एक प्रशिक्षण मिशन के दौरान भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के दो अग्रिम पंक्ति के लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गए, जिसमें विंग कमांडर सारथी की मौत हो गई थी, जबकि दो अन्य पायलट सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। तिरंगा में लिपटे सारथी के पार्थिव शरीर को वायुसेना के एक विशेष विमान से मुरैना से बेलगावी लाया गया और बाद में उसे गणेशपुर स्थित उनके घर ले जाया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री बी. एस. एदियुरप्पा और कांग्रेस विधायक लक्ष्मी हेब्बलकर सहित कई लोगों ने पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर दिवंगत को श्रद्धांजलि दी। उसके बाद शाम को पूरे सैन्य सम्मान के साथ पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। मध्य प्रदेश के ग्वालियर स्थित टैक्टिक्स एंड एयर कॉम्बैट डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट (टीएसी-डीई) के प्रशिक्षक विंग कमांडर सारथी के पैतृक आवास पर लोग शोकाकुल नजर आए। उनके असामयिक निधन से परिजन व रिश्तेदार दुखी हैं। पैंतीस-वर्षीय पायलट के परिवार में उनकी पत्नी, तीन साल की बेटी और एक साल का बेटा है। आईएएफ अधिकारी सारथी के पिता रेवानसिद्दप्पा सारथी एक सेवानिवृत्त मानद कप्तान हैं और जबकि उनके भाई प्रवीण सारथी सेवारत ग्रुप कैप्टन हैं।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 30 जनवरी, 2023





# बेल बजाकर योगी ने किया भारत-न्यूजीलैंड मैच का शुभारंभ

## गुब्बारे उड़ाकर किया उद्घाटन, कुछ देर रुककर मैच का लिया आनन्द

● इकाना स्टेडियम में मैच से पहले दोनों टीमों के कप्तानों से मिले मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारत** रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को सीएम योगी ने बेल बजाकर भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए दूसरे टी.20 इंटरनेशनल मैच का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व भारतीय खिलाड़ी और मैच के रेफरी जवागल श्रीनाथ एवं भारतीय टीम के पूर्व कोच एवं कॉमेंटेटर रवि शास्त्री ने भी बेल बजायी। इससे पहले सीएम योगी ने इकाना स्टेडियम में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या और न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर से भी मुलाकात की। इस दौरान दोनों कप्तानों ने सीएम योगी को पुष्प गुच्छ भेंट किया। मैदान पर ही सीएम योगी ने गुब्बारे उड़ाकर मैच का उद्घाटन किया और फिर बेल बजायी। इस दौरान स्टैंड में बैठे दर्शकों ने भी शोर मचाकर सीएम का स्वागत किया तो सीएम ने भी दर्शकों का अभिवादन किया। इसके बाद सीएम योगी ने वीआईपी स्टैंड में बैठकर कुछ देर तक मैच का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर सीएम योगी के साथ पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्माए सीएम के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयलए प्रमुख सचिव सीएमए गृह एवं सूचना संजय प्रसादए अपर मुख्य सचिव खेल नवनीत सहगलए डीजीपी देवेंद्र सिंह चौहान और लखनऊ की मंडलायुक्त रोशन जैकब समेत तमाम बड़े अधिकारी उपस्थित रहे।



## यूएई में तीन मैचों की टी20 श्रृंखला खेलेगा अफगानिस्तान

**दुबई ( भाषा )।** अफगानिस्तान तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए अगले महीने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का दौरा करेगा जिसका पहला मैच 16 फरवरी को खेला जाएगा। इस श्रृंखला का आयोजन इन दोनों देशों के क्रिकेट बोर्ड के बीच आपसी समझौते के तहत किया जा रहा है। इस समझौते पर पिछले साल नवंबर में हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौते के तहत अमीरात क्रिकेट बोर्ड अफगानिस्तान को अपने घरेलू मैचों के आयोजन के लिए सभी तरह की सुविधाएं भी उपलब्ध कराएगा। अफगानिस्तान ने यूएई के खिलाफ होने वाली टी20 श्रृंखला के लिए स्टार स्पिनर राशिद खान की अगुवाई में 22 सदस्ईय टीम का चयन किया है। श्रृंखला के मैच 16, 18 और 19 फरवरी को खेले जाएंगे।

# इकाना में अंतिम ओवर तक चला रोमांच

टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच

**भाषा।** लखनऊ

**स्पिनरों** की फिरकी के जादू से भारत ने रविवार को यहां कम स्कोर वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला।-। से बराबर कर दी। न्यूजीलैंड के 100 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने सूर्यकुमार यादव (31 गेंद में नाबाद 26, एक चौका) की मैच की सर्वश्रेष्ठ पारी और कप्तान हार्दिक पंड्या (20 गेंद में नाबाद 15, एक चौका) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 31 रन की अटूट साझेदारी से 19.5 ओवर में चार विकेट पर 101 रन बनाकर जीत दर्ज की। सूर्यकुमार मैच में 20 रन के आंकड़े को छूने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे।

गेंदबाजों के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगता है कि भारतीय सरजमीं पर पहली बार किसी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान कोई छक्का नहीं लगा। पूरे मैच में सिर्फ 14 चौके लगे जिसमें से आठ भारतीय बल्लेबाजों ने जबकि छह न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने लगाए। मैच में स्पिनरों ने 30 ओवर डाले जो इस प्रारूप में नया विश्व रिकॉर्ड है। भारतीय स्पिनरों युजवेंद्र चहल (चार रन पर एक विकेट), दीपक हुड्डा (17 रन पर एक विकेट), वाशिंगटन सुंदर (17 रन पर एक विकेट) और कुलदीप यादव (17 रन पर एक विकेट) ने मिलकर 13 ओवर में 55 रन पर चार विकेट चटकाए जिससे न्यूजीलैंड की टीम आठ विकेट पर 99 रन ही बना सकी जो इस प्रारूप में टीम इंडिया के खिलाफ उसका सबसे कम स्कोर है। अर्शदीप सिंह (सात रन पर दो विकेट) ने भी दो विकेट चटकाए। न्यूजीलैंड की ओर से कप्तान मिशेल सेंटनर ने सर्वाधिक नाबाद 19 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए शुभमन गिल (11) और इशान किशन (19) की जोड़ी को स्पिनरों ने परेशान किया। इशान को तेजी से स्पिन होती गेंद के खिलाफ परेशानी हो रही थी लेकिन गिल ने जेकब डफी और सेंटनर पर चौके मारे। गिल हालांकि माइकल ब्रेसवेल की गेंद को हवा में खेलकर डीप स्क्वायर लेग पर फिन एलेन को कैच दे बैठे। इशान ने ब्रेसवेल पर चौका जड़ा और राहुल त्रिपाठी के साथ मिलकर पावर प्ले में स्कोर एक विकेट पर 29 रन तक पहुंचाया। इशान ने ग्लेन फिलिप्स पर भी चौका मारा जबकि त्रिपाठी ने ईश सोढ़ी का स्वागत चौके के साथ किया। इशान हालांकि नौवें ओवर में गैरजरूरी दूसरा रन लेने की कोशिश में रन आउट हुए। भारत के 50 रन 11वें ओवर में पूरे हुए लेकिन त्रिपाठी इसी ओवर में सोढ़ी की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर डेरिल मिशेल को आसान कैच दे बैठे।




वाशिंगटन सुंदर 10 रन बनाने के बाद सूर्यकुमार यादव के साथ गलतफहमी का शिकार होकर रन आउट हुए। भारत को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 27 रन की जरूरत थी। अगले दो ओवर में नौ रन बने जिससे भारत को अंतिम तीन ओवर में 18 रन की दरकार थी। पंड्या ने 19वें ओवर में लॉकी फर्ग्युसन पर चौके के साथ दबाव कम किया। अंतिम ओवर में भारत को छह रन चाहिए थे और गेंद ब्लेयर टिकनर के हाथों में थी। पहली तीन गेंद पर सिर्फ दो रन बने। तीसरी गेंद पर सूर्यकुमार भाग्यशाली रहे जब गेंदबाज ने अपनी ही गेंद पर उनका कैच टपका दिया। सूर्यकुमार ने हालांकि पांचवीं गेंद पर चौके के साथ भारत को जीत दिला दी। इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और टीम ने पांचवें ओवर में 28 रन तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों फिन एलेन (11) और डेवोन कॉनवे (11) के विकेट गंवा दिए। चौथे ओवर में लेग स्पिनर चहल की गेंद को रिवर्स स्वीप करने की कोशिश में एलेन चूक गए और गेंद उनके पिछले पैर से टकराकर विकेटों में समा गई। अगले ओवर में वाशिंगटन की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश में कॉनवे ने विकेटकीपर इशान किशन को आसान कैच थमाया। न्यूजीलैंड ने पावर प्ले में दो विकेट पर 33 रन बनाए। कप्तान हार्दिक पंड्या (25 रन पर एक विकेट) ने अगले ओवर में गेंद कामचलाऊ स्पिनर हुड्डा को थमाई और उनकी ऑफ स्पिन गेंद को रिवर्स स्वीप करने की कोशिश में ग्लेन फिलिप्स (05) भी बोल्ड हो गए। मार्क चैपमैन (14) और डेरिल मिशेल (08) कुछ देर विकेट पर डटे रहे लेकिन कुलदीप यादव ने 10वें ओवर की अंतिम गेंद पर मिशेल को बोल्ड करके न्यूजीलैंड का स्कोर चार विकेट पर 48 रन कर दिया। पारी के 13वें ओवर में चैपमैन ने भी हुड्डा की गेंद को रिवर्स स्वीप किया जो शॉर्ट थर्डमैन पर कुलदीप के पार पहुंची। चैपमैन रन लेने के लिए आगे निकल आए और कुलदीप के थ्रो पर इशान ने उन्हें आसानी से रन आउट कर दिया। माइकल ब्रेसवेल (14) और सेंटनर ने छठे विकेट के लिए 20 रन की पारी की दूसरी सर्वश्रेष्ठ साझेदारी की। पंड्या ने 17वें ओवर में ब्रेसवेल को फाइन लेग पर अर्शदीप के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। अर्शदीप ने अगले ओवर में ईश सोढ़ी (01) और लॉकी फर्ग्युसन (00) को पवेलियन भेजा।

# जर्मनी ने बेल्जियम को हराकर तीसरी बार हॉकी विश्व कप जीता




**भाषा।** भुवनेश्वर


**जर्मनी** ने वैश्विक हॉकी में बेल्जियम के पिछले पांच साल के दबदबे को खत्म करते हुए दो गोल से पिछड़ने के बार एक बार फिर शानदार वापसी कर रविवार को यहां गत चैंपियन टीम को पेनल्टी शूट आउट में हराकर तीसरी बार एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व का खिताब जीत लिया।

रोमांचक फाइनल में नियमित समय के बाद दोनों टीम 3-3 से बराबर थी लेकिन इसके बाद जर्मनी की टीम ने खचाखच भरे कलिंग स्टेडियम में सडन डेथ में 5-4 से जीत दर्ज की। जर्मनी के लिए नियमित समय में निकलास वेलेन (29वें मिनट), गोंजालो पेइलाट (41वें मिनट) और कप्तान मैट्स ग्रेमबुश (48वें मिनट) ने गोल दागे। गत चैंपियन बेल्जियम की ओर से फ्लोरेंट वेन ओबेल फ्लोरेंट (10वें मिनट), टेंगास कोसिन्स (11वें मिनट) और टॉम बून (59वें मिनट) में गोल दागे। मौजूदा टूर्नामेंट में यह तीसरा मौका है जब जर्मनी ने 0-2 से पिछड़ने के बाद जीत दर्ज की जो टीम की मानसिक मजबूती और कभी हार नहीं मानने के रवैए का परिचायक है। जर्मनी ने इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में भी दो गोल से पिछड़ने के बाद जीत दर्ज की थी। जर्मनी ने इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड की बराबरी करते हुए अपने विश्व खिताब की संख्या को तीन तक पहुंचाया। जर्मनी ने इससे पहले 2002 और 2006 में भी खिताब जीते थे।

पुरुष हॉकी विश्व कप में सर्वाधिक खिताब जीतने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के नाम दर्ज है जिसने चार बार यह खिताब अपने नाम किया है। बेल्जियम ने मैच में शानदार शुरुआत की। वेन ओबेल ने 10वें मिनट में ही मैदानी गोल दागकर बेल्जियम को बढ़त दिलाई जबकि अगले ही मिनट में कोसिन्स ने स्कोर 2-0 कर दिया। बेल्जियम के पास दूसरे क्वार्टर के पहले मिनट में स्कोर 3-0 करने का मौका था लेकिन जर्मनी के गोलकीपर एलेक्जेंडर स्टेडलर ने पेनल्टी कॉर्नर पर गॉथियर बोकार्ड के प्रयास को नाकाम किया। जर्मनी के टॉम ग्रेमबुश ने 19वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल करने का मौका गंवाया। वेलेन ने पेनल्टी कॉर्नर वेरिएशन पर गोल दागकर जर्मनी को वापसी दिलाई। मध्यांतर के समय बेल्जियम टीम की 2-। से आगे थी। जर्मनी ने 40वें मिनट में बराबरी करने का मौका गंवाया लेकिन पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ पेइलाट ने अगले ही मिनट में गोल दागकर स्कोर 2-2 कर दिया। कप्तान मेट्स ग्रेमबुश ने चौथे क्वार्टर के तीसरे मिनट में जर्मनी को मैच में पहली बार बढ़त दिलाई। जब लग रहा था कि जर्मनी की टीम नियमित समय में जीत दर्ज कर लेगी तब बून ने 59वें मिनट में गोल दागकर स्कोर बराबर कर दिया।

## कप्तान ब्रिंकमैन चमके, नीदरलैंड ने आस्ट्रेलिया को 3-1 से हराकर कांस्य पदक जीता

**भुवनेश्वर ( भाषा )।** कप्तान थिएरी ब्रिंकमैन के दो गोल की मदद से नीदरलैंड ने रविवार को यहां आक्रामक प्रदर्शन करते हुए दुनिया की नंबर एक टीम आस्ट्रेलिया को 3-। से हराकर एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप में कांस्य पदक जीत लिया। ब्रिंकमैन ने 35वें और 40वें मिनट में दो गोल किए जबकि टीम के लिए एक अन्य गोल पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ जिप जानसेन ने 33वें मिनट में दागा। आस्ट्रेलिया के लिए एकमात्र गोल पेनल्टी कॉर्नर विशेष जेरेमी हेवार्ड ने 13वें मिनट में दागा। नीदरलैंड ने इस तरह लगातार चौथी दफा पोडियम स्थान हासिल किया और टीम इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा पदक जीतने के मामले में आस्ट्रेलिया के बराबर हो गई है। नीदरलैंड और आस्ट्रेलिया दोनों के अब विश्व कप के 15 चरण में 10-10 पदक हैं। नीदरलैंड की टीम 2010 में तीसरे स्थान पर रही थी जबकि 2014 और 2018 में उप विजेता बनी थी। उसने 1973, 1990 और 1998 में स्वर्ण पदक जीता था। तीन बार की चैम्पियन आस्ट्रेलिया के लिए 1998 चरण के बाद यह पहला मौका है जब वह बिना पदक स्वदेश लौटेगी। 1998 में टीम चौथे स्थान पर रही थी। पिछले चरण में उसने यहां कांस्य पदक जीता था।



## जोकोविच ने 10वां आस्ट्रेलियाई ओपन और 22वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीता

**मेलबर्न ( एपी )।** सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच ने रविवार रात यहां रॉड लेवर एरीना में पुरूष एकल फाइनल में स्टेफानोस सिटसिपास को 6-3 7-6(4) 7-6(5) से हराकर 10वीं आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियनशिप और 22वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीत लिया। जोकोविच ने मैच के दौरान कुछ महत्वपूर्ण मौकों पर काफी अच्छा खेल दिखाया और इस जीत से वह एटीपी रैंकिंग में फिर से शीर्ष पर पहुंच जाएंगे। अब हार्डकोर्ट टूर्नामेंट में उनकी जीत की लय 28 मैच की हो गई है। एक साल पहले वह आस्ट्रेलियाई ओपन में नहीं खेल पाए थे क्योंकि उन्हें कोविड-19 का टीकाकरण नहीं करवाने के कारण देश से निर्वासित कर दिया गया था। लेकिन तब से सरकार की पांबदियां कम हो गई हैं और इस 35 साल के खिलाड़ी को टीकाकरण नहीं करवाने के बावजूद इस बार वीजा मिल गया। जोकोविच के नाम पहले ही नौ आस्ट्रेलियाई ओपन ट्राफियां जीतने का रिकॉर्ड था जिसमें उन्होंने एक और खिताब जोड़ दिया।

उनकी 22 मेजर चैम्पियनशिप में सात विम्बलडन, तीन अमेरिकी ओपन और दो फ्रेंच ओपन की ट्राफियां शामिल हैं। अब वह टेनिस इतिहास में सबसे ज्यादा 22 ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले रफेल नडाल के साथ बराबरी पर पहुंच गए हैं।

# नागपुर टेस्ट में खेल सकते हैं हैंड्सकोंब

**सिडनी ( भाषा )।** आस्ट्रेलियाई मुख्य कोच और चयनकर्ता एंड्रयू मैकडोनल्ड ने संकेत दिया कि टीम नौ फरवरी से भारत के खिलाफ शुरू हो रही श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट में पीटर हैंड्सकोंब को शामिल करने पर विचार कर रही है।

कैमरन ग्रीन अगर श्रृंखला के लिए समय पर नहीं उबर पाते हैं तो आस्ट्रेलिया हैंड्सकोंब की स्पिन खेलने की काबिलियत को देखते हुए मध्यक्रम में उन्हें मैदान पर उतार सकता है। आल राउंडर ग्रीन ऊंगली में फ्रेक्चर से उबर रहे हैं जिनके साथ हैंड्सकोंब को भी टीम में चुना गया है। मैकडोनल्ड ने सिडनी मार्निंग हेराल्ड से कहा, वह वास्तव में काफी महत्वपूर्ण खिलाडी है। पिछले कुछ समय में यह साफ दिख चुका है कि वह स्पिन को बेहतर ढंग से खेलता है। हैंड्सकोंब और ग्रीन चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले नॉर्थ सिडनी में बोन एंड्रयूज ओवल में स्पिन खेलने के लिए बनाई गई पिच पर बल्लेबाजी अभ्यास कर रहे हैं ताकि भारत में परिस्थितियों से सांमजस्य बिठा सकें। इस सीरीज से विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल क्वालीफिकेशन तय होगा।

हैंड्सकोंब 2017 में भारत के पिछले दौरे पर भी टीम के साथ थे, साथ ही वह टीम में विकेटकीपर का विकल्प भी मुहैया कराते हैं। उन्होंने कहा, वह धीमी पिचों पर शील्ड क्रिकेट में काफी रन जुटा चुका है। वह विकेटकीपिंग भी कर लेता है, इसलिए इससे हमें जोश (इंग्लिस) के नहीं होने पर हर विकल्प मिलता है और अगर एलेक्स कैरी को कुछ भी होता है तो हमारे पास विकल्प हैं। उन्होंने कहा, हमें उसमें दाएं हाथ के बल्लेबाज का महत्वपूर्ण विकल्प मिलता है। हमारी टीम में काफी बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं इसलिए उन्हें शामिल करने का यह महत्वपूर्ण विकल्प है। अगर कैमरन ग्रीन पहले टेस्ट के लिए फिट नहीं हो पाते हैं तो हमें लगता है कि हमारे पास कुछ अच्छे विकल्प हैं।

# चेक गणराज्य की जोड़ी ने जीता आस्ट्रेलियाई ओपन का महिला युगल खिताब

**एपी।** मेलबर्न

**चेक** गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा और बारबोरा क्रेजिसकोवा ने रविवार को यहां जापान की शुको आओयामा और एना शिबहारा को 6-4, 6-3 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला युगल का खिताब जीता। चेक गणराज्य की जोड़ी ने इस जीत से ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंटों में अपना विजय अभियान 24 मैच तक पहुंचा दिया है। यह उनका सातवां ग्रैंडस्लैम युगल खिताब है। उन्होंने दोनों सेट के शुरुआती गेम में जापानी जोड़ी की सर्विस तोड़ी। चेक गणराज्य की जोड़ी ने पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन में महिला युगल का खिताब जीता था। सिनियाकोवा ने खिताबी जीत के बाद कहा, मेरी जोड़ीदार बारबोरा का बहुत-बहुत आभार। मुझे बहुत खुशी है कि हम फिर से खिताब जीतने में सफल रहे। यह सफर शानदार रहा है। आओयामा और शिबहारा की जोड़ी 10वीं बार फाइनल में खेल रही थी लेकिन किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में यह उनका पहला फाइनल था। शिबहारा ने कहा, यह बेहद करीबी मुकाबला था लेकिन निश्चित तौर पर हमारी विरोधी टीम ने अच्छा खेल दिखाया। यह अलग तरह का अनुभव था।




# जीपी इलेवन ने जीती ट्रॉफी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रथम सुपर** सिक्स चैलेंजर ट्रॉफी के फइनल मैच का आयोजन सहारा स्टेट जानकीपुरम ग्राउंड पर खेला गयाएफाइनल मुकाबले में क्रिकेट बडीज क्लब को जीपी इलेवन ने नौ विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। क्रिकेट बडीज के कैप्टन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लियाए शैलेन्द्र ने ताबातोड़ 57 रन बनाए औरसौरभ की 48 रनो की सधी हुई पारी की बदौलत क्रिकेट बडीज ने 164 रन का लक्ष्य रखाएजीपी इलेवन की ओर से संजय सिंह और अमित ने किफायती गेंदबाजी करते तीन तीन विकेट लिए।जवाब में जीपी इलेवन ने सनी और हिमांशु की शानदार बल्लेबाजी के बदौलत आसानी से लक्ष्य का पीछा करते हुए 19 ओवर और तीन गेंदो में आवश्यक रन बना लिए।सनी ने नाबाद 80 और हिमांशु ने नाबाद 68 रनो की पारी खेली। सनी की शानदार बल्लेबाजी के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार प्रदान किया गया।फाइनल मैच में मुख्य अतिथि इमरानुल हक् क्रीड़ा अधिकारी पावर कारपोरेशन और एस एम अरशद (सचिव पूर्वांचल क्रिकेट एसोसिएशन) ने खिलाड़ियों को पुरुस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों का हौसला अफ्जाई किया। टूर्नामेंट में मैन ऑफद सीरीज अमित सिंहएबेस्ट बैट्समैन हिमांशु और बेस्ट बॉलर पियूष रहे।

